आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी 11:10 तक उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 7 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 136, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



परिवहन क्षेत्र बड़े बदलाव से गुजर रहा 14

भारत-रूस में विश्वास और समझ अनुकरणीय 12

## राष्ट्रपति ट्रंप से नाराज मस्क ने बनाई अपनी राजनीतिक पार्टी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- अमेरिका में दो पक्षीय प्रणाली को चुनौती देगी नई 'अमेरिका पार्टी'
- मस्क बोले-अमेरिका के लोगों को वापस दिलाएंगे उनकी आजादी

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मतभेद के बाद अमेरिका के लोगों को उनकी आजादी वापस दिलाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई है। मस्क ने 'एक्स' पर घोषणा की कि उन्होंने देश में दो-पक्षीय प्रणाली को चुनौती देने के लिए 'अमेरिका पार्टी' का गठन किया है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए आज 'अमेरिका पार्टी' का गठन किया गया है। टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है तो हम लोकतंत्र में नहीं, एक पार्टी प्रणाली में होते हैं। मस्क ने हालांकि यह नहीं बताया कि पार्टी कहां पंजीकृत हो सकती है। कानूनी रूप से पार्टी बनाने के लिए उसका संघीय चुनाव आयोग (एफईसी) में पंजीकरण कराना होता है। सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि एफईसी की हालिया फाइलिंग में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है।

# बर्मिंघम में इंग्लैंड को हरा टीम इंडिया ने रचा इतिहास



इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद यादगार के तौर पर स्टंप निकालते भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल।

## दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 336 रन से हराया

बर्मिंघम, एजेंसी

- बर्मिंघम में इंग्लैंड को हराने वाली एशिया की पहली टीम भी बनी भारत

भारत ने रविवार को दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 336 रन से हराकर बर्मिंघम में इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने पहली बार बर्मिंघम में एजबेस्टन मैदान पर क्रिकेट टेस्ट मैच जीता है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। बर्मिंघम में शुभमन गिल की कप्तानी में टेस्ट जीतने वाली टीम इंडिया एशिया की पहली टीम भी बन गई है।

भारत ने कप्तान शुभमन गिल के दोनों पारियों में शतक (269 रन और 161 रन) की मदद से इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में मेजबान टीम 271 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए और दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन पर घोषित की। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए थे। आकाश दीप (पहली पारी में चार विकेट और दूसरी पारी में छह विकेट) ने मैच में 10 विकेट, जबकि मोहम्मद सिराज (पहली पारी में छह और दूसरी पारी में एक विकेट) सात विकेट झटके। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लंदन में शुरू होगा।

### एक नजर

#### गुजरात से आप विधायक चैतर वसावा गिरफ्तार

**राजपीपला।** गुजरात से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा को नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा में एक तालुका पंचायत पदाधिकारी पर कथित हमले के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को वसावा के निर्वाचन क्षेत्र डेडियापाड़ा के अंतर्गत प्रांत कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान हुई। वसावा को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया।

#### आज रक्षा लेखा सम्मेलन की शुरुआत करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी।

#### मजीठिया को दो हफ्ते की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मोहाली।** आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को आज भारी सुरक्षा के बीच मोहाली जिले की एक अदालत में पेश किया गया। मजीठिया को उनकी चार दिन की रिमांड खत्म होने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें 19 जुलाई तक नई नाभा जेल में रखने का आदेश दिया गया है।

# साल भर लें जंगल सफारी का मजा, खुला रहेगा फाटो जोन

## मुख्यमंत्री धामी ने किया ढेला, झिरना व फाटो पर्यटन जोन का भ्रमण

- कहा-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास में जुटी है सरकार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में फाटो पर्यटन जोन इस बार से मानसून में भी यानी 12 महीने खुलेगा। पर्यटक पूरे साल यहां वाइल्ड लाइफ और जंगल सफारी का आनंद ले पाएंगे।

रविवार को मुख्यमंत्री ने कॉर्बेट पार्क के ढेला और झिरना के अलावा तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन का भ्रमण किया। रामनगर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू सेंटर का भी निरीक्षण किया जहां वर्तमान में 11 टाइगर तथा 13 लेपर्ड हैं। उन्होंने कहा कि इस रेस्क्यू सेंटर को और अधिक विकसित करने हेतु भारत सरकार स्तर पर प्रस्ताव भेजा जा रहा है। उन्होंने ढेला एवं फाटो रेंज का भ्रमण करने के उपरांत कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता और वाइल्ड लाइफ अपने आप में मनमोहक है, जो अपनी ओर बार-बार यहां खींच लाती है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नेचर गाइडों एवं जिप्सी चालकों के अनुरोध पर फाटो पर्यटन जोन को साल भर खोले जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पर्यटन जोन खुलने से पर्यटकों के वन्य जीवों के आनंद लेने की मंशा तो पूरी होगी ही, साथ ही नेचर गाइड व जिप्सी चालकों को भी रोजगार बराबर मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्तमान में सीटीआर में 100 से अधिक जिप्सियां संचालित हो रही हैं जिससे लोगों को रोजगार मिल रहा है। यह रोजगार का बेहतर माध्यम है। गत वर्षों में यहां 25 करोड़ रुपये से अधिक का रोजगार स्थानीय लोगों को मिला है। सरकार का प्रयास है कि यहां पर्यटन की गतिविधियों को और अधिक बढ़ाया जाए। प्रदेश में एंग्लिंग, राफ्टिंग सहित अन्य साहसिक पर्यटन गतिविधियों को सरकार द्वारा बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में पर्यटन के अनेक मार्ग और अधिक संख्या में खुलेंगे। इस दौरान विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, निदेशक कॉर्बेट रिजर्व डॉ. साकेत बडोला मौजूद रहे।



कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन जोन का भ्रमण करते मुख्यमंत्री धामी।

#### वनकर्मियों के साथ पैदल गश्त

**रामनगर।** मुख्यमंत्री धामी ने ढेला रेस्क्यू सेंटर के निरीक्षण के दौरान कहा कि, सेंटर को और अधिक विकसित करने के प्रयासों के तहत भारत सरकार को प्रस्ताव भेजकर अनुरोध किया जा रहा है। वन कर्मचारियों से भी मुख्यमंत्री ने बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना। अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर वनकर्मी भी काफी खुश नजर आए। सीएम ने वन जीवों की सुरक्षा के लिए सीटीआर कर्मियों की ओर से ऑपरेशन मानसून के दौरान की जा रही पैदल गश्त में प्रतिभाग कर वन कर्मियों का हौसला बढ़ाया। भ्रमण के दौरान सीएम लालढांग चौड़ में वॉच टावर पर पहुंचे। यहां उनके द्वारा सीटीआर में वन्य जीव सुरक्षार्थ की जा रही गश्त के बारे में जानकारी ली गई।

## भारत में रॉयटर्स का एक्स अकाउंट बंद

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स का 'एक्स' अकाउंट भारत में कानूनी मांग के कारण बंद हो गया है। सोशल मीडिया मंच के एक नोटिस में यह जानकारी दी गई।

- सरकार ने कहा-हम कंपनी के संपर्क में जल्द सुलझेगा मामला

हालांकि, सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि खाते को बंद करने का कोई कानूनी अनुरोध नहीं किया गया और वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए 'एक्स' के साथ काम कर रहे हैं। रॉयटर्स का 'एक्स' अकाउंट जल्द ही बहाल होने की संभावना है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत सरकार की ओर से रॉयटर्स पर रोक लगाए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है और हम समस्या के समाधान के लिए 'एक्स' के साथ लगातार काम कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैकड़ों अन्य अकाउंट के साथ-साथ रॉयटर्स के 'एक्स' अकाउंट को भी अवरुद्ध करने की मांग की गई थी। हालांकि, कई खातों को भारत में अवरुद्ध कर दिया गया था लेकिन तब रॉयटर्स के अकाउंट को बंद नहीं किया गया था।

ऐसा प्रतीत होता है कि एलन मस्क के स्वामित्व वाली 'एक्स' ने अब उस अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए भारत में रॉयटर्स के 'एक्स' खाते को अवरुद्ध कर दिया है।

### एनएमसी ने मेडिकल संकाय नियमों में दी ढील

## गैर-शिक्षण विशेषज्ञ भी अस्पतालों में बन सकेंगे एसोसिएट प्रोफेसर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकारी अस्पतालों में 10 साल का अनुभव होना आवश्यक
- दो वर्ष के अनुभवी भी कर सकेंगे सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य

राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) के नए नियमों के अनुसार सरकारी अस्पतालों में 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले गैर-शिक्षण विशेषज्ञों या परामर्शदाताओं को अब एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, जबकि दो वर्ष का अनुभव रखने वाले सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य कर सकते हैं, हालांकि अब उनके लिए सीनियर रेजिडेंट होना अनिवार्य नहीं है। नए नियमों में यह प्रावधान भी है कि 220 से अधिक बिस्तरों वाले गैर-शिक्षण सरकारी अस्पतालों को अब शिक्षण संस्थान के रूप में नामित किया जा सकेगा।

पिछले नियमों के तहत गैर-शिक्षण चिकित्सकों को 330 बिस्तरों वाले उन गैर-शिक्षण अस्पतालों में दो साल के बाद सहायक प्रोफेसर बनने की अनुमति दी गई थी, जिन्हें मेडिकल कॉलेजों में परिवर्तित किया जा रहा था। हाल ही में अधिसूचित चिकित्सा संस्थान विनियम, 2025 में कहा गया है कि 220 बिस्तरों वाले सरकारी अस्पताल में न्यूनतम दो वर्ष के अनुभव के साथ पीजी मेडिकल डिग्री रखने वाला एक गैर-शिक्षण परामर्शदाता या विशेषज्ञ सीनियर रेजिडेंट के रूप में अनुभव की आवश्यकता के बिना सहायक प्रोफेसर बनने के लिए पात्र होगा और उसे नियुक्ति के दो वर्ष में जैव चिकित्सा अनुसंधान में बुनियादी पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

#### संकाय सदस्यों की संख्या बढ़ाना उद्देश्य

आयोग ने कहा कि एनएमसी के तहत पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (पीजीएमईबी) द्वारा लाए गए इन नियमों का उद्देश्य पात्र संकाय सदस्यों की संख्या बढ़ाना और पूरे भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक (एमबीबीएस) और स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) सीटों के विस्तार की सुविधा प्रदान करना है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है।

## पुलिस ने हरिद्वार से बरामद की तीन करोड़ की स्मैक, पैडलर गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- कांवड़ मेले में बेचने के लिए मुजफ्फरनगर से पहुंची थी खेप

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले हरिद्वार की थाना बहादराबाद पुलिस ने नशा तस्करी पर तगड़ा प्रहार करते हुए करीब डेढ़ किलो स्मैक के साथ एक पैडलर को गिरफ्तार किया है। यह स्मैक कांवड़ मेला यात्रा में खपाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से लाई गई थी। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब तीन करोड़ बताई जा रही है।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने रविवार को बताया कि, कांवड़ मेले की तैयारियों के मद्देनजर पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक बहादराबाद नरेश राठौड़ की टीम ने पथरी पावर हाउस के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से एक थैले में संदिग्ध वस्तु, डिजिटल तराजू और लाल रंग के पाउडर का पैकेट बरामद हुआ। जांच में वह संदिग्ध वस्तु स्मैक निकली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद मुर्सलीन (27) पुत्र शौकीन अली निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना जनपद मुजफ्फनगर हाल निवासी सलेमपुर थाना रानीपुर हरिद्वार बताया।

#### कई जिलों में तस्करी

एसएसपी के अनुसार, स्मैक तस्कर मुर्सलीन ने पूछताछ में बताया कि वह हरियाणा, सोनीपत, सहारनपुर सहित वेस्ट यूपी के कई जिलों में स्मैक की तस्करी करता है। इस बार कांवड़ मेले में स्मैक बेचने के इरादे से हरिद्वार आया था। उसने पुलिस से बचने के लिए स्मैक में लाल रंग मिलाया था जिससे वह पहचान में न आए और वह कामयाब हो जाए, लेकिन लाल रंग ने पुलिस के मन में शक पैदा किया।

## सेलेबी की याचिका पर आज फैसला संभव

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट तुर्किए की कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुना सकता है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन पहले तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया था और पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी।

- तुर्किए की इस कंपनी की रद्द है सुरक्षा मंजूरी

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 23 मई को मामले में दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर जमीन पर रखरखाव और माल ढुलाई टर्मिनल संबंधी कार्यों की देखरेख करती हैं।

केंद्रीय प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विमानन सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व खतरे की ओर इशारा करते हुए कार्रवाई का बचाव किया।

## एसटीएफ ने दिल्ली से दबोचा करोड़ों रुपये ठिकाने लगाने वाला इंटरनेशनल ठग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- चीनी गैंग के मास्टरमाइंड सीए अभिषेक के खिलाफ जारी था एलओसी
- 40 से ज्यादा शेल कंपनियों में 750 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन

**अमृत विचार :** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी सफलता मिली है। शेल कंपनिया बनाकर करोड़ों रुपये ठिकाने लगाने के आरोपी चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अभिषेक अग्रवाल पुत्र सतीश अग्रवाल निवासी अशोक विहार, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी था। 40 से ज्यादा छद्म कंपनियों के बैंक खातों में 750 करोड़ से ज्यादा का लेनदेन सामने आया है। कई कंपनियों में चीन के नागरिक सह निदेशक हैं।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में अभिषेक ने खुलासा किया कि वह चीन के गिरोह के संपर्क में था और उसने चीनी मास्टरमाइंडों के लिए फर्जी शेल कंपनियां बनाकर बैंक खाते खोले थे।

पेशे से सीए अभिषेक ने 40 से ज्यादा शेल कंपनियां बनाईं, जिनमें 13 उसके नाम पर और 28 कंपनियां उसकी पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गईं। इनमें कई कंपनियों में सह निदेशक चीनी नागरिक निकले जिनमें पांच के नाम सामने आए हैं।

#### कई बार कीं विदेश यात्राएं

एसएसपी के अनुसार, अभिषेक कई बार विदेश जा चुका है। चीन, हांगकांग आदि देशों से संचालित फर्जी लोन एप्स के माध्यम से भारतीय नागरिकों को टारगेट किया जाता था और करोड़ों रुपयों का लेनदेन किया जाता था। अभिषेक के खिलाफ देश के कई राज्यों में शिकायतें दर्ज हैं। अभिषेक ने जिन चीनी नागरिकों की जानकारी दी है, उनके संबंध में संबंधित राज्यों की पुलिस से संपर्क करने के साथ भारत सरकार और इंटरपोल के माध्यम से पत्राचार किया जा रहा है। (**शेल कंपनियों का इंद्रजाल, अरबों का मायाजाल-पेज 2**)

## सावधान : 4 जिलों में भूस्खलन की चेतावनी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- जीएसआई ने आज और कल के लिए जताया पूर्वानुमान, हाई अलर्ट
- टिहरी, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में अत्यधिक बारिश की आशंका

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (जीएसआई) ने टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली में आज और कल के लिए भूस्खलन का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसके बाद चेतावनी व हाई अलर्ट जारी करते हुए शासन स्तर से संबंधित जिलाधिकारियों को सावधानी बरतने को कहा गया है।

रविवार को उप सचिव प्रदीप मोहन नौटियाल द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि 7 और 8 जुलाई को चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग और ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी के घनसाली, नरेंद्र नगर और धनौल्टी सब डिवीजन तथा उत्तरकाशी के डुंडा और चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में भूस्खलन होने की आशंका है। मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा टिहरी, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में बहुत भारी वर्षा होने की आशंका जताई गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून ने सभी विभागों को इस दौरान हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

**विडंबना** लखीमपुर खीरी के पसगवां ब्लॉक का एक ताल है सई का उद्गम स्थल, इसके पेट से निकाल दिया नेशनल हाईवे, सई को प्रतीक्षा है एक और भगीरथ की

## उद्गम पर ही दम तोड़ गई सई नदी, कभी राम ने लगाई थी डुबकी

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** 'मैं त्रेता युगीन सई नदी और भैंसटा नाला की जन्मदात्री हूं। मेरे उद्गम स्थल पर कभी पक्षियों का कलरव होता था। प्यास चाहे खेतों की हो या पशुओं की, मैं बड़े प्रेम से बुझाती थी। अब मैं जलविहीन हो गई हूं... मृतप्राय-सी हूं... इसलिए भी कि मेरे अस्तित्व को बनाए रखने के लिए कभी कोई कोशिश नहीं हुई। अब मैं केवल 1000 हेक्टेयर में सिमट कर रह गई हूं। सूख जाने पर मुझे तो टुकड़ों में कब्जा किया गया है...।'



सूखा पड़ा सई नदी का उद्गम स्थल। ● अमृत विचार

यह आत्मकथात्मक दर्द त्रेतायुगीन सई नदी के उद्गम स्थल का है। ये दर्दे-बयां उस सई का है, जिसके बारे में कहा जाता है कि रावण के वध के बाद अयोध्या लौटते समय मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने इसी में नहा कर खुद को पवित्र किया था। श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास भी कहते हैं- 'सई उतरि गोमती नहाए...।' प्रकृति के साथ खिलवाड़ के बढ़ते सिलसिले में जितना अन्याय सई नदी के उद्गम स्थल के साथ हुआ है, शायद और कहीं नहीं मिलेगा। यहां उद्गम स्थल के बीच में ही लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे-30 का बाईपास भी बना दिया गया है। नदी के उद्गम स्थल परधूल उड़ रही है। प्रशासनिक उपेक्षा व अतिक्रमण के कारण जलस्रोत खत्म हो गए हैं। झाबर और भैंसटा के बीच हाईवे आने से धारा टूट गई। इसका रकबा कई गांवों में फैला हुआ है। किसानों ने सैकड़ों बीघा जमीन खेतों में मिला लिया है। रही सही कसर खनन ने पूरी कर दी है। बहरहाल, सई को एक भगीरथ की जरूरत है।

#### क्या यही है सई नदी का उद्गम स्थल

खीरी के पसगवां से लगभग 715 किमी का सफर तय कर जौनपुर के राजघाट पर गोमती नदी में मिलने वाली सई नदी के उद्गम स्थल को लेकर भी अलग-अलग मान्यता है। कुछ लोग सई का उद्गम हरदोई जिले के भिजवान झील को बताते हैं, लेकिन भिजवान झील में 54 किमी का सफर तय करके मिलने वाले भैंसटा नाले का उद्गम पसगवां ब्लॉक में पनई और अल्लीपुर के झाबर में है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के नदी जल पर्यावरण विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. व्यंकटेश दत्ता सई का मूल उद्गम स्थल इसी पनई अल्लीपुर झाबर को बताते हैं।

> सई के उद्गम स्थल पर जैव विविधता बहुत समृद्ध थी, लेकिन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की अजबापुर चीनी मिल के जेसीबी मशीन से अनधिकृत रूप से गहरी खुदाई करने के कारण इसमें एक बूंद भी पानी नहीं बचा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर एक जीवंत वेटलैंड को मार दिया गया।
> – **हरेंद्र वर्मा**, पर्यावरण प्रेमी

> उद्गम स्थल वेटलैंड का चिह्नांकन किया जाए। इसमें जलस्रोत और जलभराव का कार्य किया जाए। इस उद्गम स्थल के स्रोतों को जीवंत करने की जरूरत है। इसके बारे में अवगत कराया था, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप प्रशासनिक सहयोग नहीं मिला। इसमें जनजागरण की भी जरूरत है। –**डॉ. वेंकटेश दत्ता**, डॉ. बीआर आंबेडकर विवि, लखनऊ

### कारोबार को बढ़ावा देने के लिए जिला पर्यटन विभाग ने भेजा प्रस्ताव, रोपवे निर्माण की संभावनाएं तलाशने लगी सरकार

# अब नैनीताल से कैंची धाम की यात्रा होगी आसान

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** बाबा नीब करोरी के भक्तों और नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए जल्द ही एक और बड़ी सुविधा मिलने की संभावना है। अब पर्यटक नैनीताल से कैंची धाम तक का सफर रोपवे के माध्यम से तय कर सकेंगे। जिला पर्यटन विभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रस्ताव तैयार कर राज्य पर्यटन विभाग को भेज दिया है।

रोपवे निर्माण के लिए संभावित मार्ग, लागत और पर्यावरणीय पहलुओं का अध्ययन प्रस्ताव में शामिल किया गया है। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि नैनीताल होटल एसोसिएशन और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों की ओर से लंबे समय से यह मांग की जा रही थी कि बाबा नीब करोरी महाराज के प्रसिद्ध कैंची धाम तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक और सुविधाजनक मार्ग विकसित किया जाए। वर्तमान में नैनीताल से कैंची धाम की दूरी सड़क मार्ग से करीब 17 किलोमीटर है, जिसे तय करने में पर्यटकों को काफी समय लगता है। खासकर भीड़भाड़ वाले दिनों में। अगर सहमति बन गई तो कैंची धाम की दूरी मात्र 3 किलोमीटर रह जाएगी। जिससे नीब करोली बाबा के दर्शन करने साथ उनकी यात्रा साहसिक और रोमांचकारी होगी।





### भौगोलिक और तकनीकी सर्वे जल्द

रोपवे के लिए संभावित रूट नैनीताल के हनुमानगढ़ क्षेत्र से कैंची धाम तक प्रस्तावित किया गया है। यह क्षेत्र भौगोलिक रूप से उपयुक्त माना जा रहा है,यह कैंची धाम के काफी करीब है और यहां से सीधा मार्ग बनाना संभव हो सकता है।

### प्रकृति और आस्था का संगम

प्रस्तावित रोपवे मार्ग से पर्यटक प्रकृति के मनोरम दृश्यों का आनंद लेते हुए कैंची धाम तक की यात्रा कर सकेंगे। यात्रा रोमांच व आध्यात्म का अद्वितीय संगम होगी। रोपवे से पहाड़ों, जंगलों और घाटियों का विहंगम दृश्य देखने का अनुभव मिलेगा।

### पर्यटन कारोबार को मिलेगा नया आयाम

पर्यटन अधिकारी भंडारी ने बताया कि प्रस्तावित रोपवे परियोजना से न सिर्फ श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राहत मिलेगी, बल्कि नैनीताल का पर्यटन व्यवसाय भी एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। इस परियोजना से नैनीताल में रुकने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और होटल व्यवसाय, टैक्सी सेवाओं, स्थानीय हस्तशिल्प और खानपान से जुड़े कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। यह रोपवे विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा, जोकि बाबा नीब करोरी महाराज के भक्त हैं।

### पर्यावरणीय स्वीकृति और लागत

परियोजना की लागत का आकलन अभी किया जा रहा है, लेकिन शुरुआती अनुमान के अनुसार यह करोड़ों रुपये में हो सकता है। क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संवेदनशील है, इसलिए रोपवे निर्माण से पहले वन एवं पर्यावरण विभाग की मंजूरी आवश्यक होगी। प्रस्ताव में सुनिश्चित किया गया है कि कार्य से जैवविविधता और स्थानीय पारिस्थितिकी को नुकसान न हो। यदि सरकार इस योजना को मंजूरी देती है, तो यह पर्यटन ढांचे में ऐतिहासिक पहल साबित हो सकती है।

# 40 फॉरेस्ट डिवीजनों में होगा फलदार पौधों का रोपण : धामी

- मुख्यमंत्री ने कहा-मानव-वन्य जीव संघर्ष हमारे लिए बड़ी चुनौती
- पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के लिए की सीटीआर में जंगल सफारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानव-वन्य जीव संघर्ष हमारे लिए बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस मानसून काल में प्रदेश के सभी 40 फॉरेस्ट डिविजनों में फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे ताकि वन्य जीव, जंतुओं को जंगल से बाहर न आना पड़े और उन्हें जंगल में उनका भोजन मिले, जिससे मानव-जीव संघर्ष भी कम होंगे।

रविवार को मुख्यमंत्री ने कॉर्बेट पार्क के ढेला और झिरना के अलावा तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन का भ्रमण किया। सीएम ने कहा कि, जिम कॉर्बेट रिजर्व (सीटीआर) एक विख्यात स्थान है। यहां अनेक वाइल्ड लाइफ, जैव विविधता है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन महत्वपूर्ण है। यहां अपार संख्या में पर्यटक आते हैं, इससे अत्यधिक संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है।

मुख्यमंत्री ने सीटीआर का भ्रमण करने के पश्चात 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अपनी माता बिशना देवी के नाम पार्क के भीतर एक फलदार पौध का रोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आह्वान किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत इस मानसून में राज्य में जंगलों में फलदार पौध लगाए जाएंगे। इस हेतु उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि वह इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में फलदार पौधों का रोपण कर सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इस वर्ष से शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ की गई जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा इसे प्रोत्साहित किया गया।

इस हेतु उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में चार धाम सहित अन्य सभी धार्मिक, पर्यटन यात्राओं में इस बार पर्यटकों की अपार संख्या बढ़ी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा भी प्रारंभ हो गई है।



ढेला में अपनी माता के नाम पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार



रामनगर में पर्यटन जोन में हाथियों को केले खिलाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# पर्यटक बढ़े.. लड़खड़ा गया ट्रैफिक

## नगर में पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने से जगह-जगह रही जाम की समस्या

संवाददाता, नैनीताल


**अमृत विचार :** सप्ताह भर से शांत शहर फिर वाहनों के शोरगुल में डूबा प्रतीत हुआ। शनिवार से रविवार तक बड़ी संख्या में वाहनों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई तो वाहनों के हॉर्न का शोर भी बढ़ गया।

पिछले सप्ताह मानसून आते ही पर्यटकों की आमद भी बेहद कम हो चली थी। ग्रीष्मकालीन सीजन खत्म होने के बाद शहर शांत हो चला था मगर गत दिवस पुनः पर्यटकों की आमद बढ़ गईं। लेक ब्रिज टोल टैक्स से 12 सौ से अधिक वाहनों ने शनिवार को नगर मे प्रवेश किया तो बारापत्थर चुंगी से भी 5 सौ से अधिक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया, जिसके चलते रेंगते पर्यटक वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

भवाली रोड, कालाढूंगी मार्ग और हल्द्वानी मार्ग में वाहन रेंगते नजर आए। आंतरिक मार्गों में भी घड़ी-घड़ी जाम लगने का सिलसिला शुरू हो गया। स्नो व्यू, किलबरी, मस्जिद चौराहा, मेट्रोपॉल मार्ग व चिड़ियाघर मार्ग में कई बार जाम लगता रहा। खराब यातायात व्यवस्था को लेकर सैलानियों समेत स्थानीय नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। यातायात सुचारु करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



नगर में रविवार को सैलानियों की आमद से जाम की स्थिति रही।



सैलानियों ने फोटोग्राफी का भी शौक पूरा किया।

### पार्किंग के अभाव में बिगड़ी हुई है यातायात व्यवस्था

**नैनीताल :** होटल व्यवसायी देवेंद्र लाल का कहना है कि नगर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। पिछले साल अशोक टाकीज की पार्किंग में डेढ़ सौ से अधिक पर्यटक वाहन को पार्किंग मिल जाती थी। मगर इस वर्ष इस पार्किंग के बंद हो जाने से यातायात की समस्या अधिक बढ़ गई। उधर, मेट्रोपोल मल्टी स्टोरी पार्किंग के नहीं बनने से यातायात की समस्या बनी हुई है। दोनों पार्किंग से नगर के यातायात में सुधार आ सकता है।

### सैलानियों ने की जमकर मस्ती

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार को सैलानियों ने मानसून की रिमझिम फुहारों के साथ पर्यटन स्थलों पर जमकर मस्ती की। वीकेंड पर सैलानियों की संख्या यकायक बढ़ चली है, जिसके चलते नगर की रंगत निखरी हुई नजर आई। नगर में सुबह के समय मौसम कुछ खुला हुआ नजर आया, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही कोहरे ने नगर को आगोश में ले लिया और दोपहर 12 बजे घने कोहरे के साथ हल्की रिमझिम बारिश होने लगी। कोहरा दिन भर नगर की वादियों में श्रृंगार करता प्रतीत हुआ। हालांकि कोहरा तल्लीताल क्षेत्र में अधिक छाया रहा, जबकि मल्लीताल क्षेत्र में अधिक सक्रिय नहीं रहा। मौसम का यह मिजाज बेहद सुहावना था, जिसने नगर का तापमान नियंत्रित रखा। सैलानियों के लिए मौसम का यह अंदाज निराला रहा और उन्होंने नगर के पर्यटन स्थलों पर सैर सपाटा किया। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन व बॉटनिकल गार्डन में पूरे दिन रौनक रही, जबकि माल रोड भी पूरे दिन सैलानियों से गुलजार रही। होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहे।

## स्टोन क्रशर में किशोरी मृत मिली

**देहरादून :** डोईवाला क्षेत्र में स्थित एक स्टोन क्रशर परिसर के एक कमरे में एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिलने के बाद क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया। सुसवा नदी किनारे कुड़कावाला स्थित स्टोन क्रशर परिसर के एक कमरे में शनिवार देर रात 14 वर्षीय किशोरी का शव मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने क्रशर परिसर का घेराव कर दिया। लोग रविवार को भी घटनास्थल के बाहर एकत्रित हुए और क्रशर परिसर पर पथराव किया। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर शांति कायम की गयी और अब स्थिति नियंत्रण में है। एसएसपी अजय सिंह ने मृत किशोरी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच और इसमें शामिल दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बताया कि प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए एसपी ऋषिकेश के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई है। पैनल पीएम में किशोरी का किसी प्रकार का यौन उत्पीड़न या शारीरिक चोट का होना सामने नहीं आया है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

# डेमोग्राफिक चेंज पर जनसहयोग जरूरी

- सैनिक पुत्र सीएम धामी ने पूर्व सैनिकों का अभिनंदन किया सुझाव भी लिए

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, जबरन धर्मान्तरण व डेमोग्राफ़िक चेंज पर हमारी सरकार के प्रयासों के साथ जन सहयोग एवं कानूनी रूप से शिकायत हेतु जन जागरूकता भी आवश्यक है।

हमारी सरकार ने सख्त दंगा विरोधी कानून लागू करने के साथ, भूमि अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्यवाही व यूसीसी जैसा साहसिक कदम उठाए लेकिन सरकार के इन साहसिक प्रयासों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक जनसहयोग की अपेक्षा है। मुख्यमंत्री धामी ने गढ़ी कैंट, देहरादून में आयोजित 'विकसित भारत @2047 सामूहिक संवाद- पूर्व सैनिकों के साथ' कार्यक्रम को संबोधित करने के साथ राज्य के सम्रग विकास के लिए उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों से बातचीत की एवं उनके सुझाव लिए। सीएम ने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि के साथ साथ वीरभूमि भी है क्योंकि हमारे प्रदेश का लगभग हर परिवार सेना से जुड़ा है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कहा कि मैं, स्वयं भी एक फौजी का बेटा हूं। मैंने पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार की समस्याओं और चुनौतियों को नजदीक से देखा और समझा है। मेरे हृदय में हमेशा शहीदों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता और समर्पण का भाव रहता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, ले.ज. (से.नि.) एके सिंह, मे.ज. (सेनि) केएस राणा, क. बीरेंद्र सिंह राणा, ब्रि. नितेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री ने किया हवाई सर्वेक्षण

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तरकाशी जनपद के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आपदा की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की पुनः समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में प्रत्येक प्रभावित नागरिक के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत कार्यों में तेजी और प्रभावशीलता लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट भी साथ में रहे।

# डीएसए में जलभराव से अब मिलेगी निजात

- ग्राम अभियंत्रण सेवा की टीम ने किया निरीक्षण, समतलीकरण का कार्य होगा शुरू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल स्थित ऐतिहासिक डीएसए मैदान में मानसून सीजन में होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

लगातार हो रही बारिश के चलते मैदान में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे न केवल पर्यटक, बल्कि स्थानीय लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन सीजन में मैदान के आसपास बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं। यह मैदान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन बारिश के दौरान मैदान में पानी भरने से इन गतिविधियों पर असर पड़ता है। इन समस्याओं को देखते हुए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की टीम ने रविवार को मैदान का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान दिनेश जोशी, महेंद्र बिष्ट सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे। सर्वे के बाद तय किया गया कि मैदान को समतल कर जल निकासी की व्यवस्था बेहतर की जाएगी। मैदान की ऊंचाई-निचाई को बराबर करने के लिए बजरी डाली जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की टीम समतलीकरण कार्य शुरू करेगी। इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## गुरु दलाई लामा का जन्मदिवस मनाया

**नैनीताल :** नैनीताल के सुखनिवास में बौद्ध मठ में रविवार को 14वें आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा का 99वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। तिब्बती और भोटिया समुदाय के लोगों ने मठ में पूजा-अर्चना कर उनकी लंबी आयु की कामना की। इस दौरान तिब्बती समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में नृत्य भी प्रस्तुत किया। अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल और वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह मौजूद रहे। तिब्बती समुदाय के अध्यक्ष येशी थुप्तेन ने कहा कि तीन दिन तक मठ में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। रविवार को दलाई लामा के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। इस मौके पर केलसंग छुकि, रिंगजिंग छोजुम, सोनम आदि मौजूद रहे।

# क्लब ने हरेला पखवाड़े का किया आगाज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल में पारंपरिक विधि विधान के द्वारा हरेला पखवाड़े का आगाज किया गया। क्लब की महिलाओं ने सात अनाजों को लेकर सुखाई मिट्टी के साथ हरेला बोया।

कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक गीता साह के नेतृत्व में महिलाओं ने शगुन आखर, शगुना देही के साथ दीप जलाकर शंख घंटे के साथ शुरू किया। महिलाओं ने हरेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक आशीर्वाद के रूप में जी रैया जागी रैया का गायन किया। महिलाओं ने पारंपरिक झोड़ें खोल दे माता खोल दे भवानी के साथ कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया। पहाड़ी संस्कृति को दिखाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें झोड़ा, चांचरी, छपेली और बुवाई से संबंधित गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया। दैणा होया खोली का गणेशा वे के साथ अन्य पहाड़ी गानों पर महिलाएं नृत्य करती हुई दिखाई दीं। क्लब की अध्यक्ष आभा साह ने बताया कि 19 और 20 जुलाई को हरेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक दीपा पांडे ने बताया कि इस बार राजस्थान, असम, पंजाब की टीमों के साथ अल्मोड़ा, देहरादून की टीमों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में हेमा भट्ट, रानी साह, जीवन्ती भट्ट, कंचन जोशी, कविता त्रिपाठी ,अमिता शाह, अमित शाह शेरवानी, विनीता पांडे, नीरु साह, लीला राज, रेखा त्रिवेदी, संगीता श्रीवास्तव, रेखा पंत ,तनु सिंह, ज्योति ढोंडियाल, दीपिका बिनवाल, मीनाक्षी कीर्ति रमा तिवारी ,आशा पांडे ,जया वर्मा, भावना साह ,वंदना जोशी, मानसी गर्ग, सरस्वती शिराला, सविता कुलोरा, दया कुवर, तनप्रीत, तुसी शाह, मधुमिता, तनप्रीत मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में मौजूद लेक सिटी वेलफेयर क्लब की महिलाएं। ● अमृत विचार

**पर्दाफाश** साइबर ठगी में गिरफ्तार अभिषेक ने किए पूछताछ में कई खुलासे, आरोपी के पास से बरामद हुए पासपोर्ट व मोबाइल

# शेल कंपनियों का इंद्रजाल, फैलाया अरबों का मायाजाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए सीए अभिषेक ने ने करीब पांच साल में शेल कंपनियों के इंद्रजाल में अरबों रुपये का मायाजाल फैला लिया था। साइबर ठगी के तरीकों से लेकर इस इंटरनेशनल गैंग के नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह के अनुसार, फर्जी लोन एप्स के माध्यम से देशभर के कई राज्यों में इंटरस्टेट साइबर फ्रॉड गैंग द्वारा लोगों से धोखाधड़ी/उत्पीड़न और जबरन मोटी धनराशि वसूलने के प्रकरण दिसंबर 2022 में दर्ज कराए गए थे, जिनमें संगठित गिरोह द्वारा पहले वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर इंस्टा लोन, मैक्सी लोन, केके लोन, रुपी ट्रिप आदि के जरिए लोगों को कम दस्तावेज़ों में त्वरित लोन देने का लालच देकर एप इंस्टॉल कराया जाता था। फिर पीड़ितों की मोबाइल डिवाइस का एक्सेस प्राप्त कर उसकी गैलरी, कॉन्टैक्ट्स व अन्य निजी डेटा चुराकर गैंग द्वारा अत्यधिक ब्याज, पेनाल्टी और जुर्माने की मांग करते हुए धमकी भरे मैसेज भेजे जाते या व्हाट्सएप कॉल करके पीड़ित की तस्वीरें एडिट कर वायरल करने की धमकी दी जाती थी।

मानसिक रूप से प्रताड़ित होने और सामाजिक बदनामी के डर से ऐसे लोग बार-बार गैंग द्वारा बताए गए बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करते थे।

एएसपी स्वप्न किशोर, डीएसपी साइबर अंकुश मिश्रा और साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून के प्रभारी निरीक्षक विकास भारद्वाज की टीम की विभिन्न स्तरों की पड़ताल में मास्टरमाइंड अभिषेक अग्रवाल निवासी नई दिल्ली को चिन्हित किया गया था। अभिषेक के विदेश में होने के चलते उसकी तलाश में लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। आरोपी के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने की सूचना पर एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मोबाइल फोन, पासपोर्ट, थाईलैंड व भारतीय करेंसी, डिजिटल कट, अंगूठियां और एप्पल वॉच बरामद की गई। उसे साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।




एसटीएफ, साइबर क्राइम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी।

### यहां से जुड़े तार से तार

एसएसपी के अनुसार, हेक्टर नाम की कंपनी के माध्यम से फर्जी लोन एप्स संचालित करने वाले गैंग के सहयोगी अंकुर ढींगरा को दो साल पहले गुड़गांव से गिरफ्तार किया गया था। औरंगाबाद महाराष्ट्र में भी एसटीएफ ने कॉल सेंटर पर छापा मारा था। कब्जे में आए अभिषेक ने पूछताछ में बताया कि, उसने वर्ष 2019-20 में चीनी नागरिकों को भारत लाकर इस गिरोह की शुरुआत की था। वह खुद वर्ष 2019 में शंघाई और शेन्ज़ेन (चीन) गया था। कंपनी की आड़ में 15 से अधिक फर्जी लोन एप्स के माध्यम से करोड़ों, अरबों रुपये की अवैध वसूली की थी। जांच में अभी और खुलासे होने हैं।

# कामयाबी : अजय लांबा 25 साल बाद आया गिरफ्त में

- दिल्ली से टैक्सी बुक कराकर चालकों की उत्तराखंड में कर देता था हत्या
- वाहनों को नेपाल में बेच देता था बरेली और देहरादून में छिपता रहा

मुख्य संवाददाता, देहरादून/नई दिल्ली

**अमृत विचार :** दिल्ली पुलिस ने कई अपराधों में 25 वर्षों से फरार कृष्णा नगर, दिल्ली निवासी अजय लांबा उर्फ बंशी (49) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि गिरफ्तार अजय वर्ष 1999 से 2001 के बीच किए गए कई जघन्य अपराधों का कथित मुख्य आरोपी था, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर टैक्सी चालकों को निशाना बनाया, उनकी हत्या की, उनके वाहन लूटे और पहचान छिपाने के लिए शवों को उत्तराखंड के दूरदराज के जंगली इलाकों में फेंक दिया। कक्षा छठी पास अजय कम उम्र में ही जरायम की दुनिया में उतर गया था। दिल्ली की विकास पुरी पुलिस ने उसे पहले 'बंशी' उपनाम से बदमाश घोषित किया था। वर्ष 1996 में उसने अपना नाम बदलकर अजय लांबा रख लिया और उत्तर प्रदेश के बरेली में रहने लगा, जहां उसने अपने साथियों धीरेंद्र और दिलीप नेगी के साथ मिलकर अपराध को अंजाम दिया। उपायुक्त गौतम के अनुसार, लांबा को दिल्ली, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और चंपावत में दर्ज लूटपाट और हत्या के चार मामलों में गिरफ्तारी नहीं होने पर उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। लांबा लगातार अपने ठिकाने और पहचान बदलकर दो दशक से ज़्यादा समय तक किसी की पकड़ में नहीं आया। वर्ष 2008 से 2018 तक वह अपने परिवार के साथ नेपाल में रहा और बाद में देहरादून चला गया। वर्ष 2020 में वह मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गया और कथित तौर पर ओडिशा से दिल्ली और भारत के दूसरे हिस्सों में गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह में काम करने लगा। उसे 2021 में एनडीपीएस और 2024 में ओडिशा में ज्वैलरी शॉप लूटपाट में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, एसएसपी नैनीताल पीएस मीणा ने बताया कि इस संबंध में दिल्ली पुलिस से संपर्क कर अजय लांबा की जानकारी ली जाएगी।

## आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

| 29.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 19.15 |

## एक नजर

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**कालाढूंगी:** थानाध्यक्ष विजय सिंह मेहता ने बताया कि शनिवार की रात को पुलिस ने गश्त के दौरान कुआंडाट से छोटी हल्द्वानी जाने वाले मार्ग पर कोयला भट्टी के संदिग्ध घूम रहे व्यक्ति की तलाशी ली। उसके पास से 22 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम रेशम सिंह निवासी ग्राम गुलजापूर चकलुवा बताया।

### महिलाओं के प्रति अपराध के आंकड़े और भी चौंकाने वाले, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में करीब 100 मामले दर्ज

# कुमाऊं में दुष्कर्म के मामलों का चढ़ा रिकॉर्ड ग्राफ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**142** घटनाएं दर्ज हुई थीं दुष्कर्म की वर्ष 2024 में जनवरी से दिसंबर तक

**170** मामले सामने आ चुके इस वर्ष मई माह तक के अभी तक

**अमृत विचार :** कुमाऊं में बेटियों के साथ दरिंदगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पुलिस विभाग के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं।

पिछले पांच महीने में दुष्कर्म की घटनाओं के 170 मामले दर्ज हो चुके हैं। इसमें चिंताजनक बात यह है कि बीते वर्ष 2024 में दुष्कर्म के कुल जितने मामले सामने आए थे, उससे अधिक इस साल सिर्फ पांच महीने में दर्ज हो चुके हैं जबकि विभिन्न तरह के महिला संबंधी अपराधों की बात करें तो आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं।

पुलिस विभाग से आरटीआई में मिली जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2025 जून माह तक दुष्कर्म के 170 मामले दर्ज किए गए। इनमें से ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले में तकरीबन सौ मामले दर्ज हुए हैं।

वर्ष 2023 में कुल 136, तो 2024 में दुष्कर्म की 142 घटनाएं हुईं। लगातार बढ़ रहे महिला अपराध कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करने लगे हैं। पुलिस के महिला सुरक्षा के दावों की भी इन अपराधों से पोल खुल रही है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बेटियां अब खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी हैं।

### कुमाऊं के जिलों में महिला अपराध संबंधी घटनाएं

| वर्ष | नैनीताल | अल्मोड़ा | पिथौरागढ़ | बागेश्वर | चम्पावत | यूएस नगर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024 | 71 | 21 | 20 | 05 | 30 | 179 | 326 |
| 2023 | 89 | 23 | 27 | 05 | 13 | 208 | 365 |
| 2022 | 110 | 17 | 17 | 13 | 09 | 267 | 433 |

### पांच माह में 53 महिलाओं का अपहरण

आरटीआई रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष 31 जून तक कुमाऊं के छह जिलों में 53 महिलाओं के अपहरण के मामले सामने आए। इनमें से कुछ को पुलिस ने बरामद कर लिया और कई मामले अभी लंबित हैं। इसके अलावा दहेज हत्या के अभी तक सात मामले सामने आए हैं।



महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस कानून व्यवस्था को मजबूत बना रही है। सख्त निर्देश हैं कि महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारी, कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे। **-रिद्धिम अग्रवाल**, आईजी, कुमाऊं

### महिला सेल में रोजाना 20 शिकायतें

घरेलू हिंसा समेत अन्य अपराधों के मामले महिला सेल कुमाऊं के विभिन्न थानों में रोजाना 20 से अधिक आ रहे हैं। दंपतियों के बीच विवाद भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। इस साल अब तक 31 मामलों में पतियों के खिलाफ पत्नियों ने घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया है।




# डग्गामारी: राजस्व पर चोट, चौड़ी सड़क पर अवैध पार्किंग

### रोडवेज और केमू स्टेशन पर धड़ल्ले से चल रही डग्गामारी, निजी बसें और टैक्सियां भर रही सवारियां, लापरवाही से बनी समस्या

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** प्रशासन की ओर से जनता की सुविधा के लिए मंगल पड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण किया गया था, लेकिन यह चौड़ी सड़क अब अवैध पार्किंग में तब्दील हो चुकी है। सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से आधी सड़क घिर गई है, जिससे न सिर्फ ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है, बल्कि राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही नैनीताल रोड पर भी जगह-जगह नो पार्किंग पर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिस चौड़ी सड़क को आम जनता की सुविधा के लिए बनाया गया था, वही अब अवैध पार्किंग बन गई है। यहां नो पार्किंग और सड़क पर आड़े-टेढ़े खड़े वाहनों के कारण मुसीबत पैदा हो रही है।

इधर, दूसरी ओर शहर में धड़ल्ले से डग्गामारी का खेल भी चल रहा है। जिससे परिवहन निगम और केमू के जरिये सरकार को मिलने वाले राजस्व की चपत लग रही है। रोडवेज स्टेशन, केमू स्टेशन, सीएमओ ऑफिस के सामने सहित कई जगह से निजी बसें और टैक्सी गाडियां सवारियां भर रहे हैं।

रोडवेज स्टेशन के ठीक सामने से निजी बसों और टैक्सियों में सड़क से सवारियां भरी जा रही हैं, जिससे जाम की स्थिति भी पैदा होती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रोडवेज स्टेशन के ठीक सामने मुख्य सड़क से सवारी बैठाई जा रही हैं, जिससे हर दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोडवेज प्रशासन ने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि डग्गामारी पर रोक लगे और शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके।



मिनी स्टेडियम के बाहर सड़क में खड़ी रोडवेज की बसें। ● अमृत विचार

### डग्गामारी पर पूर्व में हो चुकी है कार्रवाई

रोडवेज स्टेशन के आसपास पूर्व में भी निजी बसों की ओर से सवारियां बैठाए जाने की शिकायतें मिली हैं। जिस पर परिवहन निगम और परिवहन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की थी और बसें सीज करने और चालान की कार्रवाई की थी। कुछ समय तक निजी संचालकों में भय का माहौल रहा। लेकिन एक बार फिर से डग्गामारी देखने को मिल रही है।



मंगलपड़ाव बरेली रोड में खड़ी गाड़ियां। ● अमृत विचार

### बोले-एसपी



नो पार्किंग को लेकर लगातार कार्रवाई की जाती है जिसमें वाहनों को सीज और चालान किया जाता है। आम जनता को भी नो पार्किंग पर वाहन नहीं खड़ा करने को लेकर जागरुक किया जाता है। आगे भी इसे लेकर कार्रवाई की जाएगी। - **जगदीश चंद्र**, एसपी यातायात, नैनीताल

### सड़क किनारे खड़े किए जा रहे निजी व मैजिक वाहन

मंगल पड़ाव और बरेली रोड में भी सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं। यहां सड़क किनारे मैजिक, निजी वाहन और ऑटो-रिक्शा खड़े किए जा रहे हैं, जिससे कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। बरेली रोड में सड़क कम चौड़ी होने के कारण इसके किनारे खड़ी गाड़ियां से अन्य वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ता है। जाम के कारण कई बार लोगों में विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है।



महिला अस्पताल के बाहर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

### सीएमओ ऑफिस के पास बना दिया टैक्सी स्टैंड

रोडवेज स्टेशन के ठीक सामने सीएमओ कार्यालय के पास अवैध टैक्सी स्टैंड बना दिया गया है। यहां स्टेडियम की दीवार से सटाकर लाइन से टैक्सी गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं। जिसमें रोडवेज की सवारियों को भरा जा रहा है। यहां गाड़ियां खड़ी करने के लिए कोई अधिकृत स्थान नहीं होने के बाद भी धड़ल्ले से डग्गामारी का खेल चल रहा है।



मिनी स्टेडियम के बगल में खड़ी टैक्सियां। ● अमृत विचार

### सड़क से भर रहे सवारियां

नैनीताल रोड पर ओके होटल के सामने सड़क के दोनों ओर ऑटो स्टैंड बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद दो कदम आगे जाकर स्टेडियम के बाहर सड़क से ऑटो रिक्शा में सवारियां भरी जा रही हैं। इस चौड़ी सड़क पर नो पार्किंग में ऑटो रिक्शा खड़े कर सड़क घेरी जा रही है।

# स्कूटी की चपेट में आकर होटल कर्मी की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- शनिवार रात करीब 11 बजे शीशमहल में हुआ था हादसा
- स्कूटी सवार गार्ड भी हुआ घायल अस्पताल में हो रहा इलाज

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड पर रात भयावह हादसा हुआ। साथियों के साथ काम से वापस घर लौट रहा होटल कर्मी स्कूटी सवार बैंक गार्ड की चपेट में आ गया। जोरदार टक्कर में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। गार्ड का तो फिलहाल उपचार चल रहा है। होटल कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सूरी अल्मोड़ा निवासी खीम सिंह (44 वर्ष) पुत्र उच्छाप सिंह शीशमहल में गौला खनन गेट के पास रहते थे और शीशमहल स्थित एक होटल में वरिष्ठ कर्मी के तौर पर कार्यरत थे। शनिवार रात करीब 11 बजे होटल का काम खत्म होने के बाद वह अपने साथियों के साथ पैदल घर की ओर लौट रहे थे। वह अभी होटल से कुछ ही दूर पहुंचे थे कि तभी एक स्कूटी सवार की चपेट में आ गए।

टक्कर बेहद जोरदार थी और टक्कर के बाद खीम सिंह मौके पर ही लगभग बेदम हो गए। जबकि स्कूटी सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में दोनों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से खीम सिंह को सुशीला तिवारी चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया और यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं स्कूटी सवार के बारे में बताया जाता है कि वह शिव विहार डहरिया निवासी 40 वर्षीय शंकर है, जोकि गंभीर रूप से घायल हुआ है। शंकर नरीमन स्थित एक बैंक का गार्ड है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

उधर इस संबंध में काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की जांच कर घटना के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### बाइक की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**हल्द्वानी :** घर के बाहर टहल रहा अधेड़ बाइक सवार की चपेट में आकर मारा गया। पुलिस के मुताबिक दिलीपनगर गूलरभोज निवासी सुंदर सिंह (46 वर्ष) पुत्र मान सिंह शनिवार की शाम अपने घर के बाहर टहल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। एसटीएच पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# खाते से उड़ाए 1 लाख 47 हजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने के बहाने हासिल किया ओटीपी
- युवती से ठगी, एक साल पुराने मामले की जांच हुई शुरू

**अमृत विचार :** काठगोदाम थानाक्षेत्र में रहने वाली एक युवती को साइबर क्रिमिनल ने अपना शिकार बना लिया। जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर फोन किया। उसने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर ओटीपी हालिस किया और कुछ ही पल में खाते से 1 लाख 47 हजार रुपए साफ कर दिए। घटना एक साल पुरानी है और अब इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने पिछले वर्ष क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था। पिछले साल अगस्त में ही उसे अनएक्टिवेटेड क्रेडिट कार्ड मिला। कार्ड मिलने के तीन दिन बाद उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताया और कहा कि उनके फोन पर एक ओटीपी आया है। क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करने के लिए ओटीपी की जरूरत है। पीड़िता ने ओटीपी साझा कर दिया। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट सेट करने की बात कही और फोन काट दिया। युवती के बैंक खाते से दो बार में 147894 कटने का मैसेज आया। उसने ऑनलाइन शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराई। युवती की शिकायत को साइबर सेल ने अब काठगोदाम थाने भेजा। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पंचायत चुनाव: एडीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के सफल संचालन के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने तहसील सभागार में बैठक ली। उन्होंने आपदा की दृष्टि से संवेदनशील मतदान केंद्रों की समीक्षा की।

उन्होंने चुकम, क्यारी, टेढ़ा, पाटकोट व अन्य गांवों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से सभी संवेदनशील बूथों में पोलिंग पार्टियां समय से पहुंचे, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूर्व ही सुनिश्चित कर ली जाएं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम प्रमोद कुमार व तहसीलदार मनीषा मारकाना आदि मौजूद रहे।

# दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र में शनिवार को आत्महत्या की दो बड़ी घटनाएं हुईं। घटनाओं के पीछे की वजह हैरान करने वाली है। पहले मामले में बीटेक कर चुके एक युवक ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली, क्योंकि वह नशे की लत से जकड़ चुका था। दूसरे मामले में एक व्यापारी ने फांसी लगाई। वह कर्ज के बोझ तले दबकर कर्जदारों से परेशान हो चुका था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक, गली नंबर 9 बचीनगर लामाचौड़ मुखानी निवासी मनीष चौहान (28 वर्ष) पुत्र जगदीश चंद्र बीटेक पासआउट था और यहां अपने माता-पिता के साथ रहता था। बीटेक पासआउट होने के बावजूद उसके पास नौकरी नहीं थी और उसे नशे की लत ने जकड़ लिया था। इसी वजह से उसने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त उसके माता-पिता घर पर ही थे, लेकिन उन्हें घटना का पता बेटे की मौत के बाद चला। दूसरे मामले में पीपल पोखरा नंबर एक फतेहपुर मुखानी निवासी मुकेश गोस्वामी उर्फ गोविंद (42 वर्ष) पुत्र आनंद बन गोस्वामी बिल्डिंग मटैरियल के कारोबारी थे और जेसीबी ठेकेदार भी थे। वह यहां पत्नी व बच्चे के साथ रहते थे। मुकेश पर काफी कर्ज था और तगादेदार लगातार उनसे तगादा कर रहे थे। लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ से दबे मुकेश ने शनिवार को घर में फांसी लगा ली। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामलों की जांच जारी है।

**खेल-खिलाड़ी** खेलों के प्रति युवाओं में बढ़ी रुचि, 500 से अधिक युवा ले रहे खेलों का प्रशिक्षण, अब कोच मिलने से मिली बड़ी राहत

# राष्ट्रीय खेलों ने खोली राह, अब आसान हो रहा कॅरियर

पंवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के बाद जिले में खेलों के प्रति युवाओं की रुचि में वृद्धि दर्ज की गई है। पहले जहां खेलों को लेकर सीमित जागरुकता थी, वहीं अब युवा बड़ी संख्या में खेलों को न केवल अपनाने लगे हैं, बल्कि उससे अपना करियर भी बना रहे हैं।

जिले के खेल विभाग के अनुसार वर्तमान में 500 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेलों में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पहले जिले में कोच की कमी के कारण युवा प्रतिभाएं मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ रही थीं। अब विभाग ने विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर दी है, जिससे खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे युवा खिलाड़ियों की राह आसान हुई है और वे बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी आत्मविश्वास के साथ कर पा रहे हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत का कहना है कि कोच की अनुपलब्धता लंबे समय से हमारे जिले की बड़ी समस्या रही है। अब प्रशिक्षकों की नियुक्ति से युवा खिलाड़ियों को समय पर सही तकनीक, अनुशासन और मार्गदर्शन मिल पा रहा है। इससे उनकी प्रतिभा में निखार आ रहा है और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खुद को साबित करने को तैयार हैं। विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में इस संख्या को और बढ़ाया जाए और हर ब्लॉक व ग्राम स्तर तक खेलों को पहुंचाया जाए।



बॉक्सिंग का अभ्यास करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### नैनीताल बन रहा खेलों का हब

अब नैनीताल सिर्फ पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ खेल हब भी बनता जा रहा है। युवाओं में जोश है और सरकार से सहयोग मिल रहा है। कोच का मार्गदर्शन उनके सपनों को उड़ान देने में मदद कर रहा है। आने वाले वर्षों में यह तय है कि नैनीताल के खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे।

### प्रमुख खेल प्रशिक्षण और खिलाड़ियों की संख्या

- स्विमिंग (तैराकी) – 231 खिलाड़ी
- क्रिकेट – 63 खिलाड़ी
- बैडमिंटन – 40 खिलाड़ी
- हॉकी – 35 खिलाड़ी
- वुशु – 31 खिलाड़ी
- बास्केटबॉल – 31 खिलाड़ी
- फुटबॉल – 30 खिलाड़ी
- जुजुत्सु – 21 खिलाड़ी
- एथलेटिक्स – 21 खिलाड़ी
- ताइक्वांडो – 16 खिलाड़ी
- बॉलीबॉल – 13 खिलाड़ी
- सेपकटकरा – 11 खिलाड़ी
- टेबल टेनिस – 8 खिलाड़ी

### सरकार भी कर रही कई प्रयास

राज्य सरकार की ओर से भी इस दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं, जिससे न केवल उनकी मेहनत को मान्यता मिल रही है, बल्कि आर्थिक रूप से भी वे सशक्त हो रहे हैं। इसके साथ ही स्कॉलरशिप, खेल किट, ट्रैकसूट और खेल छात्रावास जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# मानसी ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा



**रामनगर:** स्थानीय निवासी मानसी अग्रवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए नगर का नाम रोशन किया है। मात्र 22 साल की उम्र में मानसी ने यह परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की है।

मानसी इस समय दुनिया की शीर्ष 4 सलाहकार कंपनियों में से एक केपीएमजी में ट्रेनिंग पूरी कर रही हैं। बता दें कि मानसी के बड़े भाई राघव भी सीए है। वह प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार की सदस्य है। उन्होंने उपलब्धि का श्रेय पूरे परिवार को दिया है। इस उपलब्धि पर उनके पिता संजय अग्रवाल, चाचा अजय अग्रवाल, माता मोना अग्रवाल, चाची नेहा अग्रवाल ने हर्ष जताया है।

# बिना फार्मासिस्ट नहीं चलेगा मेडिकल स्टोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राज्य में अब कहीं भी बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर का संचालन नहीं होगा। अगर फार्मासिस्ट नहीं तो मेडिकल स्टोर स्वामी के ऊपर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। एक माह के अंदर सभी मेडिकल स्टोर स्वामी को अपने यहां फार्मासिस्ट की व्यवस्था करनी है।

औषधि नियंत्रण के अपर आयुक्त ताजबर सिंह ने कैमिस्ट एसोसिएशन को पत्र भेजा है। जिसमें कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि औषधि अधिनियम के तहत प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट होना का अनिवार्य होगा। फार्मासिस्ट नियमित तौर पर मेडिकल स्टोर पर मौजूद रहेगा। मेडिकल स्टोर स्वामियों को एक माह का समय दिया गया है कि वह अपने मेडिकल स्टोर में नियमित फार्मासिस्ट की व्यवस्था कर लें। अगर एक माह बाद भी ऐसा नहीं किया गया तो मेडिकल स्टोर स्वामी के ऊपर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 व नियमावली 1945 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में औषधि संरक्षा प्रशासन कई बार मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई कर चुका है और फार्मासिस्ट नहीं होने पर कार्रवाई भी की गई है लेकिन अब इस नियम को पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। इसका असर सभी मेडिकल स्टोर स्वामियों के ऊपर पड़ेगा। अब वह मेडिकल स्टोर स्वामी जो स्वयं फार्मासिस्ट नहीं हैं और मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं, उनको अनिवार्य तौर पर नियमित फार्मासिस्ट दुकान पर रखना होगा।

# नामांकन प्रक्रिया खत्म, अपनों को मनाने का दौर शुरू

## प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक हो रही मान-मनौव्वल, नाम वापसी के बाद ही स्पष्ट होगी स्थिति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव में नामांकन का दौर समाप्त हो गया है। जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान पदों पर कई लोगों ने दावेदारी की है। अब दौर शुरू हो गया है रूठे हुए लोगों को मनाने का।

पंचायत चुनाव के लिए पांच जुलाई तक नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सात से नौ जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। जो नामांकन गलत होगा, उसको रद्द कर दिया जाएगा। 10 और 11 जुलाई को नामांकन वापस लिए जाने की तारीख तय की गईं हैं। जो लोग अपना नाम वापस लेना चाहते हैं, वे लोग इन दो दिनों के दौरान अपना नाम वापस लेंगे। अब यही तीन से चार दिन नए राजनीतिक समीकरण तैयार करने वाले होंगे। जो लोग खुद की दावेदारी को मजबूत मान रहे हैं वो चाहेंगे कि किसी भी तरह से उनके सामने कम प्रतिद्वंदी हों।

इसके लिए लोगों को मनाने का दौर शुरू हो गया है। एक प्रतिनिधि का कहना है कि उनके सगे रिश्तेदार में ही एक व्यक्ति प्रधान प्रत्याशी के लिए खड़ा हो गया है अगर वह मान जाए तो उनकी जीत की राह आसान हो जाएगी। कुल मिलाकर 10 से 11 जुलाई के दौरान गांव स्तर की राजनीति में काफी कुछ देखने को मिलेगा।



जिला पंचायत समर्थित उम्मीदवारों का स्वागत करते पूर्व विधायक रणजीत रावत एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का किया स्वागत

**रामनगर, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय में जिला पंचायत सदस्य के कांग्रेस के समर्थित उमीदवारों का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने जिला पंचायत क्षेत्र सावल्दे पश्चिम से आशा ममता आर्या, जिला पंचायत चिल्किया क्षेत्र से योगिता गोस्वामी, जिला पंचायत मालधन क्षेत्र से मीरा देवी को पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कांग्रेस ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए रामनगर में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है। इसके इंचार्ज वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा व रामनगर मिडिया प्रभारी विनय पड़लिया होंगे। तीनों ही जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जिला पंचायत सावल्दे पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी धीरज सती, जिला पंचायत चिल्किया क्षेत्र के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेसी नरेश कालिया एवं जिला पंचायत मालधन क्षेत्र के प्रभारी नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा होंगे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, गिरधारी लाल, महेंद्र आर्या, नवीन सनवाल, एड. जगदीश जोशी, उमाकांत ध्यानी, एड. फेजुल हक एमआर टम्टा, महेंद्र आर्या, महेंद्र प्रताप सिंह, धीरज उपाध्याय व वीरेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस में भी यही सिलसिला

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में जिला पंचायत सदस्य के लिए 25 सीटें हैं। कांग्रेस ने खुलकर आठ सीटों पर प्रत्याशियों को समर्थन दिया है लेकिन बाकी की सीटों पर पार्टी ने किसी को भी समर्थन नहीं दिया है। कांग्रेस की रणनीति है, जिन सीटों पर प्रत्याशियों को खुलकर समर्थन दिया है, उन सीटों पर कांग्रेस पृष्ठभूमि का अन्य प्रत्याशी न हो और साथ ही जिन सीटों पर कांग्रेस ने किसी प्रत्याशी को समर्थन नहीं दिया है, उन सीटों पर भी कांग्रेस पृष्ठभूमि का एक ही उम्मीदवार खड़ा हो, जिससे पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी को मजबूती मिले। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने बताया कि लोगों को मनाया जा रहा है।

### राज्य में 63812 प्रत्याशी पंचायत चुनाव के रण में

**हल्द्वानी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। हरिद्वार को छोड़ बाकी 12 जिलों में कुल 63,812 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। नामांकन के अंतिम दिन 5 जुलाई को कुल 31,622 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किए। जिला पंचायत सदस्य के 358 पदों के लिए कुल 1,907 नामांकन प्राप्त हुए। क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2,974 पदों के लिए कुल 11,629 नामांकन प्राप्त हुए। प्रधान पद के 7,499 पदों के लिए कुल 22,028 नामांकन हुए। ग्राम पंचायत सदस्य के 55,587 पदों के लिए कुल 28,248 नामांकन प्राप्त हुए। नामांकन प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद, निर्वाचन का अगला चरण नामांकन पत्रों की जांच का है।

### फिर से महिला मतदाताओं पर दारोमदार

**हल्द्वानी :** पंचायत चुनाव में राज्य में 4777072 ग्रामीण मतदाता हैं। इनमें 2465702 पुरुष और 2310996 महिला मतदाता हैं। साथ ही 374 अन्य मतदाता हैं। उत्तराखंड में ऐसे पुरुषों की संख्या काफी है जो रोजीरोटी के लिए दूसरे राज्यों में नौकरी करते हैं। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान भी देखने में आया था कि कई जगह पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाताओं की संख्या मतदान में अधिक थी। जिसका यही कारण है। ऐसे में इस बार भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिला मतदाताओं पर प्रत्याशियों का ज्यादा फोकस रहेगा।

# ग्राम प्रधान के 475 पदों पर 1516 नामांकन दाखिल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को लेकर नैनीताल जिले में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 3749 के सापेक्ष 1912, ग्राम प्रधान के लिए 475 पदों के सापेक्ष 1516, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 263 पद पर 953 नामांकन पत्र दाखिल हुए। जिला पंचायत सदस्य के 27 पदों के लिए 141 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

बेतालघाट में सदस्य ग्राम पंचायत के 533, ओखलाकांडा में 541, रामगढ़ में 435, धारी में 313, हल्द्वानी में 560, रामनगर में 456, भीमताल में 458, कोटाबाग में 453 समेत कुल 3759 पद है। प्रधान ग्राम पंचायत बेतालघाट में 75, ओखल कांडा में 75, रामगढ़ में 59, धारी में 41, हल्द्वानी में 60, रामनगर में 50, भीमताल में 60, कोटाबाग में 55 समेत 475 पद है। बेतालघाट में 32, ओखलकांडा में 36, रामगढ़ में 31, धारी में 27, हल्द्वानी में 39, रामनगर में 31, भीमताल में 38, कोटाबाग में 29 समेत 263 पद क्षेत्र पंचायत सदस्य के हैं। सदस्य जिला पंचायत बेतालघाट में 3, ओखलकांडा में 4, रामगढ़ में 3, धारी में 3, हल्द्वानी में 4, रामनगर में 3, भीमताल में 4, कोटाबाग में 3 समेत 27 पद है। नैनीताल जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 4514 पदों पर चुनाव होना है। अब 7 से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी।

### तरुण का निर्विरोध बीडीसी बनना तय

**कालाढूंगी :** विकास खंड कोटाबाग के पतलिया क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए तरुण कुमार का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। क्षेत्र से उन्होंने एकमात्र नामांकन कराया है। ब्लॉक मुख्यालय कोटाबाग के क्षेत्र पंचायत सदस्य पतलिया के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव निर्विरोध करने का निर्णय लिया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए मैदान में तीन उम्मीदवार थे। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बैठक में तीनों प्रत्याशियों के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव पर चर्चा की। इसमें तरुण कुमार को सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया। क्षेत्रवासियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की। इस दौरान निवर्तमान प्रधान दीप तिवारी, राजेश चंद्र, विकास कुमार, विवेक कुमार, शेखर सनवाल, पुष्कर लाल व कमल बोहरा आदि मौजूद रहे।

# 18 अगस्त को मालधन बाजार बंद कराने का ऐलान किया





मालधन क्षेत्र में हुई बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महिला एकता मंच ने मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. प्रशांत कौशिक व डॉ. अर्चना कौशिक के ट्रांसफर रोकने या उनकी जगह दूसरे डॉक्टरों की नियुक्ति करने समेत अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त को मालधन बाजार बंद कराने का ऐलान किया है।

मालधन चंद्रनगर में महिला एकता मंच की बैठक में महिलाओं ने नशा नहीं इलाज दो अभियान जारी रखने की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार मालधन की 40 हजार की आबादी को वोट बैंक समझती है। यही कारण है कि मालधन अस्पताल में इलाज कर रहे दो चिकित्सकों को पिथौरागढ़ ट्रांसफर कर जनता को मिल रहे नाममात्र के इलाज को भी छीन लिया गया है।

इस दौरान एक्सरे मशीन को चालू करने, अल्ट्रासाउंड व 24 घंटे इमरजेंसी सुविधाएं देने व गोपाल नगर में पुनः खोली गई शराब की दुकान बंद करने के साथ ही कच्ची शराब पर रोक लगाने के लिए विशेष पुलिस टीम गठित करने की मांग भी की है। बताया कि बंद को सफल बनाने के लिए मालधन क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। तय किया गया कि 25 जुलाई को 84 दिन टिहरी जेल में अनशन कर शहीद हुए अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में ममता, शिवानी, सरस्वती जोशी ,विनीता टम्टा, रेखा शाह, देवी आर्य, पुष्पा आर्य, भगवती शामिल रहे।

### फर्जी हस्ताक्षर के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार करने का आरोप

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के बढेरी गांव निवासी किसान ने क्षेत्र में प्रस्तावित स्टोन क्रेशर में उसके नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर नोटरी कराकर अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार करने का आरोप लगाया है। मामले के उठने से हड़कंप मच गया है। ग्रामीण ने श्री कैंची धाम तहसील की उपजिलाधिकारी मोनिका आर्या को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है। साथ ही गांव के समीप लगने वाले स्टोन क्रशर पर रोक लगाने पर जोर दिया है। कोसी घाटी में स्टोन क्रशरों की बाढ़ सी आ गई है। पूर्व से ही आधा दर्जन स्टोन क्रशर संचालित होने के बाद अब नए स्टोन क्रशरों की तैयारी भी तेज हो गई हैं। बेतालघाट ब्लॉक के बढेरी गांव के किसान दीवान सिंह ने क्षेत्र में खोले जा रहे स्टोन क्रशर के लिए उसके नाम से झूठा शपथ पत्र तैयार कर उसके नाम के फर्जी हस्ताक्षर कर अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार करने का आरोप लगा हड़कंप मचा दिया है। दीवान सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले स्टोन क्रशर के लिए कुछ लोगों ने उनके नाम से झूठा शपथ तैयार करवाया है। कुछ लोगों ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर अनापत्ति प्रमाण पत्र भी तैयार करवाया है। दीवान सिंह ने उपजिलाधिकारी मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

# भाजपा ने फूंका बेला की जीत को बिगुल

संवाददाता, हल्द्वानी





भाजपा प्रत्याशी बेला तोलिया की जीत के लिए एकमत होते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा की जिला पंचायत सीट, रामडी आनसिंह पनियाली से अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए रविवार को भाजपा जिला संगठन ने चुनाव प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर विमर्श किया।

कठघरिया स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित बैठक में सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ता एवं मंडल पदाधिकारियों ने बेला तोलिया को विजयी बनाकर जिला पंचायत नैनीताल भेजने के संकल्प के साथ चुनावी बिगुल फूंका। साथ ही, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी। सांसद अजय भट्ट ने बेला तोलिया द्वारा विगत पांच वर्षों में नैनीताल जिले समेत रामडी आनसिंह पनियाली क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को अनवरत जारी रखने के लिए उनके पुनः जिला पंचायत नैनीताल पहुंचाने का क्षेत्रवासियों से संकल्प लिया। विधायक बंशीधर भगत ने भाजपा प्रत्याशी बेला तोलिया की ईमानदार कार्यशैली एवं उनकी शालीनता को उनकी जीत का आधार बताते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं को बेला तोलिया के लिए वोट मांगने में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिस तरह अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने नैनीताल जिले के 8 विकासखंडों में विकास की बयार बहायी है, उनके परिणाम उनको इस चुनाव में मिलने वाले हैं।

प्रत्याशी बेला तोलिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने कार्यकाल में कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी अपने क्षेत्र की जनता के लिए सुरक्षा दीवार की तरह खड़ी रहीं। अकेले रामडी आनसिंह पनियाली क्षेत्र में 10 करोड़ की विकास योजनाओं को जिला पंचायत से धरातल पर उतारा और अन्य विभागों से प्राप्त 4 करोड़ की योजनाओं को अपने क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। जिनमें सीसी मार्ग, पेयजल टैंक निर्माण, शौचालय निर्माण, सोलर लाइट एवं सुरक्षा दीवार जैसे कार्य शामिल हैं।

● **संगठन ने संयुक्त बैठक कर किया विचार विमर्श, सौंपी जिम्मेदारी**

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता विकास भट्ट, चुनाव प्रभारी प्रकाश हरबोला, गोपाल रावत, चुनाव संयोजक प्रताप सिंह बोरा, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, अध्यक्ष सहकारी गन्ना समिति प्रताप सिंह तापी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल नयन जोशी, मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, कंचन उप्रेती, जिलाध्यक्ष अलका जीना, महेश शर्मा, कैलाश भगत, चन्दन किरौला, सुरेश तिवारी, रेखा आर्या, रेखा पाठक, विनोद निगल्टिया, अक्षय सुयाल, प्रकाश पटवाल आदि मौजूद रहे।

### रामनगर में सादगी से मनाया मोहर्रम पर्व

**रामनगर :** मोहर्रम के पर्व को मुस्लिम समुदाय के अकीदतमंदों ने सादगी के साथ मनाया गया। रविवार को मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम समाज के अकीदतमंदों ने अच्छे पकवान और शर्बत बनाकर रिश्तेदारों, गरीब और जरूरतमंद लोगों को वितरित किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने रोजा रखकर मस्जिदों में नमाज और कुरआने पाक पढ़कर इबादत की। शाम को मोहल्ला भावनीगंज से पुरानी तहसील तक अखाड़ा हैदरी निकाला गया। जिसमें युवाओं ने करतब दिखाए। काशीपुर बस अड्डे पर मेला भी लगाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शमी ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मोहम्मद शमी, मोहर्रम कमेटी के सचिव इरफान सैफी, नायब सदर नसीमुद्दीन अंसारी के अलावा एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।



रामनगर में निकाला गया ताजिया। ● अमृत विचार

# हुसैनी नारों से गूंजा बनभूलपुरा, जुलूस में दिखा उत्साह

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मोहर्रम का जुलूस पारंपरिक और इस्लामिक रीति-रिवाजों के साथ निकाला गया। बनभूलपुरा इलाका हुसैनी नारों से गूंज उठा। इस बार जुलूस में एक खास आकर्षण मस्जिद ए अक्सा की आकृति में बना ताजिया रहा, जिसने लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया। करीब 60 छोटे-बड़े ताजिए जुलूस में शामिल हुए। मुहर्रम पर निकले जुलूस में ताजिए और दो अखाड़े शामिल हुए। बनभूलपुरा में लगभग सभी इलाकों से जुलूस गुजरा। इन अखाड़ों में लाठी-डंडे, तलवार और भालों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। जिन्हें देखकर लोग दंग रह गए। जुलूस के निकलने का सिलसिला रविवार सुबह नौ बजे शुरू हुआ। जुलूस मुजाहिद चौक से शुरू हुआ, जोकि नई बस्ती, ताज मस्जिद, इन्द्रानगर छोटी रोड, बड़ी रोड, लाइन नंबर 12, 16, 17 और लाइन नंबर 18 से होते हुए लाइन नंबर 9 की ओर निकला। जुलूस में हूर घोड़ा आकर्षण का केंद्र रहा। इस बार के जुलूस में समाजसेवियों की भागीदारी भी सराहनीय रही। हाजी जमीर अहमद, सेकेट्री शाहनवाज मलिक, कमर जहां कम्मो, शाहजहां बेगम, शन्नो, युनुस भाई, हाजी नईम, इमरान, शमशाद ने व्यवस्था को संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई। मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और भव्य बनाने में प्रशासन, नगर निगम और जल संस्थान की भूमिका सराहनीय रही। नगर निगम द्वारा पूरे जुलूस मार्ग की पहले से सफाई कराई गई। साथ ही जगह-जगह कूड़ेदान और सफाई कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई थी। जल संस्थान द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और होमगार्ड की तैनाती की गई थी।



हल्द्वानी में जुलूस के दौरान करतब करते युवा। ● अमृत विचार

**APPOINTMENT नियुक्ति**

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**

**FACULTY REQUIREMENT**

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

### लालकुआं में निकाला गया ताजिया जुलूस, युवाओं ने दिखाए करतब

**लालकुआं, अमृत विचार :** नगर में हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर में ढोल-ताशे के साथ ताजियों का जुलूस निकाला। जुलूस संपूर्ण शहर में घूमता हुआ कब्रिस्तान में संपन्न हो गया। पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

बुधवार की सुबह जामा मस्जिद से सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम वर्ग के लोगों ने ताजिए का जुलूस निकाला। जामा मस्जिद से प्रारंभ होते हुए रोशन मस्जिद से शहर में घूमता हुआ देर शाम कब्रिस्तान में सम्पन्न हो गया। जुलूस में करतब दिखाते हुए मुस्लिम समाज के युवकों के नारे भी लगाये। ताजिए कब्रिस्तान में दफन किए गए। युवकों व बच्चों ने तलवारबाजी, लाठीबाजी व आग के गोले से कूदने का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष निसार अहमद, इमरान खान, ख्वाज अहमद, आजम खान, मेहंदी हसन, इस्तकार अंसारी, गुड्डू बेग, मिक्की खान आदि मौजूद रहे।

# तल्लीताल से निकला मातमी जुलूस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शिया समुदाय के लोग मातमी जुलूस निकालकर अपना दुख व्यक्त करते हैं। तल्लीताल जामा मस्जिद क्षेत्र से मातमी जुलूस प्रारंभ होकर इमामबाड़ा पहुंचा।

मौलाना सज्जाद हुसैन व मौलाना कुमेल अब्बास ने कहा कि आज के दिन हजरत इमाम हुसैन सहित उनके मासूम बेटे और साथियों को शहीद कर दिया गया था। इस्लामिक साल का पहला महीना मोहर्रम शहादत का महीना माना जाता है। इस दौरान अफजल खान, सदर एआर खान, मंजूर हुसैन, फरमान खान, सरवर अली खान, गुलाम अली, रजब अली, रमजानी खान, अमजद खान, मुस्ताक खान, महमूद अली व खालिद आदि मौजूद रहे।



नैनीताल में जुलूस के दौरान करतब दिखाते युवक। ● अमृत विचार

### अखाड़ों में किए प्रदर्शन

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल में भी मोहर्रम के मौके पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में मल्लीताल क्षेत्र के रॉयल होटल से जलूस शुरू हुआ। यह रजा क्लब मल्लीताल में संपन्न हुआ। जिसमें कमेटी का ताजिया व फतेह निशान आलम ढोल ताशा के साथ सहादत की रात को जुलूस निकाला गया। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श ने बताया जुलूस दोपहर 12 :30 बजे से प्रारंभ हुआ। सभी लोगों ने अपने-अपने ताजियों को दफनाया। विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने हथियारों और विभिन्न मुद्राओं में प्रदर्शन किए। इस दौरान तस्लीम बक्स, महासचिव समीर अली, सचिव मोहम्मद कासिम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अजीम और शान अहमद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गौजाजाली वार्ड 60 में गूल की सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी।

### गौजाजाली में गूल की निकासी के लिए की सफाई

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह के निर्देश पर रविवार को नगर निगम की टीम ने गौजाजाली वार्ड 60 में गूल की निकासी के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया। निगम के सफाई कर्मचारियों ने गूल की गंदगी हटाई। जिसके बाद पानी की निकासी को सुचारू किया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नगर आयुक्त ऋचा सिंह को गौजाजाली वार्ड 60 गूल से पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत मिली थी। जिस पर उन्होंने शनिवार को क्षेत्र का निरीक्षण भी किया था।

### पार्किंग में हुक्का पीने पर तीन पर्यटकों का चालान

**नैनीताल :** डीएसए मैदान की पार्किंग में रविवार को वाहनों के बीच हुक्का पी रहे हरियाणा के तीन पर्यटकों को पुलिस ने चालान किया। मल्लीताल थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि चेकिंग के दौरान डीएसए मैदान की पार्किंग में खुलेआम हुक्का पी रहे हर्षवर्धन, मोनू, और यश तंवर निवासी हरियाणा को हिरासत में लिया। उनके माफी मांगने पर चालान कर उन्हें छोड़ दिया गया।

### शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**चम्पावत :** पुलिस ने चम्पावत नगर में आपस में झगड़कर शांति व्यवस्था प्रभावित कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर बीएनएसएस की धाराओं में मामला पंजीकृत किया है। सभी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। रविवार को मल्ली बाजार निवासी कुछ लोग आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। पुलिसने पांच लोगों को विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में मामला पंजीकृत किया गया।

### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया

**हल्द्वानी :** साथी संगठन के सदस्यों ने रविवार को डीके पार्क में साप्ताहिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत व्यायाम और डांस के माध्यम से शहरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। हल्द्वानी के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्व. दया किशन पांडे के नाम पर स्थापित इस पार्क में एक घंटे से अधिक समय तक विभिन्न मुद्राओं में व्यायाम प्रदर्शित किए गए। इस मौके पर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, सचिव आनन्द सिंह रावत, प्रचार मंत्री राजेन्द्र सिंह बोरा, कोषाध्यक्ष जेएस खोलिया, सह-कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, पीटी कोच पूर्व सैनिक मोहन सिंह महरा, कार्यवाहक संयोजक वीरेन्द्र सिंह कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।



कठघरिया राइंका में पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद कायस्थ महासभा के लोग।

### कायस्थ महासभा हल्द्वानी ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हल्द्वानी ने शनिवार को कठघरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लोगों ने फलदाया और छायादार पौधे लगाए। साथ ही महासभा के सदस्यों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया और प्रकृति से प्रेम करने का संदेश दिया। इस दौरान अल्का सक्सेना, रत्ना श्रीवास्तव, वीके श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, राजदुलारी अस्थाना, विजय कुमार सक्सेना, बबीता निगम, वीरेंद्र निगम, योगेंद्र श्रीवास्तव, नीति श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### प्रताप सिंह बने गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष



हल्द्वानी : सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड में शनिवार को सभापति और उपसभापति पद के लिए चुनाव हुए। निर्वाचन अधिकारी परितोष वर्मा की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया हुई। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रताप सिंह दूसरी बार गन्ना विकास समिति के सभापति पद के लिए निर्विरोध चुने गए। अशोक कुमार को भी उपसभापति के लिए निर्विरोध चुना गया। दोनों पदाधिकारियों को सभी लोगों ने बधाई दी। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने किसानों के हित में कार्य करने का वादा किया।

### धर्म कार्यों में करें तन, मन व धन से सहयोग

**हल्द्वानी :** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस की कथा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। व्यास पीठ से योगेंद्र जोशी शास्त्री ने कहा कि यज्ञ में दिया गया धन कभी व्यर्थ नहीं जाता, इसलिए धर्म कार्यों में तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा को सभी कष्टों का निवारण करने वाली बताते हुए अधिक से अधिक श्रवण करने का आग्रह किया। सर्वदेव पूजन में यजमान के रूप में मनोज जोशी व रेखा जोशी ने भाग लिया। पूजन कार्य संतोष जोशी व राकेश पांडे ने संपन्न कराया। सोमवार को कथा का विश्राम दिवस होगा, जिसमें यज्ञ, पूजन, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण होगा। कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली, हेम पंत, हर्षवर्धन पांडे, पारस रूवाली, भरत गुणवंत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रिटेनिंग वॉल का टेंडर हुआ, कल से काम शुरू

## हल्द्वानी-चोरगलिया रोड के पुनर्निर्माण में जरूरी है रिटेनिंग वॉल, उम्मीद है कि अब तेजी से होगा कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**01** सौ 20 मीटर सड़क का एक हिस्सा रेलवे क्रासिंग से आगे समा गया था नदी के बहाव में

**12** मीटर ऊंची रिटेनिंग वॉल बनाने का काम शुरू होने के बाद ही मिलेगी राहत

- इस कार्य में चुनौती बन सकता है मानसून
- एनएचआई भी गौलपुल की सुरक्षा को लेकर कर रहा काम



क्षतिग्रस्त हल्द्वानी-चोरगलिया रोड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हल्द्वानी-चोरगलिया रोड गौलापुल से पहले और रेलवे क्रासिंग के बाद क्षतिग्रस्त हो गई थी। पिछले साल गौला के बहाव में सड़क का एक हिस्सा नदी में जाकर समा गया। अब सड़क के पुनर्निर्माण और उसके चौड़ीकरण के लिए जरूरी रिटेनिंग वॉल का टेंडर हो गया है। उम्मीद है अब काम तेजी के साथ होगा।

पिछली बारिश में बनभूलपुरा में रेलवे क्रासिंग से आगे 120 मीटर सड़क का एक हिस्सा नदी के बहाव में समा गया। इसके बाद रोड पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया। बारिश खत्म होने के बाद आवागमन शुरू किया गया लेकिन रोड पर खतरा बना हुआ है। अब रोड का पुनर्निर्माण किया जा रहा है लेकिन काम बहुत ही सुस्त गति से हुआ। सड़क को 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। गौला नदी के बहाव से रोड को बचाने के लिए रिटेनिंग वॉल बनानी है। पहले यह काम किसी दूसरे विभाग के जिम्मे था लेकिन ठंड और गर्मी दोनों बीत गए लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। अब मानसून आए हुए दो सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया है। लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी ने रिटेनिंग वॉल का टेंडर कर दिया है। उम्मीद है कि मंगलवार से गौलानदी में 120 मीटर लंबी और गौला की सतह से 12 मीटर ऊंची रिटेनिंग वॉल बनाने का काम शुरू हो जाएगा। अब चुनौती इस बात है कि मानसून के समय जब गौला नदी में बहाव तेज हो जाता है, उस दौरान रिटेनिंग वॉल का काम कैसे पूरा किया जाएगा। यह भी देखने वाली बात है कि एनएचएआई दूसरी तरफ गौलापुल की सुरक्षा को लेकर काम कर रहा है लेकिन बारिश की वजह से इस काम में बाधा खड़ी हुई है। इधर लोनिवि हल्द्वानी के ईई प्रत्यूष कुमार का कहना है कि संभावना है कि एक या दो दिन में रिटेनिंग वॉल बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। काम को तेजी के साथ पूरा किया जाएगा।

### मौसम कब तक रहेगा मददगार



**हल्द्वानी :** बारिश के सीजन में नैनीताल जिले में अभी तक सामान्य से 37 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक जून से अभी तक जिले में 244.6 मिमी बारिश हुई है। गौला नदी का बहाव अभी तक 10 हजार क्यूसेक से पार नहीं गया है। इसके बाद भी गौलापुल, रेलवे ट्रैक, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और लोनिवि की सड़क को ठीक करने के काम प्रभावित हुए हैं। फिर भी मौसम काफी मददगार रहा है। अभी ढाई माह तक मानसून का सीजन है। ऐसे में देखना यह है कि मौसम कब तक मददगार होगा। गौला का जलस्तर 20 से 25 हजार क्यूसेक तक को पार कर जाता है।

## हड़ताल को मिला विभिन्न यूनियनों का समर्थन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और फेडरेशनों की ओर से 9 जुलाई को आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल को उत्तराखंड की विभिन्न यूनियनों और जन संगठनों ने पुरजोर समर्थन दिया है। ऐक्टू, बीमा कर्मचारी संघ, उत्तराखंड बैंक इंप्लॉइज यूनियन, आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, सनसेरा श्रमिक यूनियन, किसान महासभा, बीएसएनएल ठेका मजदूर यूनियन, विद्युत कर्मचारी एकता मंच और भाकपा माले सहित कई संगठनों ने संयुक्त बयान जारी कर हड़ताल को मजदूरों-किसानों की आवाज बताया है।



उन्होंने कहा कि यह हड़ताल मेहनतकश वर्ग की पीड़ा और केंद्र सरकार की ओर से उनके अधिकारों की अनदेखी के खिलाफ है। संगठनों ने 9 जुलाई को बुधपार्क हल्द्वानी में सुबह 10 बजे से संयुक्त प्रदर्शन व जनसभा का आह्वान किया है। साथ ही मोदी सरकार से ट्रेड यूनियनों की मांगें तत्काल मानने की मांग की है।

# सीजनल बीमारियों का जोर, इमरजेंसी में भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ रही। इन दिनों सीजनल बीमारियां जैसे डायरिया और वायरल के मरीज ज्यादा मिल रहे हैं। बारिश के मौसम में इन बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

बारिश का दौर चल रहा है। मौसम कभी गर्म तो कभी ठंडा हो रहा है। कभी लोगों को ठंड का अहसास हो रहा तो कभी तेज धूप पूरे शरीर को झुलसा रही है। साथ ही बारिश में भीगने का भी खतरा बढ़ रहा है। ऐसा मौसम वायरल फीवर के मामले बढ़ाता है। इस वजह से डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल और सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की इमरजेंसी में वायरल फीवर के काफी मरीज पहुंचे। डॉक्टरों का कहना है कि वायरल फीवर में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत होती है। चार से छह दिनों में यह बीमारी ठीक हो जाती है। इसी तरह से बारिश के दौरान जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। दूषित जल पीने से डायरिया होने का खतरा होता है। डायरिया में मरीज को पतले दस्त आते हैं और बुखार भी आता है। गंभीर मामलों में शरीर में पानी की काफी कमी हो जाती है। मरीज को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि बारिश में भीगने से बचें। साथ ही साफ पानी का सेवन करें। कहा कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं हैं।

# पौधरोपण करना आवश्यक: डॉ.प्रमोद

संवाददाता, हल्द्वानी



सेमिनार में सम्मानित सदस्यों के साथ क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की ओर से पर्यावरण एवं पौधरोपण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने लगातार बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने का आह्वान किया।

सेमिनार में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना अति आवश्यक है। इस अभियान में सभी को भागीदारी करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' को सफल बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। साथ ही ईमानदारी के साथ पौधे रोपित कर उनका संरक्षण करना होगा। क्लब के सचिव मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल ने भी पर्यावरण एवं पौधरोपण पर विचार रखे। सभी सदस्यों ने एक मत होकर जन्मदिन एवं शुभ विवाह की वर्षगांठ पर पौधरोपण करने का संकल्प लिया।

सेमिनार के द्वितीय चरण में अंक कार्ड प्रतियोगिता एवं लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। विजय श्रीवास्तव, प्रो. सौरभ अग्रवाल, संजय गर्ग, राजीव श्रीवास्तव एवं मुकेश गुप्ता अपूर्व को क्लब, अनीता अग्रवाल व स्नेहा अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। पर्यावरण एवं पौधरोपण में विशेष योगदान के लिए लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष ने पांच लायंस दंपती को लायंस प्रेसिडेंट पर्यावरण अवार्ड-2025 से सम्मानित किया। इनमें अंजू अनुज अग्रवाल, विनीता विजय कुमार शर्मा, इला अंकुर गुप्ता, प्रिया पंकज अग्रवाल व साधना अशोक जैन शामिल रहे। कार्यक्रम में मधुकर श्रुतिय, विजय, प्रदीप, पवन गुप्ता, राखी अग्रवाल, सिद्धार्थ, समृद्धि, अनिता, अक्षत, यश, अमित, मुकेश अग्रवाल, राकेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# फायर फाइटर्स का धमाल, जीते 9 पदक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स में उत्तराखंड फायर सर्विस के जांबाज अग्निशमन कर्मियों ने पहली बार प्रतिभाग कर भारत का परचम अंतरराष्ट्रीय मंच पर बुलंद कर दिया। साहस, फिटनेस और अनुशासन की मिसाल पेश करते हुए टीम ने कुल 9 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं।





मेडल के साथ भारतीय फायर फाइटर्स। ● अमृत विचार

इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के 8.5 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से पहली बार उत्तराखंड फायर सर्विस के चार फायरफाइटर्स में एक पुरुष और तीन महिलाएं टीम इंडिया का हिस्सा बने और शानदार प्रदर्शन किया। सीएम धामी ने कहा कि हर पदक हमारी फायर सर्विस की पहचान है। उन्होंने उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे फायर कर्मियों की ओर से जीता गया हर पदक केवल एक जीत नहीं, बल्कि समर्पण, शारीरिक फिटनेस और मानसिक दृढ़ता का प्रमाण है, जो उत्तराखंड फायर सर्विस की पहचान है। ड्राइवर दिनेश चंद्र भट्ट ने अल्टीमेट फायर फाइटर प्रतियोगिता में 1 रजत और फायर फाइटिंग चैलेंज में 1 कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरव दिलाया। डिंपल रावत, माधुरी भंडारी और पिंकी रावत की महिला टीम ने अल्टीमेट फायर फाइटर (टीम) श्रेणी में 1 कांस्य, और स्टेयर रन (फुल फायर गियर-टीम) में 1 रजत पदक जीता। पिंकी रावत ने स्टेयर रन (फुल फायर गियर-व्यक्तिगत) में कांस्य पदक हासिल किया।

### डिंपल रावत बनीं मेडल क्वीन

डिंपल रावत ने अकेले दम पर 6 पदक जीतकर न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण रच दिया।

- स्टेयर रन (फुल फायर गियर-मिक्स टीम) - 1 स्वर्ण
- स्टेयर रन (कैजुअल-मिक्स टीम) - 1 स्वर्ण
- स्टेयर रन (फुल गियर-व्यक्तिगत) - 1 रजत
- स्टेयर रन (कैजुअल-व्यक्तिगत) - 1 कांस्य

# डॉ. खुल्लर आर्य समाज हल्द्वानी के अध्यक्ष बने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आर्य समाज की कार्यकारिणी का गठन रविवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। प्रधान और महिला उपप्रधान पदों पर मतदान हुआ। जबकि अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी राजकुमार राजौरिया व सहायक संतोष कुमार भट्ट ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई। डॉ. विनय खुल्लर को अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद पर डॉ. विनय विद्यालंकार निर्वाचित हुए।

साथ ही वरिष्ठ उपप्रधान हरीशचंद्र पंत, उपप्रधान अरविंद मलिक, महिला उपप्रधान ढालकुमारी शर्मा, उपमंत्री यमुनादत्त बेलवाल, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार आर्य, लेखा निरीक्षक अनुजकांत खंडेलवाल, पुस्तकालयाध्यक्ष कृष्णा आर्या के साथ ही अंतरंग सदस्य के रूप में कृष्णकांत व रविकांत माहेश्वरी को चुना गया।





डॉ. विनय खुल्लर व डॉ. विनय विद्यालंकार।

नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. खुल्लर ने कहा कि आर्य समाज के कार्यों में गति लाई जाएगी और आगामी 13 से 17 जुलाई तक प्रस्तावित वेद प्रचार कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे।

# लोनिवि ने चौराहों को ठीक करना शुरू किया

संवाददाता, हल्द्वानी

- कठघरिया चौराहे पर गड्ढे भरने के कार्य की हुई शुरुआत
- दो साल बाद भी चौराहे का चौड़ीकरण नहीं हुआ है पूरा

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग के जिम्मे शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई चौराहों का चौड़ीकरण है। काम शुरू हुए दो साल का समय हो गया है लेकिन काम पूरी नहीं हुआ है। अब लोनिवि ने फिर से काम करना शुरू कर दिया है।

लोनिवि ने कठघरिया चौराहे में बने गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है। बारिश के दिनों में गड्ढे नहीं भरने की वजह से दुर्घटना का भय बन रहा था। अब लोनिवि सभी चौराहों पर बचे हुए कामों को पूरा करेगा। कुसुमखेड़ा चौराहा पर भी अभी काफी काम बचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि शहर में यातायात के बढ़ते हुए दबाव को देखते हुए पंचायतघर, कुसुमखेड़ा, कठघरिया आदि चौराहों को चौड़ा करने का काम शुरू किया गया था। इसके लिए जरूरी अतिक्रमण को हटा लिया गया था लेकिन कई जगह बाकी के काम को छोड़ दिया गया है। चौराहों में चौड़ीकरण के साथ ही वहां सौंदर्यीकरण का भी काम पूरा किया जाना है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार ने कहा कि शीघ्र ही सभी चौराहों में समतलीकरण को काम पूरा कर लिया जाएगा।

श्रद्धांजलि

नैनीताल क्लब में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर की विस्तृत चर्चा


# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपाइयों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती के मौके पर रविवार को नैनीताल क्लब में श्रद्धांजलि सभा हुई। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य व मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक सरिता आर्य ने कहा कि डॉ. मुखर्जी न केवल एक प्रखर शिक्षाविद् थे, बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता भी थे। उन्होंने धारा 370 का विरोध कर देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उनका नारा एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे, आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा है। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी भारतीय जनता पार्टी की नींव है। बताया कि भारतीय जनसंघ की स्थापना करके उन्होंने देश की वैचारिक राजनीति को नई दिशा दी। सभा में उत्तराखंड मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी, आशीष बजाज, पूर्व सभासद विमला अधिकारी, कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा, आईटी संयोजक कमल जोशी, अरविंद पडियार, दयाकिशन पोखरिया, सभासद भगवत रावत, गजाला कमाल, राहुल नेगी, रोहित जोशी, अतुल पाल, पंकज बर्गली, पंकज भट्ट, विक्रम राठौर, विक्रम रावत, भूपेंद्र बिष्ट व पंकज आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित करतीं विधायक सरिता आर्य व अन्य। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट व अन्य।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी स्थित भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय के संयोजन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री शुभांशु पांडे और सुरेंद्र बिष्ट ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री नवीन भट्ट, मीडिया प्रभारी धीरज उप्रेती, जिला मंत्री रंजन बर्गली, नगर उपाध्यक्ष रविन्द्र श्रोत्रिय, नगर मंत्री अजय राज, महिला मोर्चा नगर मंत्री चित्रा सुयाल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### सत्संग के माध्यम से समझाया गुरु की पूजा का महत्व

**काशीपुर** : सुभाष नगर स्थित श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट नंगली आश्रम में गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) का कार्यक्रम किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी जी महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा से पांच दिन पूर्व यह आयोजन किया गया है। ताकि गुरु पूर्णिमा के दिन सभी भक्तजन श्री गुरु मंदिर नंगली साहिब मेरठ भी पहुंच सके। गुरु भक्तों ने श्री गुरु महाराज की पावन आरती की तत्पश्चात श्री गुरु का तिलक किया। ट्रस्ट की महासचिव संत शुद्ध वैरागानंद (रुचि) बाई ने बताया कि यह पर्व प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा से 5 दिन पूर्व आश्रम पर मनाया जाता है। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज ने भक्तों को गुरु की पूजा क्यों की जाती है इसके बारे में समझाया। इस मौके पर चमन प्रजापति, देवानंद, आकाश गुप्ता, माया प्रजापति, शिवानी प्रजापति, रोहित प्रजापति, कमलेश चुग, सुदेश शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### मौत के मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा

**काशीपुर** : आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में वीरपुर, फतेहउल्लापुर, थाना भगतपुर, मुरादाबाद निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसके पिता टेकचंद बीती 28 जून 2025 को अपनी साइकिल से लोहिया पुल जारत के सामने से जा रहे थे। तभी पीछे से दढ़ियाल की ओर से काशीपुर तेज गति से आ रही कार ने उन्हें कुचल दिया। स्थानीय निवासियों ने उन्हें काशीपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 30 जून को उनकी मौत हो गयी।

### 120 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर** : कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जुड़का नंबर दो थारी वाली रोड पर बाइक से कच्ची शराब की तस्करी कर ले जा रहे ग्राम जगतपुर निवासी छिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर रबर ट्यूब में रखी कुल 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट के तहत चालान किया है। उधर, पैगा चौकी पुलिस ने भी गश्त के उषा प्लाईवुड की पीछे वाली दीवार के किनारे पर कच्ची शराब बेचते रवि निवासी नई सड़क, चौराहा रोड बरहैनी थाना बाजपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल दिनेश तिवारी व भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### महिला को सांप ने डसा

**काशीपुर** : साईं धाम कॉलोनी निवासी सीमा को काम करते समय अचानक सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

# सड़क व नालियों की दुर्दशा पर लोगों ने किया प्रदर्शन

## बोले-पिछले चार साल से उठा रहे हैं सड़क निर्माण की मांग, बड़े नाले तक सड़क का निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर


सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते मॉडल कालोनी के लोग। ● अमृत विचार


टूटी पुलिया दिखाते आक्रोशित लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मॉडल कालोनी में सड़क और नालियों की दुर्दशा से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में कॉलोनी के लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बड़े नाले तक सड़क और नालियों का निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

रविवार को प्रदर्शन के दौरान मॉडल कालोनी के लोगों ने कहा कि वर्ष 2021 में वार्ड 26 मॉडल कालोनी में एमपी सिंह के घर से बड़े नाले तक सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास तत्कालीन मेयर रामपाल सिंह और पार्षद रजनी रावत ने कराया था। इसके अलावा सड़क को कोलंबस स्कूल तक ही बनाया गया। उससे आगे की सड़क भी नहीं बनाई गई है। लोगों का कहना है कि वे पिछले चार साल से सड़क निर्माण करने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या का निस्तारण नहीं किया। उन्होंने कॉलोनी की सड़क में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं और नालियां भी क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि अब सड़क निर्माण का कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन सड़क को बड़े नाले तक नहीं बनाया जा रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सड़क को बड़े नाले तक बनाने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सड़क को बड़े नाले तक नहीं बनाया गया तो निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। इस अवसर पर पुष्कर अग्रवाल, पंकज गुलाटी, एसके नय्यर, हिमांशु उप्रेती, दिनेश बिंदल, भजन लाल, चंदन गुलाटी, मुकेश बिंदल, रेनू अरोड़ा, स्वेता अग्रवाल, प्रवीन सरीन, पूर्वी गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पुलिया तोड़े जाने से वार्ड 10 के लोगों में आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**गुस्सा**

- जल्द मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी
- निगम की टीम के पुलिया तोड़ने से घरों में घुस रहा है गंदा पानी

**अमृत विचार:** रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप के वार्ड नंबर 10 में नगर निगम की ओर से नाली-नालों की सफाई के दौरान पुलिया को तोड़े जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने जल्द पुलिया की मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

रविवार को वार्ड नंबर 10 के लोगों ने बताया कि उन्होंने चंदा एकत्रित कर पुलिया का निर्माण कराया था। ताकि बारिश के मौसम में जलभराव से लोगों को राहत मिल सके। लेकिन विगत दिनों निगम की टीम ने इस पुलिया को तोड़ दिया है। जिसके बाद से नालियों का गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। साथ ही लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि अगर जल्द ही नगर निगम पुलिया की मरम्मत नहीं करायी तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, अंकित गुप्ता, बंटी, शैलेंद्र, कनक मंडल, नरेश रस्तोगी, मुन्नी देवी, सुखवीर समेत कई स्थानीय लोग रहे।

# दहेज उत्पीड़न का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बाजपुर:** ग्राम गुलड़िया निवासी रीना दिवाकर पुत्री स्व. अशोक दिवाकर ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 29 नवंबर 2023 को ब्लाक ए-1228 राजीव कालोनी मोहन नगर साहिबाबाद गाजियाबाद (उप्र) विशाल पुत्र वेद प्रकाश के साथ हुआ था। शादी के बाद 4-5 माह तक तो सब कुछ ठीक रहा। इसके उपरांत दहेज में कार की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया गया। कई बार वह पंचायत के माध्यम से ससुराल जाती रही, लेकिन ससुरालियों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।

15 मार्च 2025 को पति विशाल ने गला दबाने का प्रयास किया और मंगलसूत्र भी उतार लिया। शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पीड़िता के मायके वालों को सूचना दे दी। 16 मार्च को पिंक महिला चौकी में मौखिक सूचित करके मायके वाले अपने घर बाजपुर ले आए। वहीं आरोपितों ने कार व पैसे लेकर वापस नहीं लौटने की दशा में पति की दूसरी शादी करने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने तहरीर में नामजद पति विशाल के साथ ही सास, देवर व ननद आदि के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# खटीमा में प्रधान के 319 बीडीसी के 206 नामांकन

संवाददाता, खटीमा

- ग्राम पंचायत सदस्य के 633 पदों के लिए 618 नामांकन हुए




**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चार दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया में कुल 1143 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। नामांकन पत्रों की जांच सोमवार (आज) से शुरू होगी।

पंचायत चुनाव के ग्राम प्रधान, छेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्यों के संपन्न हुई नामांकन दाखिल प्रक्रिया के बाद 59 प्रधान पद के लिए 319, 40 क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 206 और 633 वार्ड मेंबर के लिए 618 प्रत्याशियों सहित कुल 1143 नामांकन दाखिल किए गए।

ब्लाक परिसर पर दिनभर गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे विभिन्न सीटों के प्रत्याशी एक-दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए शक्ति का प्रदर्शन कर माहौल को अपने पक्ष में करने का भी प्रयास कर रहे थे। नामांकन पत्र जमा करने के अंतिम दिन ग्राम सभा सदस्य के 335, ग्राम पंचायत अध्यक्ष के 47 तथा क्षेत्र समिति के लिए 55 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किये। चुनाव अधिकारी आनंद सिंह नेगी ने बताया कि सोमवार से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी जो 9 जुलाई तक चलेगी। उन्होंने कहा कि 10 और 11 को नाम वापसी, 14 को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और 24 जुलाई को मतदान होगा।

# पंचायत चुनाव: आज से शुरू होगी नामांकन पत्रों की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

- 10 व 11 जुलाई को की जा सकेगी नाम वापसी
- 4568 पदों के लिए 8678 ने कराया है नामांकन

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आज से नामांकन पत्रों की जांच शुरू हो जाएगी। यह जांच 9 जुलाई तक सुबह 8 बजे से जांच पूरी होने तक चलेगी। इसके बाद 10 और 11 जुलाई को सुबह 8 बजे से 3 बजे तक नाम वापसी होगी।

यहां बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 2 जुलाई से 5 जुलाई तक ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान 4568 पदों के लिए 8678 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किये। ग्राम पंचायत सदस्य के 3887 पदों के सापेक्ष 4388 नामांकन पत्र जमा हुए। इसी तरह ग्राम प्रधान के 373 पदों के सापेक्ष 2322, क्षेत्र पंचायत के 273 पदों के सापेक्ष 1701 और जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के सापेक्ष 267 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किए।

इस दौरान ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सबसे अधिक 4388 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किये हैं। वहीं अब सोमवार से नामांकन पत्रों की जांच शुरू हो जाएगी। यह प्रक्रिया 9 जुलाई तक चलेगी। जबकि 10 और 11 जुलाई को नाम वापसी होगी। पहले चक्र में 24 जुलाई को और दूसरे चक्र में 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से सायं पांच बजे तक मतदान होगी, जबकि 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना होगी। वहीं नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्र में बैठकों के साथ प्रचार अभियान तेज कर दिया है।


सितारगंज विकासखंड में पहुंचे प्रत्याशी व समर्थक। ● अमृत विचार

### सितारगंज में 894 पदों के लिए रिकॉर्ड 1461 नामांकन

**सितारगंज** : त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को लेकर सितारगंज ब्लॉक में लोकतंत्र का माहौल चरम पर है। 2 जुलाई से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 5 जुलाई तक अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, जब कुल 894 पदों के लिए रिकॉर्ड 1461 नामांकन पत्र जमा किए गए। ग्राम पंचायत सदस्य के 778 पदों के लिए 802, ग्राम प्रधान के 76 पदों के लिए 401 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के 40 पदों के लिए 258 नामांकन पत्र भरे गए, जिससे प्रत्याशियों की भारी भागीदारी का प्रमाण मिलता है। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी चुनाव अधिकारी संजय छिमवाल, सहायक चुनाव अधिकारी रविंदर सिंह व बीडीओ सीआर. आर्या द्वारा की जा रही है। चुनाव अधिकारी संजय छिमवाल ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 7 से 9 जुलाई तक होगी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है, 14 जुलाई तक चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, जबकि 24 जुलाई को मतदान और 31 जुलाई को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की सख्त निगरानी और लोगों की उत्साही भागीदारी ने इस चुनाव को ऐतिहासिक बना दिया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# आईटीआई में वर्तमान सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 20 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

> सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 20 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। जो युवा ऑनलाइन करने में असमर्थ वह संस्थान में ऑफ लाइन फॉर्म भी भर सकते हैं। - **जेपी टम्टा**, प्रधानाचार्य, आईटीआई काशीपुर

आईटीआई काशीपुर एवं जसपुर में भी प्रवेश की प्रक्रिया 20 जुलाई तक चलेगी। अभ्यर्थी शैक्षिक अर्हता की मेरिट के आधार पर ऑनलाइन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीटीएसएम, इलेक्ट्रीशियन, आशुलिपि हिंदी, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, प्लास्टिक प्रोसेसिंग, कोपा, आरएसी एवं कटिंग-स्वीइंग आदि व्यवसाय के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी व्यवसायों को भारत सरकार से मान्यता प्रदान की जा चुकी है। इसके लिए प्रचार-प्रसार एवं अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन प्रदान करने को संस्थान स्तर पर एक कमेटी का गठन किया है। आईटीआई में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत व्यवसाय-इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन स्पेशलिस्ट व बिल्डिंग ऑटोमेशन स्पेशलिस्ट में भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। यह प्रशिक्षण तीन माह तक निशुल्क दिया जाता है।

# यात्रियों के लिए मुसीबत बने गड्ढे

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में रोडवेज डिपो परिसर में बने गड्ढों में भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोडवेज डिपो परिसर में गड्ढे होने से यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा इन गड्ढों पर ध्यान नहीं देने से यात्रियों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

काशीपुर डिपो से करीब 39 बसें विभिन्न रूटों के लिये संचालित होती है। परिसर में ही बसों को खड़ा किया जाता है। करीब एक दशक पूर्व परिसर पूरी तरह जर्जर होने के कारण लाखों की कीमत से परिसर की फर्श का निर्माण किया गया था। लेकिन निर्माण के दो साल बाद ही पूरी फर्श उखड़ने लग गई थी। इसके बाद से लेकर अब परिसर की फर्श का निर्माण नहीं किया गया है। बता दें कि वर्तमान में शहर से बाहर रोडवेज डिपो को शिफ्ट करने की कवायद चल रही है। लेकिन इसमें काफी समय लगेगा। ऐसे में परिसर में हो गये गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। हालात यह है कि इन गड्ढों में बारिश का पानी भी जमा हो रहा है। जिससे यात्रियों के चोटिल होने का खतरा तो बना ही हुआ है साथ उनके कपड़े भी खराब हो रहे हैं। वरिष्ठ डिपो प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि फिलहाल डिपो के पास बजट नहीं है। उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया जाएगा। बारिश के समय में अक्सर गड्ढे हो जाते हैं, जिसे भर दिया जाएगा।

**आयोजन** — प्रदर्शनी में पहुंचीं देश की सर्वोच्च सैन्य और प्रशासनिक हस्तियां, सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने की विवि के प्रयासों की सराहना

# जीबी पंत विवि के आम की किस्मों की दिल्ली में हुई सराहना

संवाददाता, रुद्रपुर


प्रदर्शनी में आम की विविध प्रजातियों का अवलोकन करते कुलपति डॉ .मनमोहन सिंह चौहान।

**अमृत विचार:** दिल्ली में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर की ओर से आयोजित आम की किस्मों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी ने आम उपभोक्ताओं और किसानों को आकर्षित करने के साथ ही देश की सर्वोच्च सैन्य और प्रशासनिक हस्तियों का भी विशेष ध्यान खींचा।

रविवार को दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी के दौरान भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह समेत कई वरिष्ठ सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं उद्यानिकी विशेषज्ञों ने प्रदर्शनी में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, अमरापाली, मल्लिका, रातौल, अल्फान्सो जैसी परंपरागत और उन्नत प्रजातियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की अनुसंधान प्रयोगशालाओं में विकसित कुछ विशेष किस्मों का भी प्रदर्शन किया। साथ ही प्रजातियों की गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता और रोग प्रतिरोधक विशेषताओं की जानकारी अतिथियों को दी गई।

इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उत्कृष्ट आम की किस्मों का अवलोकन किया और विभिन्न प्रजातियों का स्वाद भी चखा। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय कृषि नवाचार में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ऐसी प्रदर्शनियों से किसानों और उपभोक्ताओं के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान होता है। साथ ही देश में कृषि विविधीकरण को गति मिलती है।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और शोधार्थियों को बधाई दी प्रदर्शनी की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से उन्नत फल प्रजातियों के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। विश्वविद्यालय की प्रजातियों को देशभर में विशेष मान्यता मिल रही है और इनके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल आम की बहुलता, विविधता और गुणवत्ता को दर्शाने का प्रभावी माध्यम बना, बल्कि कृषि वैज्ञानिकों और सैन्य अधिकारियों के बीच संवाद एवं सहयोग का भी सशक्त मंच सिद्ध हुआ है। इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय आधुनिक कृषि विकास में अपनी प्रतिबद्धता और योगदान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

## एक नजर

### नशेड़ियों का वार्डवार डाटा तैयार करने की मांग

बाजपुर : ह्यूमन राइट मिशन बाजपुर के उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ परमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर नशेड़ियों का वार्डवार व मोहल्लावार डाटा तैयार कर थाना स्तर पर रिकार्ड बनाने की मांग की है। सौरभ परमार ने कहा है कि वर्तमान समय में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण समाज में दुष्कर्म, छोटी बच्चियों के साथ छेड़छाड़, हत्या, चोरी एवं अन्य गंभीर अपराधों में वृद्धि हो रही है। अधिकांश अपराधी नशे की हालत में या नशे की लत के कारण ही ऐसे अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाना अति आवश्यक है। सौरभ ने कहा कि नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों (नशेड़ियों) का वार्डवार व मोहल्लावार डेटा तैयार किया जाए तथा उसका रिकार्ड स्थानीय पुलिस थानों में सुरक्षित रखा जाए। इससे संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखह जा सकेगी।


डॉ. सौरभ परमार।

### हादसे के जिम्मेदार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

किच्छा : ग्राम राघव नगर, कोतवाली किच्छा निवासी सुमित कुमार पुत्र जोखाई राम ने बताया कि विगत 23 जून की शाम करीब 6 बजे उसके पिता जोखाई राम पुत्र राम भरोसे घर के निकट नगला लालपुर लिंक मार्ग पर खड़े हुए थे। इसी दौरान नगला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही से कार को चलाते हुए गलत दिशा में आकर पीड़ित के पिता को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए तथा मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा उन्हें इलाज के लिए तुरंत रुद्रपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि जोखाई राम का एक हाथ तथा एक पैर फैक्चर हो गया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### किच्छा में 45 लीटर कच्ची शराब के साथ दो दबोचे

किच्छा : कलकत्ता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चौकी अंतर्गत क्षेत्र में ग्राम धौराडैम-नजीबाबाद, कोतवाली किच्छा निवासी सुंदर सिंह पुत्र दयाल सिंह को करीब 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया है। वहीं लालपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बसंत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम महाराजपुर, थाना किच्छा निवासी प्रिंस सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बसंत प्रसाद के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह कच्ची शराब बेचने के लिए किच्छा जा रहा था और सवारी का इंतजार कर रहा था।

# पुत्र की मौत की जांच के लिए कोर्ट से लगाई गुहार

- पिता ने एचआर सहित चार पर लगाया लापरवाही का आरोप
- न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट सितारगंज में दाखिल किया प्रार्थना पत्र

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचारः सिडकुल स्थित बालाजी एक्सन कंपनी में कार्यरत युवक जय सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में हर जगह से निराश मृतक के पिता रामदुलारे निवासी ग्राम जटपुरा थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) ने अब न्यायिक मजिस्ट्रेट सितारगंज की अदालत में न्याय की गुहार लगाई है।

रामदुलारे ने कंपनी के एचआर दिनेश गंगवार, एचआर हैड उमेश त्यागी, ठेकेदार अरुण मिश्रा एवं मुंशी सूरज पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोर्ट में धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। प्रार्थी के अनुसार उसका पुत्र 25 दिसंबर 2024 की रात 9:35 बजे ड्यूटी के लिए कंपनी गया था। अगली सुबह 26 दिसंबर को साथ काम करने वाले मजदूरों ने सूचना दी कि जय सिंह का शव कंपनी परिसर में मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे की मौत कंपनी में कार्य के दौरान वहां के अधिकारियों की लापरवाही से हुई है। पीड़ित पिता ने पुलिस चौकी सिडकुल, कोतवाली सितारगंज तथा एसएसपी रुद्रपुर से भी फरियाद की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। थक हारकर न्याय की उम्मीद में पीड़ित पिता ने अब अदालत की शरण ली है।

### उप जिला चिकित्सालय खटीमा को मिले डीडीओ पावर, कहा, छोटे-छोटे कामों के लिए भी जाना पड़ता है सितारगंज

# एएनएम ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचारः मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण कार्यकत्रियों ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर उप जिला चिकित्सालय सितारगंज को दी गई डीडीओ पावर उप जिला चिकित्सालय खटीमा को स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा सितारगंज को डीडीओ पावर मिलने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे कामों के लिए भी सितारगंज जाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होती है और अस्पताल के काम भी प्रभावित होते हैं।


खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपतीं एएनएम कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार


मुख्यमंत्री धामी को सौंपे ज्ञापन में एएनएम कार्यकत्रियों ने कहा है कि जबसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खटीमा को उच्चीकृत कर नागरिक चिकित्सालय किया गया है। तबसे डीडीओ पावर उप जिला चिकित्सालय सितारगंज को डीडीओ पावर दे दी गई है। जिससे उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए भी यहां से 30-35 किमी दूर सितारगंज जाना पड़ता है। जिससे न केवल समय की की बर्बादी होती है बल्कि काम में भी व्यवधान आता है। उन्होंने सितारगंज से डीडीओ पावर को पुनः उप जिला चिकित्सालय खटीमा को स्थानांतरित करने की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने वालों में नीमा चंद, गंगा जोशी, कल्पना, नीमा पांडे, रोशनी, सरस्वती, बबीता कार्की, पुष्पा, मौसमी, खिला नंदी, थाना देवी, ममता प्रजापति, किरन आदि एएनएम शामिल रहीं।

# बाइक की टक्कर से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

### शनिवार की रात्रि चक्कीमोड़ बाजार से घर लौटते समय ललपुरी गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचारः अज्ञात वाहन ने किसान को टक्कर मार दी। किसान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम है। उनके गांव दिलीपनगर गांव में शोक छा गया। उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का ताता लगा रहा। पुलिस ने रविवार को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।


सुंदर सिंह। (फाइल फोटो)

शनिवार रात दलीपनगर निवासी किसान सुंदर सिंह मर्तोलिया (45) पुत्र स्व. मानसिंह मर्तोलिया चक्कीमोड़ बाजार से सामान लेकर पैदल घर को लौट रहा था। ललपुरी के पास सामने से आ रही अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ती देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन गंभीर घायल किसान को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी ले गए जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पति के निधन की खबर सुन पत्नी बीना मर्तोलिया व पुत्री कुसुम मर्तोलिया बेसुध हो गए। उनकी अंत्येष्टि रविवार को चित्रशिला घाट रानीबाग (काठगोदाम) में की गई, उनके पुत्र देवेंद्र सिंह मर्तोलिया ने चिता को मुखाग्नि दी। परिजनों ने थाने में दुर्घटना की सूचना दे दी है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, सूबेदार भगवत सिंह पांगती व विक्रम सिंह रावत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, निवर्तमान प्रधान सुंदर गिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, डायरेक्टर मोहित चौहान उर्फ कमांडो, कोपा प्रधान मनोज देवराड़ी, भगत सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह रावत, देव सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह पानू, खेम सिंह धर्मशक्तू, ईश्वर सिंह मर्तोलिया, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, चंचल सिंह देऊपा, कुलविंदर पानू, लवी मर्तोलिया, चंद्रमणि देवराड़ी, मनोज सुयाल, ललित खोलिया, रमेश देवराड़ी, गंगा सिंह मार्तोलिया, जीत मनराल, श्याम देऊपा परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।


दिनेशपुर के दलीपनगर में बिलखती पत्नी व पुत्री को ढांढस बंधातीं महिलाएं।

### सड़क किनारे खड़े बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

काशीपुर : घर के बाहर सड़क किनारे खड़े छह साल के बच्चे को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। शनिवार की रात करीब आठ बजे आईटीआई थाना क्षेत्र के साकेत विहार, नीझड़ा निवासी प्रदीप पंत का छह वर्षीय पुत्र आरुष घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। इसी बीच एक अज्ञात बाइक सवार ने गलत दिशा में आकर आरुष को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के सिर में चोटें आई हैं।

### हादसे में तीन घायल

काशीपुर : ग्राम ढकिया नंबर दो निवासी मंगल सिंह, कुलविंदर और नीझड़ा निवासी अनस सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए। सभी को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां से इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

काशीपुरः अज्ञात वाहन की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार लालकुआं के राजीव नगर बंगाली कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय अमित कुमार पुत्र चंद्रभूषण यहां मुरादाबाद रोड स्थित नैनी पेपर मिल के मैकेनिकल डिपार्टमेंट में कार्यरत था। शनिवार रात वह बाइक से काशीपुर जा रहा था। इस दौरान हरियावाला चौक स्थित पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान किसी ने घटना की सूचना कुंडा थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की सूचना लालकुआं में परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भतीजे शुभम ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उनकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह काशीपुर नैनी पेपर मिल में पिछले लगभग 5-6 महीने से काम कर रहा था। कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि मामले में अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


# किच्छा में चोरों ने तोड़े कई दुकानों के ताले

- कोतवाली पहुंचे व्यापारियों ने की जल्द खुलासे की मांग
- पूर्व में हुई चोरियों के खुलासे न होने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचारः कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने कई दुकानों पर धावा बोलकर दुकान पर रखा कीमती सामान एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के बरेली मार्ग स्थित सुनेहरी गार्डन मस्जिद मार्केट में अज्ञात चोरों ने अब्दुल सलाम की फेब्रिकेशन वर्कशॉप के ताले तोड़कर दुकान में रखी लीड, ग्राइंडर मशीन सहित लोहे का सामान चोरी कर लिया। इस दौरान चोरों ने दुकान के बराबर स्थित अन्य दुकान के भी ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन किसी व्यक्ति के मौके पर पहुंचने के चलते चोरों के मंसूबे कामयाब नहीं हो पाए। अब्दुल सलाम के साथ मार्केट के कई व्यापारी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। व्यापारियों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व अज्ञात चोरों ने मार्केट स्थित फारूक ट्रैक्टर मिस्त्री की दुकान पर धावा बोलकर दुकान से जनरेटर, बिजली की वायर तथा जनरेटर स्वचालित सिस्टम चोरी कर लिया था तथा 18 जून को इम्तियाज वेल्डिंग शॉप तथा फिरोज गैस वेल्डिंग दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर 20 हजार रुपए की नगदी सहित दुकान में रखा करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया था। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद भी आज तक घटना का कोई खुलासा नहीं हुआ है।


किच्छा में अज्ञात चोरों द्वारा तोड़े गए दुकान के ताले। (गोल घेरे में)

# पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो अदालत पहुंची पीड़िता

- पड़ोसी पर पीटने और निर्माण कार्य रुकवाने का आरोप
- जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : नगर के वार्ड नं-1 चिंती मजरा निवासी मोहनी देवी पत्नी हरीश चन्द्र ने न्यायालय में 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई है। मोहनी देवी का आरोप है कि 5 मार्च 2024 को वह अपने भूखण्ड में मकान निर्माण करवा रही थीं, तभी पड़ोसी गिरीश चन्द्र जोशी, उसकी मां कमला देवी और सरदार मलकीत सिंह ने वहां आकर गाली-गलौज करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया और मिस्त्रियों व मजदूरों को धमकाकर भगा दिया। इस दौरान गिरीश चन्द्र ने पत्थर से मोहनी देवी पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें होंठ पर गंभीर चोट आई और टांके लगाने पड़े। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। मोहनी देवी के अनुसार घटना की सूचना थाना सितारगंज को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने 7 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डाक से रिपोर्ट भेजी, परंतु आज तक कोई कार्रवाई न होने के कारण उन्होंने कोर्ट की शरण ली है। पीड़िता का आरोप है कि अभियुक्तगण लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार भयभीत है।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुरः कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान जानलेवा हमले के मुकदमे के अभियुक्त को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली दरोगा चंदन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच काशीपुर हाईवे स्थित पामग्रीन मोड़ पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ था और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभय सक्सेना उर्फ चाइन निवासी वार्ड-14 भदईपुरा बताया। बताया कि उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 307 का मुकदमा चल रहे हैं और रंजिश होने के कारण अक्सर में तमंचा लेकर चलता है।

# विहिप की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

- अखिलेश विहिप बाजपुर के प्रखंड अध्यक्ष बने
- कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण का महत्व बताया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः विश्व हिंदू परिषद की रविवार को जिला बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा, प्रांत मंत्री गौरक्षा विभाग यशपाल राजहंस, प्रांत सह परावर्तन प्रमुख वरुण वशिष्ठ, जिलाध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा, जिला संयोजक सचिन गौतम, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी वर्षा तोमर ने संयुक्त रूप से प्रभु श्रीराम दरबार के समक्ष दीप जलाकर किया।

इस दौरान धीरेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं के मध्य संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। यशपाल राजहंस ने कार्यकर्ताओं को जीवन में प्रशिक्षण के महत्व बताया और 29 जुलाई को उत्तराखंड से जम्मू-कश्मीर जाने वाली बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की जानकारी दी। प्रांत परावर्तन प्रमुख वरुण वशिष्ठ ने धर्मांतरण के विरुद्ध धर्म प्रसार विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बिंदुओं को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा। इस दौरान नवीन घोषणाएं भी की गई जिसमें चंद्रपाल को जिला परावर्तन प्रमुख, अखिलेश पांडे को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष बाजपुर, आकाश प्रेमी को बजरंग दल नगर संयोजक, अमन वर्मा को बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक, कमल सक्सेना को बजरंग दल प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया। इस मौके पर जिला सहसंयोजक सपन कुमार, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रशांत पांडे, जिलामठ मंदिर प्रमुख राजेंद्र शर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख गौ रक्षा विभाग राहुल चौहान, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका वर्षा तोमर, प्रखंड अध्यक्ष जीतू तोमर, प्रखंड सहसंयोजक लक्ष्मण तोमर, प्रखंड मंत्री राम बहोरे पाठक, अभिनव, संजय कुमार, यश चौहान, हृदय शर्मा, फूल सिंह, भूपेंद्र मेहरा, स्वाति सैनी, कनक ठाकुर, मदन सैनी, सौरभ कुमार, प्रिंस कुमार, पंकज सैनी, विक्की राजहंस, पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।


विहिप की जिला बैठक को संबोधित करते प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा एवं मंचासीन पदाधिकारी।

### चेक बाउंस के मामले में सजा के खिलाफ अपील खारिज

काशीपुर : चेक बाउंस के मामले में सजा के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका प्रथम एडीजे मनोज गर्ब्याल ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दी है। एडीजे कोर्ट ने अवर न्यायालय के सजा के फैसले पर मुहर लगा दी है। बाजपुर रोड निवासी तुषार कंस्ट्रक्शन के पार्टनर तुषार अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया था कि शाहजहांपुर निवासी प्रशांत कुमार बाजपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर है। प्रशांत ने उसकी फर्म से उधार लिया। 27 फरवरी 2020 को उसके भुगतान की एवज में दो लाख रुपए का एक चेक दिया, जो कि बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर द्वितीय एसीजे की अदालत ने आरोपी प्रशांत को तीन माह के कारावास और 2.40 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के फैसले को प्रशांत ने प्रथम एडीजे कोर्ट में चुनौती दी। एडवोकेट अमरीश अग्रवाल ने याचिका का विरोध किया।

## स्वरोजगार

### प्रदेश ही नहीं देश के महानगरों में भी बढ़ने लगी है मांग, आकर्षित करती है मूंज घास से बनी गणेश की प्रतिमा

# महिलाओं ने मूंज से बने हस्त शिल्प को दिया आधुनिक लुक

ओपी मौर्य/सूरज सिंह, खटीमा

अमृत विचारः काजल स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा अनीता राणा ने शुभ महिला ग्राम संगठन से जुड़े आठ समूहों को संचालित कर बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़कर स्वरोजगार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। यहां मूंज घास से तैयार हस्तकला सामग्री को प्रदेश ही नहीं देशभर के नगरों और महानगरों तक भेजा जा रहा है और उन्हें मूंज घास से तैयार सामग्री के आर्डर लगातार मिल रहे हैं।

शुभ महिला ग्राम संगठन को दिल्ली से 700 तथा अल्मोड़ा से ढाई सौ रोटी बॉक्स का आर्डर मिले हैं। उलधन निवासी अनीता राणा ने 20 वर्ष पूर्व सरकार द्वारा संचालित ट्रेनिंग सेंटर से ट्रेनिंग लेकर मूंज घास से उत्पाद तैयार करने को आधुनिक रूप दिया है। समूह संचालक अनीता राणा बताती हैं कि शुरुआती दौर में घरेलू उपयोग के लिए मूंज घास से तैयार किया जाता था। उस समय मूंज घास की डलिया, टोकरी आदि का इस्तेमाल होता था। जिसे आधुनिक जरूरत के अनुसार रंगीन डिजाइनदार सामग्री की देश, प्रदेश में मांग बढ़ने लगी है। वर्तमान में कंडिया, टोकरियां, पूजा सामग्री की टोकरी, पूजा स्थल की चप्पल, रोटी बॉक्स, प्लेट, थाली, गुलदस्ते, पेनदान, पेपर वेट, कटोरियां, पोस्टर, मेजपोश, मोबाइल दान, स्टैंड, टिफिन कबर, डस्टबिन, ट्रे, सजावटी के लिए झूमर, ऐपण, भिटौली, गहने, भोजन व प्रसाद वितरण के लिये टोकरियां, डालिया आदि तैयार की जाती हैं। मूंज घास से बनी गणेश व अन्य धार्मिक मूर्तियां बेहद आकर्षक बनायी जाती हैं। समूह संचालिका ने बताया कि अभी तक मणिपुर, राजस्थान, चंपावत, अल्मोड़ा, कौसानी, भोपाल, ट्रैवल इंडिया, भीमताल, गाजियाबाद आदि स्थानों से हजारों का आर्डर मिलता है। मूंज घाट से निर्मित वस्तुओं के लिए कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है। बड़ा ऑर्डर मिलने पर कच्चे माल की जरूरतें अन्य लोगों से खरीदारी करनी पड़ती है। समूह से जुड़ी महिलाएं बताती हैं कि खुले बाजार में मेहनत मजदूरी की तुलना में यह कार्य आरामदायक सुविधाजनक है। हैंडीक्राफ्ट में तैयार सामग्री विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मेलों आदि में भी बेचे जा रहे हैं। इसमें मूल रूप से मूंज घास, कांस, पूजा, पडहरिया आदि सम्मिलित है।


खटीमा में मूंज घास से हस्तकला सामग्री बनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# सोसायटी की चाबी को लेकर किया हमला

- सनसिटी कालोनी का मामला
- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः कोतवाली इलाके में सोसायटी की चाबी नहीं देने पर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सनसिटी कॉलोनी निवासी नीलू चौधरी ने बताया कि 27 जून को कॉलोनी के रहने वाले मोहित चिलाना के घर उनके जीजा सोनू बत्रा व बेटा शरद बत्रा निवासी गोल मार्केट आए हुए थे। देर रात्रि को आरोपी उसके घर आये और जब पति ने दरवाजा खोला तो अभियुक्त ने सोसाइटी की चाबी मांगनी शुरू कर दी।

जब पति ने कहा कि सोसाइटी की चाबी उनके पास नहीं है तो अभियुक्तों ने हमला शुरू कर दिया और जमीन पर गिरा कर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जिससे पति चोटिल हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर लोहे की रॉड से हमला, सिर में गंभीर चोटें

सितारगंज : दो युवकों ने नगर पंचायत शक्तिगढ़ वार्ड नंबर. 4 निवासी ऋषि सिंघल पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार 1 जुलाई की रात लगभग साढ़े 12 बजे हर्ष मलिक पुत्र सोबन मलिक निवासी शिव मंदिर वार्ड नं. 3 शक्तिगढ़ अपने साथी निखिल कालड़ा पुत्र राजू कालड़ा निवासी गूलरभोज के साथ स्कूटी से उसके घर आया और मोबाइल खोने की बात कहकर उसे साथ चलने को कहा। विश्वास में आकर ऋषि उनके साथ चला गया, लेकिन वन शक्ति मंदिर के पास स्कूटी रोककर निखिल ने स्कूटी में रखी लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसने किसी तरह झाड़ियों में छिपकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# आर्थिक उन्नति

वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां चिंताजनक बनी हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र ने व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं और सीमा पार निवेश में गिरावट का हवाला देते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता के दौर में बताया है। इसके विपरीत हाल के वर्षों में भारत ने मजबूत आर्थिक विकास दर हासिल की है और वैश्विक मंच पर एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरा है। जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ भारत तेजी से प्रगति करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। देश की आर्थिक प्रगति पर पूरे विश्व का ध्यान है। वैश्विक संस्थाओं और उद्योग निकायों को इसकी प्रगति की संभावनाओं पर पूरा भरोसा है। भारत में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जो वैश्विक निवेशकों के बीच देश की आर्थिक संभावनाओं में विश्वास का संकेत है। डिजिटल क्रांति तेजी से हो रही है और डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में नवाचार हो रहे हैं। भारत सरकार का आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाने पर केंद्रित है। केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का निर्माण शामिल है।

भारत के पास एक युवा और कुशल कार्यबल है, जो देश की आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। इस प्रदर्शन का आधार मजबूत घरेलू मांग है। ग्रामीण खपत में तेजी आई है, शहरी खर्च बढ़ रहा है और निजी निवेश में तेजी आ रही है। कारोबार फैल रहे हैं, जिनमें से कई अपने अधिकतम उत्पादन स्तर के करीब कार्यान्वयन कर रहे हैं। साथ ही, सार्वजनिक निवेश लगातार उच्च बना हुआ है, विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर में। जबकि उधारी की स्थिर परिस्थितियों ने फर्मों और उपभोक्ताओं को भविष्य के प्रति फैसले लेने में मदद की है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत का बेहतर प्रदर्शन भरोसा देता है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने और एक सुदृढ़, अधिक समावेशी भविष्य का निर्माण करने के लिए अच्छी स्थिति में है। लेकिन देश को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना है। भारत में अभी भी आय असमानता एक बड़ी चुनौती है। देश में युवाओं के लिए रोजगार सृजन में तेजी लाने की आवश्यकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है कि आर्थिक विकास का लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचे।

# माइक्रोग्रेविटी में उच्च कौशल युक्तियों का परीक्षण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

माइक्रोग्रैविटी से शरीर की कोशिकाओं पर दबाव पड़ता है और सूजन बढ़ती है जिससे कोशिकाएं तेज़ी से उम्रदराज़ होने लगती हैं। मांसपेशियों के प्रोटीन का तेज़ी से क्षय होने लगता है। इसकी तह में जाने की जरूरत महसूस हुई क्योंकि अंतरिक्ष में दीर्घावधि निवास के दौरान एस्ट्रोनॉट्स में डायबिटीज जैसे लक्षण प्रकट होने लगते हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो), यूरोपियन स्पेस एजेंसी, अमरीका की नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन नासा, रूस की रॉसकॉसमॉस, चीन और जापान की अंतरिक्ष अन्वेषण एजेंसीज और द्वारा अभी तक हजारों किस्म के तजुर्बों से सैंकड़ों किस्म की स्पिन ऑफ टेक्नोलॉजीज का विकास किया हैं जिनसे गुरुत्वहीन स्थितियों में दीर्घावधि यात्रा करने और निवास से मनुष्य शरीर की सह्य शक्तियों या थ्रेसहोल्ड लिमिट्स के बारे में मालूमात हासिल की गई हैं। रूस की स्पेस एजेंसी स्पिनऑफ टेक्नोलॉजी के आविष्कर्ता को पेटेंट राईट नहीं देता बल्कि खोजकार्य की सराहना हेतु सनद देता है ताकि व्यावसायिक अधिकार राज्य के पास ही रहें। इसरो ने 4 जुलाई 2025 को भारतीय उद्योगों को 10 स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजीज का हस्तांतरण करते हुए इनके कमर्शियल निर्माण के अधिकार इन्हें दिए हैं। इससे इसरो को काफी धनराशि रॉयल्टी के रूप में मिलेगी। इनमें शामिल हैं इनर्शियल सेन्सर्स, ट्राई-बैंड फीड सिस्टम, एंटीना नियंत्रण, कृषि-केंद्रित जियो स्पेशियल उपकरण, ड्रोन या अन-मैंड व्हीकल आधारित बाथिमेट्री प्रणाली और सेरामिक कोट युक्त ज्वाला-रोधी तकनीक।

हेल्थ, मेडिसिन, एग्रीकल्चर, ट्रांसपोर्टेशन, पब्लिक सेफ्टी, कंज्यूमर टेक्नोलॉजीज, कम्युनिकेशन, ऑप्टिक्स, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, डिजाइनिंग, रोबोटिक्स, मनोरंजन, डिजीज़ डायग्नोस्टिक्स, सर्जरी, परिरक्षण, भंडारण पात्र, घरेलू उपकरण, बचाव उपकरण और नए प्रकार के कपड़े और रोधी वस्त्र, सेन्सर्स, मौसम और पर्यावरण निगरानी टेक्नोलॉजीज, फायर फाइटिंग, इंडस्ट्रियल मैटेरियल्स, मिश्र धातु, मनोविज्ञान और ऑटोमेशन जैसी सहस्त्रों टेक्नोलॉजीज के पेटेंट और इनकी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग पर्याप्त सबूत हैं कि स्पेस संबंधी रिसर्च मनुष्य की अनेक गतिविधियों और कार्यशैली में भारी बदलाव लाती है।

टेक्नोलॉजी विकास और इनके कमर्शियल उत्पाद के तौर से मार्केटिंग तक के हर पहलू की जानकारी देने के लिए हज़ारों शोध और समीक्षा पत्र उपलब्ध हैं। हम दो उन तजुर्बों पर बात कर सकते हैं जिसे भारत



के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में किए जाने की अपेक्षा है। स्पेस में वास्तविक माइक्रो-ग्रेविटी में बायोलॉजी, बायो-फिजिक्स, फिजियोलॉजी और मटेरियल साइंस के एक्सपेरिमेंट्स की बिब्लियोग्राफ़िक स्टडीज चकित करती हैं। एग्जिओम-4 स्पेस मिशन के अंतर्गत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में गए भारत के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ल 14 दिन में सात एक्सपेरिमेंट करेंगे जिनमें से एक में एक ख़ास पूरक आहार की चयापचय के दौरान मांसपेशियों के क्षय की प्रक्रिया को रोकने की गतिविधि को समझा जाएगा। स्पेस में इन्सुलिन का व्यवहार और कैंसर के लिए मॉलिक्यूलर लेवल पर ट्यूमर ऑर्गनॉइड्स संबंधी टेस्ट भी वर्तमान मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कैंसर ऑर्गनॉइड्स पर रिसर्च का खाका जिस अमरीकी संस्थान ने तैयार किया है उसके वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष स्टेशन आधारित शोध के परिणाम वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर रेबेक्सिनिब नाम की एक ट्यूमर रोधी दवा के असर के बारे में सोचने के तरीके को नया आयाम देंगे। इस दवा के क्लिनिकल ट्रायल्स से निकले प्रारंभिक नतीजों से मालूम होता है कि इससे 23 किस्म के कैंसर की प्रगति को रोकने और शरीर में अन्य जगहों पर इसके प्रसार को धीमा करने में सफलता मिली है।

माइक्रोग्रैविटी से शरीर की कोशिकाओं पर दबाव पड़ता है और सूजन बढ़ती है जिससे कोशिकाएं तेज़ी से उम्रदराज़ होने लगती हैं। मांसपेशियों के प्रोटीन का तेज़ी से क्षय होने लगता है। इसकी तह में जाने की जरूरत महसूस हुई क्योंकि अंतरिक्ष में दीर्घावधि निवास के दौरान एस्ट्रोनॉट्स में डायबिटीज जैसे लक्षण प्रकट होने लगते हैं। इसलिए कि, इन्सुलिन संश्लेषित करने वाले अन्तरंग अग्नाशय की बीटा-कोशिकाएं सही से काम नहीं करतीं या बहुत कम इन्सुलिन बनाती हैं। भोजन के चयापचय से उत्पन्न ग्लूकोस मॉलिक्यूल्ज़ के अणुओं को कोशिकाओं में ऊर्जा की पूर्ति हेतु पहुंचाने का काम इन्सुलिन हार्मोन का है। इन्सुलिन पर मौजूद रिसेप्टर्स कुंडी की तरह सुगर मॉलिक्यूल्स को पकड़कर शरीर में रक्त प्रवाह के जरिये से हरेक कोशिका तक पहुंचाते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों में डायबिटीज के लक्षण विकसित न हों, और अगर हो जाएं तो भी, इन्हें इन्सुलिन देने के उपाय के तौर से सन 1980 में ही नासा ने एक इम्प्लांटेबल प्रोग्रामेबल इन्फ्युज़न पम्प का विकास कर लिया था जिसे अब पृथ्वी पर मरीजों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। नासा स्पिन ऑफ की 1981 की पुस्तिका में इसका जिक्र है। स्पेस फ्लाइट से अंतरिक्ष यात्रियों में इन्सुलिन रेजिस्टेंस पैदा होती है। इन्सुलिन बनती तो है लेकिन कम मात्रा में और यह सुगर मॉलिक्यूल्स को अपने साथ चिपका कर कोशिकाओं तक पहुंचाने में नकारा साबित होती है। इन्सुलिन अणु ऐसा व्यवहार क्यों करता है, इस मैकेनिज्म को समझा गया है।

शरीर के भीतर संबंधित जीवनसूत्रों या जीन्स का एक्सप्रेशन बदल जाने से जैव-अणुओं के व्यवहार में तब्दीली होती है जिसके कारण हैं ऑक्सीडेटिव तनाव, डीएनए क्षति, ब्रह्मांडीय विकिरण जोखिम, माइटोकॉन्ड्रियल शिथिलता, माइक्रोबायोम शिफ्ट और एपिजेनेटिक परिवर्तन। इस प्रभाव को जीन-प्रोटीनें पढ़ लेती हैं और तदनुसार आणविक स्तर पर मुश्किलें महसूस होती हैं। एस्ट्रोनॉट्स शिथिल होकर नकारा न हों इसके लिए शारीरिक लक्षणों पर स्वचालित मॉनीटर्स से नजर रखी जाती है। स्पेस स्टेशन में इनके क्लिनिकल मैन्युअल तो हैं हीं, पृथ्वी पर भी शरीर क्रियाओं और फ्लुइड्स की मात्रा की रिपोर्ट्स नियमित रूप से ट्रांसमिट की जाती है ताकि एस्ट्रोनॉट्स को गाइड किया जा सके। महिला एस्ट्रोनॉट्स में मांसपेशियों का क्षय अधिक ही प्रभावी दिखता है जैसा कि सुनीता विलियम की वापसी के बाद उसके शरीर के अवलोकन से ज्ञात हुआ था।

दीर्घावधि तक अंतरिक्ष निवास के दौरान इन्सुलिन रिसेप्टर्स के व्यवहार को समझने हेतु इसके रिसेप्टर की ग्लाइकोप्रोटीन का अध्ययन सन 1988 तक किया जा चुका था जिस बारे में एक रिपोर्ट अमरीका के जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन के सन 1988 के अक्टूबर अंक में प्रकाशित हुई थी। जीन व्यवहार पर माइक्रोग्रेविटी के असर के अलावा शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर इसके दुष्प्रभाव का भी अध्ययन हुआ है। स्पेस स्टेशन में पहुंचे शुभांशु शुक्ल के रिसर्च प्रोग्राम में सात तजुर्बे शामिल हैं। एक है सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियों के पुनर्जनन पर मेटाबॉलिक सप्लीमेंट अथवा चयापचय पूरक का प्रभाव जिसे भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ़ बायो टेक्नोलॉजी विभाग के स्टेम सेल विज्ञान और पुनर्योजी चिकित्सा संस्थान इनस्टेम ने डिजाईन किया है। यह एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें मस्क्युलर एट्रोफी को समझने के लिए शरीर से बाहर लैब में स्टेम-सैल पुनर्जनन की अवस्थाओं को समझना होता है। मांसपेशियों का इस्तेमाल जब कम होता है तब इसके कारण दीर्घकाल में सेलुलर कैल्शियम चयापचय विकार, ऊर्जा चयापचय, प्रोटीन चयापचय, मायोस्टैटिन और एपोप्टोसिस जैसी शारीरिक प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला मस्क्युलर एट्रोफी की शुरुआत कर सकती है। यह सीधे तौर पर इन्सुलिन पर कोई टेस्ट नहीं है बल्कि माइक्रोग्रेविटी की मौजूदगी में इन्सुलिन रेजिस्टेंस से उत्पन्न मांसपेशियों के क्षय को रोकने के लिए एक ख़ास प्रोसीजर विकसित करने का प्रयास मात्र है। ग्लाइकोप्रोटीन के बारे में किए जाने वाले तजुर्बे हेतु एग्जियोम-4 मिशन के कुछेक एस्ट्रोनॉट्स बाजू पर ग्लूकोज मॉनिटर हमेशा पहने रहेंगे जिससे रक्त में इसकी मात्रा में कमी होने का पता लगता रहेगा। इन्सुलिन से भरे हुए पेन भी ये लोग ले गए हैं ताकि इन्सुलिन अणु पर माइक्रो ग्रेविटी में होने वाले असर को देखा जा सके। चीन के वैज्ञानिकों ने इस विषय पर छः महीना पहले एक उत्कृष्ट शोध पत्र मैकेनिज्म्स एंड काउंटर मयर्स फॉर मसल एट्रोफी इन माइक्रोग्रेविटी सैल पत्रिका में प्रकाशित किया जिसके लिए पिछले बीस साल का पूरा डाटा इन्होंने अपने देश के स्पेस स्टेशन तियांगौंग से जुटाया।

## प्रसंगवश

# खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करेगा इंडिया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (खेलो भारत नीति-2025) को मंजूरी दी है। यह राष्ट्रीय खेल नीति-2001 का स्थान लेगी। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है, लेकिन खेलों की दृष्टि से अब तक भारत को वह स्थान प्राप्त नहीं है,जो कि विश्व के अन्य देशों जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, और ऑस्ट्रेलिया को है। अमूमन यह देखा गया है कि उक्त देश खेल के क्षेत्र में भारत से बहुत आगे हैं और ये खेल के क्षेत्र में शीर्ष पर या यूं कहें कि अव्वल रहते हैं। इन देशों ने ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में बहुत बार शानदार प्रदर्शन किया है और खेल के क्षेत्र में खुद को साबित किया है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हाल ही में जिस 'खेलो भारत नीति-2025' को सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है, यह नीति भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करती है, जिसका विशेष ध्यान वर्ष-2036 के ओलंपिक पर केंद्रित है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जिस खेल नीति, 2025 को मंजूरी दी है, वह भारत को खेलों में विश्व शक्ति बनाने की एक बहुत ही जरूरी महत्वाकांक्षी व बड़ी ही शानदार योजना है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल महासंघों, खिलाड़ियों, खेल विशेषज्ञों और सार्वजनिक हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद इस नीति को तैयार किया गया है। इस नीति में साल 2047 तक भारत को खेलों में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत अब ग्लोबल स्पोर्ट्स मार्केट में भी इस नीति के माध्यम से, मजबूत बन सकेगा। इस नीति के तहत ओलंपिक मेजबानी पर भी फोकस किया गया है,जो काबिले-तारीफ है। वास्तव में भारत की इस खेल नीति से खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा मिल सकेगा, और गांवों-कस्बों से खिलाड़ी सामने आ पाएंगे। इस संबंध में खेल मंत्री मनसुखलाल मंडाविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह बात कही है कि , 'नई पॉलिसी से भारत में स्पोर्ट्स कल्चर को जमीनी स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। जिसका फोकस एथलीट डेवलपमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर रहेगा।'

भारत की यह खेल नीति पांच मजबूत आधारों पर आधारित है जिनमें क्रमशः ग्लोबल स्पोर्ट्स पर मजबूती, इकोनॉमी डेवलपमेंट के लिए खेल, सोशल डेवलपमेंट के लिए खेल, लोगों के विकास के लिए खेल तथा खेलों को शिक्षा के साथ जोड़ना तक शामिल किया गया है। अब स्पोर्ट्स प्रोग्राम गांवों तक पहुंचेंगे और वहां से टेलेंट सर्च के बाद खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलेगा। शहरों के साथ ही गांवों में भी स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जाएगा। खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, कोचिंग और एथलीट सपोर्ट के लिए वर्ल्ड क्लास सिस्टम को बढ़ावा दिया जाने पर फोकस होगा। स्पोर्ट्स कोच, तकनीक, रेफरी सब पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्पोर्ट्स मैनुफैक्चरिंग सिस्टम , स्पोर्ट्स ट्यूरिज्म, प्राइवेट सैक्टर की खेलों में हिस्सेदारी पर विशेष जोर दिया जाएगा। पारंपरिक और देशी खेलों पर विशेष फोकस होगा। साथ ही साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाओं, आदिवासी समाज, और दिव्यांग जनों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाने का प्रयास होगा। स्पोर्ट्स को शिक्षा में करियर आप्शन का रूप दिया जाएगा। कम्यूनिटी इंवेट्स पर जोर होगा तथा देश के स्कूलों, कालेजों और आफिसेज में विभिन्न फिटनेस प्रोग्राम चलाए जाएंगे। स्कूलों में, कालेजों में यूनिवर्सिटीज में खेलों के प्रति जागरूकता विकसित की जाएगी। पांच महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर आधारित यह नीति फिट, समावेशी और सशक्त नागरिक तो बनाएगी ही, भारत को खेलों में विश्वशक्ति बनाने में भी मदद करेगी। इसमें( खेल नीति में) निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और सहयोग होगा। प्रौद्योगिकी और नवाचार पर फोकस होगा। एक राष्ट्रीय निगरानी रूपरेखा तैयार होगी तथा इस नीति में समग्र प्रभाव प्राप्त करने के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों की गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों में खेल प्रोत्साहन को जोड़ने का आह्वान भी किया गया है। कुल मिलाकर भारत की यह नीति हमारे देश को खेलों में विश्वशक्ति बनाने में तो मदद करेगी ही, यह फिट, समावेशी और सशक्त नागरिक भी बना सकेगी।

# अमेरिकी कृषि उत्पाद बेचने से बचे भारत



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डॉलर था, जो उसके कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हैं।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होना हैं। यदि भारत अमेरिका की शर्तें नहीं मानता है तो 9 जुलाई से टैरिफ यानी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लगाया जाने वाला कर 10 से बढ़ाकर 26 प्रतिशत हो जाएगा। भारत चाहता है कि जल्द अंतरिम व्यापार समझौता हो जाए। लेकिन अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए चाहता है कि भारत में उसे कृषि और डेयरी उत्पाद बेचने की अनुमति दी जाए। चीन ने अमेरिकी उत्पात खरीदने से मना कर दिया है। भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दबाव के बावजूद अमेरिका के लिए कृषि उत्पाद का बाजार खोलने के पक्ष में नहीं है। दरअसल भारत की 70 करोड़ से भी अधिक आबादी कृषि, दूध और मछली व अन्य समुद्री उत्पादन पर आश्रित है। इन उत्पादों से जुड़े लोग आत्मनिर्भर रहते हुए अपनी आजीविका चलाते हैं। हालांकि भारत सरकार इनकी आर्थिक स्थिति को ओर मजबूत बनाए रखने की दृष्टि से मुफ्त अनाज, खाद्य सब्सिडी और किसानों को छह हजार रुपए प्रतिवर्ष अनुदान के रूप में देती है।

भारत की 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि और उससे जुड़े उत्पाद हैं। अब अमेरिका इस परिप्रेक्ष्य में भारत पर व्यापक दबाव बनाकर द्विपक्षीय बातचीत करने का दबाव बना रहा है। अमेरिका चाहता है। कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार तो खुले ही उत्पादों पर शुल्क भी कम करे। यदि भारत कोई समझौता करता है तो ब्रिटेन और यूरोपीय संघ भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दबाव बनाएंगे। यूरोपीय संघ चीज व अन्य दुग्ध उत्पादों पर शुल्क कटौती की इच्छा जता चुका है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत में इन मुद्दों को द्विपक्षीय वार्ता में शामिल करने की बात कही है। किंतु भारत के लिए कृषि में बाहरी दखल एक संवेदनशील मसला है, क्योंकि हमारे किसान विदेशी पूंजीपतियों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डॉलर था, जो उसके कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हैं। बड़े पैमाने पर मशीनीकृत खेती और भारी सरकारी सब्सिडी के साथ अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात का विस्तार करने के लिए आकर्षक बाजार के रूप में देखते हैं। जबकि भारत अपने कृषि क्षेत्र को मध्यम से उच्च शुल्क की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा संरक्षित किए हुए है ताकि अपने किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके। कृषि क्षेत्र को मुक्त बाजार बनाने का मतलब है कि आयात प्रतिबंधों और शुल्कों को कम करना। कृषि को बाहरी सब्सिडी वाले विदेशी आयातों के लिए खोलने का अर्थ होगा, सस्ते खाद्य उत्पादों का भारत में आना, यह खुलापन भारतीय किसानों की आय और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी। ऐसा ही दबाव भारत पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने जेनेवा में 2022 में हुई बैठक में बनाया था। यहां तक कि अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों ने भारतीय किसानों को दी जाने वाली कृषि अनुवृत्ति (सब्सिडी) का जबरदस्त विरोध किया था। ये देश चाहते हैं कि किसानों को जो सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने की सुविधा दी जा रही है, भारत उसे तत्काल बंद करे। यही नहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देशभर के 81 करोड़ लोगों को जो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है उस पर भी आपत्ति जताई थी। देश की करीब 67 फीसदी आबादी को मुफ्त अनाज मिलता है। इस कल्याणकारी योजना पर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का खर्च सब्सिडी के रूप में प्रति वर्ष होता है। परंतु भारत ने अपने किसान और गरीब आबादी के हितों से समझौता करने से साफ इंकार कर दिया था।

इसे डब्ल्यूटीओ के तय नियमों का खुला उल्लंघन करार दिया गया था। इसी का परिणाम है कि भारत गेहूं व चावल के निर्यात में अग्रणी देश बन गया है। भारत दुनिया के कुल 150 देशों को चावल का निर्यात करता है। अमेरिका को भारत की यह समृद्धि फूटी आंख नहीं सुहा रही है। दरअसल देशी व विदेशी उद्योगपति पूंजी का निवेश दो ही क्षेत्रों में करते हैं, एक उपभोक्तावादी उपकरणों के निर्माण और वितरण में, दूसरे प्राकृतिक संपदा के दोहन में। यही दो क्षेत्र धन उत्सर्जन के अह्म स्रोत हैं। उदारवादी अर्थव्यवस्था का मूल है कि भूखी आबादी को भोजन के उपाय करने की बजाय विकासशील देश पूंजी का केंद्रीकरण एक ऐसी निश्चित आबादी पर करें,जिससे उसकी खरीद क्षमता में निरंतर इजाफा होता रहे।

## सोशल फोरम

# अतीत के पुनरुत्थान का अर्थ

इन दिनों प्रायः हर विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा हो रही है। इसका उद्देश्य भारतीय मस्तिष्क का डी-कॉलोनाइजेशन है। इसमें संदेह नहीं कि यह जरूरी है, पर इसका अर्थ अतीत और मतांधताओं का पुनरुत्थान नहीं हो सकता। हमें यह जोर देकर कहना चाहिए, हालांकि अधिकांश लोग मूंगफली पर तोप रखकर गरज रहे हैं। मैंने बंगाल के विद्यासागर विश्वविद्यालय में उपर्युक्त के अलावा जो कहा उनमें से कुछ बातें इस प्रकार हैं : भारतीय ज्ञान परंपराओं पर चर्चा कोई नई घटना नहीं है। साहित्यिक स्तर पर रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी और रामविलास शर्मा का समस्त लेखन भारतीय मस्तिष्क के डी-कॉलोनाइजेशन के प्रयास हैं। वे कुछ सीमाओं के बावजूद हिंदी के भीतर से भारत की खोज हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा से पहले यह तय करना जरूरी है कि-भारतीय ज्ञान परंपरा एकवचनात्मक है या बहुवचनात्मक है, क्या वह अंतरनिर्भर होते हुए भी बहुकेंद्रिक नहीं है? भारतीय ज्ञान की एक ही परंपरा है या अनगिनत परंपराएं हैं? सैकड़ों दिशाओं से विचार आए हैं, अतः निश्चय ही परंपरा नहीं परंपराएं।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीन क्लासिकल साहित्य तक सीमित है या भक्ति आंदोलन और 19वीं–20वीं सदी के नवजागरण काल के ज्ञान के संसारों तक विस्तृत है। हिंदी में भारतीय ज्ञान परंपरा कहा जा रहा है, जबकि अंग्रेजी में 'इंडियन नॉलेज सिस्टम। ट्रेडीशन एक गतिशील रूपांतरणशील मामला है, जबकि सिस्टम एक सुनिश्चित पद्धति, बंद व्यवस्था। परंपरा और पद्धति दो भिन्न चीजें हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा का अन्य देशों की ज्ञान परंपरा से कोई संबंध रहा है या यह एक शुद्धतावादी मामला है? मेरी दृष्टि में किसी देश की राजनीति तो देश की सरहद से बंधी हो सकती है, ज्ञान की कोई सरहद नहीं है!

हमारे देश में बौद्धिक सोच के कई रूप आज तक औपनिवेशिक धारणाओं से आक्रांत हैं। कई लोग तालाब के किनारे जहाज पकड़ने के लिए खड़े हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# किताबी ज्ञान तक सीमित होने से खत्म हो चली तर्क क्षमता



संजय त्रिपाठी
वरिष्ठ पत्रकार

धार्मिक संस्कार देने से किसी को गुरेज नहीं है किंतु मानवता एवं राष्ट्रहित का ज्ञान भी आवश्यक है। हमारे पाठ्यक्रम में जीवन में उपयोगी बातों का अभाव दिखता है।

टीवी चैनलों पर डिबेट, विभिन्न अखबारों की खबरें और संपादकीय पढ़ कर लगा कि किसी ने सच लिखा था ' डिग्रियां तो तालीम के खर्चों की रसीदें हैं, इल्म वही है जो किरदार में झलकता है' । स्कूल-कॉलेज में दी जा रही शिक्षा की हकीकत तथाकथित बुद्धिजीवियों के व्यवहार और व्यक्तित्व में झलकती देख मैं ये दावे के साथ कह सकता हूं कि सूर, तुलसी, कबीर के पास किसी भी विश्वविद्यालय की डिग्री होती तो आज लोग उन पर पीएचडी नहीं कर रहे होते। आज ज्ञान और किताबी ज्ञान का फर्क साफ झलक रहा है। हम भारतियों को किताबी ज्ञान में फंसा कर सुनियोजित तरीके से हमारी तर्क क्षमता को लगभग खत्म कर दिया गया है। सवाल और तर्क खत्म होने से हम किसी शोध अथवा रचना के लायक नहीं बचे हैं। हमारी सोच सिर्फ धर्म और जाति तक सीमित हो चली है। कहने को तो देश की जनसंख्या 140 करोड़ पार है किन्तु उनमें भारतीय कितने हैं ये शोध का विषय है। हमारा राष्ट्र प्रेम कहीं सिर्फ दिखावा तो नहीं। सच्चे देशभक्त को अपने राष्ट्र की जनता और संपत्तियों के लगाव होता है। वह किसी बहकावे में आकर अपने ही राष्ट्र के किसी व्यक्ति पर कहर नहीं बरपा सकता। देशभक्त अपने राष्ट्र की संपत्ति की भी रक्षा करता है न कि किसी आंदोलन व प्रदर्शन में आगजनी और तोड़फोड़ शुरू कर देता है। हम बस-ट्रेन या अन्य वाहनों को आग के हवाले करने से पहले ये नहीं सोचते कि किसका नुकसान करने जा रहे हैं। दरअसल, हमारी तर्क क्षमता समाप्त हो चली है, अच्छा-बुरा समझने के लायक हमारा दिमाग नहीं रहा।

समाज में धर्म और जाति का जहर घोलकर हमें इतना बरगलाया जा रहा है कि हम अतीत के सच को भी जुबां पर नहीं ला पाते। मुगल शासनकाल में अत्याचार के अनेक किस्से पढ़ाकर हिन्दुओं में नफरत पैदा की गई जो दिनोदिन बढ़ती ही जा रही। सवाल ये भी है कि अत्याचार के उस दौर में गोस्वामी तुलसीदास को रामचरित मानस लिखने और प्रकाशन की अनुमति कैसे मिली? संत कबीर ने मुखर होकर दोनों धर्मों की आलोचना कैसे कर डाली? आज के दौर में तुलसी-कबीर न सिर्फ जेल में होते बल्कि इतनी धाराएं लगी होतीं कि जमानत कराने में लोहे के चने चबाने पड़ते। मुगल अत्याचार के बाद हमने अंग्रेजी शासनकाल की यातनाएं झेली। स्वाधीनता आंदोलन में हिंदू-मुस्लिम दोनों ही मैदान में उतरे।

सवाल ये भी है कि 300 साल मुगल शासनकाल में अत्याचार और धर्म परिवर्तन के बाद भी 15 अगस्त 1947 को भारत में लगभग 30 करोड़ हिंदू और 4.25 करोड़ मुसलमान थे। ऐसे में जबरन धर्म परिवर्तन की बात गले नहीं उतरती। अत्याचार और धर्म परिवर्तन से इन्कार नहीं किया जा सकता, लेकिन जबरन धर्म परिवर्तन की बात तर्कसंगत नहीं है। मेरा मानना है कि उच्चपद पर आसीन लोगों ने लालच और दबे-कुचले लोगों ने भय के कारण न सिर्फ धर्म परिवर्तन किया बल्कि अपनी बहन-बेटी की शादी करने में गुरेज नहीं की। उसी प्रकार मुग़लों ने अंग्रेजों के सामने घुटने टेके।

सवाल ये है कि भारतियों ने गुलामी के दौरान जो ग्रंथ लिखे, वैसे आजाद हिंदुस्तान में क्यों नहीं लिख पा रहे। कसूर, तुलसी, कबीर, रहीम, रसखान जैसी विभूतियां अब जन्म नहीं ले रहीं? ऐसा नहीं है.. दरअसल अब किसी को मौका नहीं दिया जा रहा। किताबी शिक्षा हावी हो चली है। बच्चे का स्कूल दाखिला कराने से पहले ही माता-पिता उसमें डॉक्टर-इंजीनियर या सरकारी कर्मचारी अथवा सफल व्यापारी देखने लगते हैं और जो परिवार अपने बच्चे की अच्छी तालीम के काबिल नहीं समझते वो उसे कमाऊपूत बनाने के चक्कर में छोटी मोटी दुकान में काम पर लगा देते हैं। खास बात ये है कि बच्चे में धार्मिक भावना उस समय से ही ठूंसनी शुरू कर दी जाती है जब उसके दांत तक नहीं निकले होते।

धार्मिक संस्कार देने से किसी को गुरेज नहीं है किंतु मानवता एवं राष्ट्रहित का ज्ञान भी आवश्यक है। हमारे पाठ्यक्रम में जीवन में उपयोगी बातों का अभाव दिखता है। हम लगातर पास होते रहने पर जब स्नातक करते हैं तो हमारी आयु कम से कम 20 वर्ष होती है। इस दौरान माता पिता हम पर लाखों रुपये खर्च कर चुके होते हैं और रोजगार की मंडी में हमारी औकात 5 से 25 हजार रुपये महीने की पगार से अधिक नहीं होती। स्कूल में किताबी पढ़ाई के साथ तकनीकी शिक्षा दी गई होती तो 20 साल का युवक न सिर्फ अपने लिए बल्कि देश के विकास में योगदान के काबिल होता। नेताओं को ये भी याद रखना होगा कि राम-कृष्ण की इस धरती पर बुद्ध, विवेकानंद, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, अशफ़ाक उल्ला खां जैसे अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है जिनके पीछे जनसैलाब था। सत्ता परिवर्तन ही नहीं समाज को जागरूक किया। 140 करोड़ लोग किसी चमत्कार नहीं ऐसी शख्सियत के इंतजार में हैं जो धर्म-जाति से ऊपर उठकर मानवता और राष्ट्र के विकास के प्रति समर्पित नजर आए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर अर्पित किए श्रद्धा सुमन, वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को प्रखर राष्ट्रवादी बताया

# जन संघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी को किया नमन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** भाजपाइयों ने भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर के बाईपास स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया।

इस मौके पर भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर से दो विधान-दो निशान और दो प्रधान समाप्त करने के लिए डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अंग बनाने की पुरजोर पैरवी की। कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सांसद में अपने भाषण के दौरान जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी तथा कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का जो प्रण डॉ. मुखर्जी ने अपने कार्यकाल में लिया था, उस प्रण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा कर करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का आदर करने का काम किया है।



किच्छा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपा नेता सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और देशहित के कार्यों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले महान विचारक, देशभक्तों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। इस मौके पर भाजयुमो जिला मंत्री विशाल चौहान, ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन सिंह, धनंजय सिंह, कमलेश दुबे, करण गंगवार, मनोज गुप्ता सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयंती पर शिक्षाविद श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के झनकट और कंजाबाग मंडल के कार्यकर्ताओं ने महान शिक्षाविद, राष्ट्र चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री भुवन जोशी, किशोर जोशी, मडंल अध्यक्ष बलदेव सिंह, महेश राणा, नंदन सिंह खड़ायत, अंजू देवी, प्रकाश शर्मा, मनोज राणा, राजनाथ सिंह, अनिता ज्याला, कविता जोशी, बच्चूलाल, मुकेश गिहार, हीरा बोरा, सध्या बोरा, संगीता राणा आदि थे।


खटीमा में डॉ. मुखर्जी का स्मरण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इधर नेहरू युवा केंद्र द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। खेतलसण्डा मुस्ताजर में आयोजित कार्यक्रम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्नेहा प्रभा, ब्लॉक वालंटियर पूजा वर्मा, ऊषा देवी, पुष्पा देवी, प्रभु कुमार, मुन्नी चंद, जानकी देवी, नीता बिष्ट आदि मौजूद थे।

# मुहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

रुद्रपुर के अलावा विभिन्न स्थानों पर जुलूस के साथ निकाले गये ताजिये, रुद्रपुर में सीरगोटिया स्थित करबला में किए सुपुर्द-ए-खाक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गमगीन माहौल के बीच मुहर्रम-उल-हराम यानि मोहर्रम पर ताजिया निकाल कर अपने पैगम्बर की शहादत को याद किया। साथ ही ताजिया को सीरगोटिया स्थित करबला में दफन किया।

मोहर्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चॉक चौबंद की गयी थी। रविवार को मुहर्रम-उल-हराम यानी मोहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से गमजदा थे और शहादत की याद में ताजिया निकालकर श्रद्धांजलि दी। शाम चार बजे से सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर की खेड़ा बस्ती, जगतपुरा, भदईपुरा, गांधी कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों से समाज के लोग टोली बनाकर शहादत को याद करते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए सीरगौटिया स्थित कर्बला कब्रिस्तान पहुंचे और ताजिए को दफन किया।

माना जाता है कि दुनियाभर में शिया मुस्लिम मुहर्रम मनाते हैं। कारण इमाम हुसैन, पैगंबर मोहम्मद के नाती थे जो कर्बला की जंग में शहीद हो गए थे। वहीं मुस्लिम धर्म के अनुसार, मुहर्रम का इतिहास 662 ईस्वी पूर्व का है। मोहर्रम के महीने में 10वें दिन ही हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम की रक्षा के लिए सैकड़ों समर्थकों के साथ जंग लड़ते हुए शहादत दी थी। इसी कारण ताजिया का स्वरूप बनाकर समाज के लोग शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं और अपने दुख को प्रकट करते हैं।


रुद्रपुर में मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


गांव बाजपुर स्थित करबला के मैदान में लगे मेले में उमड़ी भीड़ और मैदान में रखे ताजिये। ● अमृत विचार

## इमाम साहब की याद में निकाले ताजिये

● **या हुसैन की सदाओं से गूंजा क्षेत्र का वातावरण**

**बाजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांति पूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा इमाम साहब की याद में ताजियों का जुलूस निकाल कर गांव बाजपुर स्थित करबला के मैदान में लगे मेले में ले जाया गया। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से वातावरण गूंज उठा। रविवार को मोहर्रम पर्व पर मुड़िया पिस्तौर, मुड़िया कलां, मझरा बक्श, गांव बाजपुर, कनौरी, कनौरा, महेशपुरा, हरलालपुर, जगन्नाथपुर, सरकड़ा, रम्पुरा शाकर, गुमसानी, धनसारा, केशोवाला आदि गांवों से अलग-अलग जुलूस की शक्ल में छोटे-बड़े ताजिए गांव बाजपुर स्थित करबला के मैदान में ले जाए गए, जहां धर्म की परंपराओं के अनुरूप ताजियों को दफन किया गया। करबला मैदान में लगे मेले में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में खेल-खिलौनों व खाने-पीने की दुकानों पर महिला-पुरुष व बच्चों की खासी भीड़ रही। बच्चों ने मेले में लगे झूलों का लुत्फ उठाया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। सुरक्षा-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मेला क्षेत्र व ताजियों के आने के लिए निर्धारित रूट पर जगह-जगह पुलिस के साथ ही पीएससी के जवान तैनात किए गए। वहीं समाज के लोगों ने भी व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग किया। इस मौके पर कदीर अहमद, अमीर अहमद, शमशीर अहमद, परवेज अली, साबिर हुसैन, सादिक हुसैन, कौसर अली, यासीन, अली मुर्तजा, उस्मान अली, लियाकत अली, कय्यूम अली, नसीब, वसीम, पप्पू, जावेद अली, वाजिद अली आदि मौजूद रहे।

## इमाम हुसैन की शहादत को समर्पित जलसे में पेश कीं तकरीरें

**सितारगंज, अमृत विचार :** मोहर्रम की 9वीं तारीख की रात इमाम हुसैन और उनके वफादार साथियों की शहादत की याद में एक जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज़ से आए सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की। जलसे में बरेली से तशरीफ लाए प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना साकिब रजा जियाई, मौलाना राशिद उल कादरी मिस्बाही और मौलाना जावेद अख्तर सहित कई नामचीन उलेमाओं ने करबला की शहादत पर दिलों को झकझोर देने वाली तकरीरें पेश कीं। मौलाना राशिद मिस्बाही ने बताया कि किस तरह इमाम हुसैन और उनके मासूम बेटे व रिश्तेदारों को यजीदी फौज ने मैदान-ए-कर्बला में नमाज़ के दौरान शहीद किया, लेकिन उन्होंने कभी भी जुल्म के आगे सर नहीं झुकाया और हक की राह में अपनी जान कुर्बान कर दी। मौलाना साकिब रजा जियाई ने अपने बयान में कहा कि इमामे हुसैन से मोहब्बत का असल मतलब है दीन से मोहब्बत, शरीअत की पैरवी और बुराइयों से दूरी, साथ ही उन्होंने लोगों को नबी के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी। मौलाना जावेद अख्तर ने अहले बैत और सहाबा दोनों से मोहब्बत करने को अहले सुन्नत की पहचान बताया। जलसे में शायरे इस्लाम हाजी अज़ीम अनवर अजीजी और फैजान नोमानी ने अपने भावुक कलामों से माहौल को अल्हदा बना दिया, वहीं हाफिज़ मोहम्मद अली गौहर ने नात, मनकबत और निजामत से जलसे की रौनक को बुलंद किया। कार्यक्रम में मो. तस्लीम, जाकिर अंसारी, अहसास अंसारी, मो. आरिफ, अनवार अंसारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे जलसे में करबला की यादें ताज़ा हो गईं और हर आंख नम नज़र आई।


सितारगंज में आयोजित जलसे में तकरीर करते मौलाना। ● अमृत विचार


किच्छा में ताजिये निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# इमाम हुसैन के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हजरत इमाम हुसैन की शहादत दिवस के मौके पर मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने ताजिए निकाले और कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन को याद कर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इमाम हुसैन की शहादत दिवस के अवसर पर नगर स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, चूड़ी शाह दरगाह मस्जिद, सुनेहरी मस्जिद, कादरी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में मजलिसों का आयोजन किया गया।

हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी शहादत दिवस के अवसर पर नगर स्थित चूड़ी शाह दरगाह पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समाज द्वारा बनाए गए बड़े-बड़े ताजिए चूड़ी शाह दरगाह मस्जिद के निकट एकत्रित हुए। जहां से मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग जुलूस की शक्ल में दीन दयाल उपाध्याय चौक, मुख्य बाजार, रेलवे फाटक होते हुए ताजियों के साथ नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी किनारे कर्बला पहुंचे। जहां ताजियों को परंपरागत तरीके से दफनाने की रस्म अदा की गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के युवाओं ने जुलूस में पहुंचे लोगों को प्रसाद एवं मीठा शरबत वितरित किया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार एवं पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में मुस्तैदी से पुलिसकर्मी तैनात नजर आए। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हाजी सरवर यार खान, नजाकत खान, एनयू खान, इश्तियाक अहमद, यासिर कुरैशी, दानिश मलिक, सईदुल रहमान मलिक, इम्तियाज मलिक, गुड्डू मलिक, अकरम खान, मोहम्मद जलाल, अबरार अहमद, बाबू कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सादगी के साथ निकाला मोहर्रम का जुलूस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मोहर्रम का मातमी का जुलूस सादगी के साथ निकाला गया। जो निर्धारित रूटों से होते हुए देर शाम अल्ली खां स्थित करबला मैदान में संपन्न हुआ। रविवार को मोहल्ला अल्ली खां स्थित करबला मैदान में मेले का आयोजन किया।

इस दौरान मोहल्ला विजय नगर, नई बस्ती, कटोराताल, काजीबाग, बांसफोड़ान, महेशपुरा, पाकीजा कॉलोनी कचहरी, अल्ली खां के अलावा बैलजुड़ी व सरवरखेड़ा से बड़ी संख्या में ताजिए करबला मैदान पहुंचे। करबला मैदान में ग्राम बैलजुड़ी व सरवरखेड़ा से भी ताजिये पहुंचे। लोगों ने इमाम हुसैन की याद में जगह-जगह लंगर व शरबत बांटा। यहां पर करबला कमेटी के अध्यक्ष रफी खान, पप्पू मंसूरी, अली जान, एडवोकेट नस्तर अली, एमए राहुल, पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, हसीन खान, एडवोकेट अशरफ रहे।


काशीपुर के करबला मैदान में ताजिये के साथ लोग। ● अमृत विचार

# खटीमा में किया इमाम हुसैन की शहादत को याद

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मोहर्रम का पर्व नगर और ग्रामीण क्षेत्र में शिद्दत से गमगीन माहौल में इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मनाया गया। यहां गोटिया वार्ड नंबर 10 में शिया मुसलमानों ने इमाम हुसैन के गम में मातम के रूप में मनाया।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सैयद दानिश जान तिरमिजी ने बताया कि खटीमा के गोटिया में यह पर्व 2014 से लगातार मनाया जा रहा है। शिया मुसलमानों ने ताज़िए निकाले और उन्हें करबला में गमगीन माहौल में दफन किए गए। इधर ग्राम भेंसहा कर्बला में जमौर, मझोला, कंचनपुरी, नौसर, कलेक्टर फॉर्म, ढकिया, हुलकरी गुलडिया आदि से छोटे बड़े सभी ताजिये निकले। मंजूर अहमद, अखलाक अंसारी, मो. कमर शेर, मो.अतहर अंसारी, हुजूर अहमद, शफीक अहमद, बारिश अली आदि रहे।


खटीमा में रविवार को मुहर्रम पर ताज़िए निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


सुल्तानपुर पट्टी में ताजिए के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

## सुल्तानपुर पट्टी में भी निकाले ताजिये

**सुल्तानपुर पट्टी :** इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम का पर्व गमगीन माहौल में परंपरागत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। इसके बाद कर्बला मैदान में नमाज अदा की गई। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। यह पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यहां मोहर्रम कमेटी के संचालक डॉ. अहमद अली, अध्यक्ष सरताज आलम, साजिद हुसैन, सबदर हुसैन, जाफर हुसैन, मोहम्मद रफी, इम्तियाज़ खान, मोहम्मद जान, मो. अहमद, महफूज आलम, नूर हसन रहे।

# शिविर लगा 111 यूनिट रक्त संग्रह किया

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** नगर में नेकी खिदमत फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौथे विशाल हसन हुसैन ब्लड डोनेशन कैम्प ने रविवार को 111 यूनिट रक्त संग्रह कर एक नई मिसाल कायम की। जिसका उद्घाटन उत्तराखंड हज कमेटी के चेयरमैन खतीब अहमद ने किया, जिन्होंने इस प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और कहा कि रक्तदान सिर्फ जीवनदान नहीं, बल्कि मानवता और भाईचारे को जीवित रखने का जरिया है।

फाउंडेशन के अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराना है ताकि कोई भी इंसान सिर्फ ब्लड की अनुपलब्धता या आर्थिक तंगी के चलते जान न गंवाए। कैम्प में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वार्ड नं-4 के सभासद रिहान अंसारी ने बताया कि फाउंडेशन की टीम सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार जरूरतमंदों से जुड़ी रहती है और अब तक कई जानें बचाई जा चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गौरव गोयल, राजीव गुप्ता, आशु खान, अमित गर्ग, मुदस्सर मूसा, सलीम अंसारी, जुबैर अंसारी, इकराम अल्वी, तौफीक अंसारी, मोबीन अंसारी, हाजी इकबाल अंसारी, राजा अंसारी, बसीम कुरैशी, साजिद अल्वी, शहज़ाद अंसारी, तनवीर अंसारी समेत सैकड़ों रक्तवीर और स्वयंसेवक मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हज कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद व अन्य। ● अमृत विचार

# पूर्व सैनिक सम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

संवाददाता, खटीमा

● **सेवानिवृत्त सैनिकों का किया स्वागत**

**अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों के सम्मेलन में संगठन द्वारा किए गए कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं सेवानिवृत्त होकर आए सैनिकों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान समय तक संगठन द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धियों, केन्द्र व राज्य सरकार से पूर्व सैनिकों को मिलने वाली हितकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। वहीं इस दौरान सभी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को सरकार की हितकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील की गई। सम्मेलन में कुछ पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं रखी। संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने अधिकारियों से बात की और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सम्मेलन में सर्व प्रथम पिछले तीन माह में दिवंगत हुए पूर्व सैनिकों तथा सेवा के दौरान शहीद हुए सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला उपाध्यक्ष नारायण सौन, राजेन्द्र सिंह अधिकारी, महासचिव होशियार बोरा, दान सिंह बोरा, धन सिंह सामंत, दान सिंह धामी, लक्ष्मण सिंह महर रहे।

## सार-संक्षेप



खटीमा में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए चयनित बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन के सदस्य।

### नोजगे के दो छात्रों का स्पोर्ट्स कॉलेज में चयन

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी के छठवीं के छात्र कार्तिक पांडे और आठवीं के अंशुमन का चयन स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए हुआ है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में कार्तिक और स्पोर्ट्स कॉलेज कोटद्वार में अंशुमन का चयन भी बॉक्सिंग खेल के लिए हुआ है। दोनों छात्रों के चयन पर प्रबंध निर्देशिका सुरेन्द्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, विरेन्द्र सिंह, उपप्रधानाचार्य एचसी पंत, कोच ललित पांडे ने छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह सौन, उस्मान बाबर, प्रभा ज्याला, डॉ. अनिल शर्मा, अभिषेक भटनागर, विनय नगरकोटी, नवीन चन्द, ललित चंद, दीपक गुंबर, दिनेश गड़कोटी, सुमित घोष व कुसुम शर्मा आदि मौजूद रहे।



मोक्ष धाम के अध्यक्ष विजय सुखीजा को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष व सभासद।

### मोक्ष धाम गदरपुर के अध्यक्ष विजय सुखीजा सम्मानित

**गदरपुर :** मोक्ष धाम गदरपुर के अध्यक्ष विजय सुखीजा को रविवार को नगर पालिका परिषद गदरपुर में पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर मिंटू, सभासदों एवं कर्मचारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर ने कहा कि गदरपुर मोक्ष धाम अपनी सुंदरता स्वच्छता के लिए पूरे देश में ख्याति प्राप्त कर रहा है लोग बड़ी दूर-दूर से आकर गदरपुर मोक्ष धाम को देखकर जाते हैं और संकल्प लेते हैं कि वह भी अपने क्षेत्र के मोक्षधामों को इसी तरीके से सुंदर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका पूरा श्रेय मोक्ष धाम के अध्यक्ष विजय सुखीजा को जाता है। जिनके प्रयासों से गदरपुर मोक्ष धाम ने एक नया आयाम स्थापित किया है। मोक्ष धाम गदरपुर के अध्यक्ष विजय सुखीजा ने पालिका अध्यक्ष, सभासदों एवं पूरी नगर पालिका टीम का आभार जताया। इस अवसर पर सभासद सचिन गुप्ता मुकेश चावला बृजेश चौधरी राकेश चावला संतोष गुप्ता सलीम बाबा इदरीश पाशा आकाश कोचर अश्वनी कुमार सहित कर्मचारी उपस्थित थे।



दिनेशपुर में प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षणार्थी। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र व टूल किट वितरण किए

**दिनेशपुर :** एसके कंप्यूटर अकादमी के तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण के समापन पर अतिथियों ने 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरण किए। इस दौरान सस्था के प्रबंधक प्रेम राजपूत ने कोर्सों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल शिक्षा, तकनीकी विकास के साथ भविष्य में कंप्यूटर की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीमरी ब्लॉक प्रधान अजय राजपूत ने की। इस मौके पर समाजसेवी सोमनाथ भाटिया, कबीर राजपूत, दीपक घोष,सतपाल राजपूत आदि सहित अभिभावक व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा को दी श्रद्धांजलि



ओम प्रकाश (फाइल फोटो)।

**गदरपुर :** नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के पिताजी समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा की तेरहवीं पर नगर के वर्क पैलेस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व्यापारिक नेता एवं सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्व. ओम प्रकाश शर्मा को श्रद्धांजलि दी। जिसमें क्षेत्रीय विधायक गदरपुर अरविंद पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुट्टी, पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार, सभासद सचिन गुप्ता, महिला मोर्चे की पूर्व अध्यक्ष सीमा चौधरी, सुरेश कंबोज, संतोष गुप्ता, अनिल छाबड़ा, सुरजीत सिंह, सोनू, राजेश सक्सेना, सिद्धार्थ भुसरी, दीपक बेहर, संदीप चावला, राहुल अनेजा, विजय कश्यप, आनंद प्रकाश, जगन्नाथ, पंकज बजाज व वीरेंद्र गगनेजा सहित सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे।

### कैंडल मार्च निकाल शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**बाजपुर :** कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति बाजपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा व उनकी पत्नी मीरा वर्मा ने वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा+ प्रभु से शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाला और देशभर में मासूम बेटियों, जघन्य अपराधों, आतंकवाद, नक्सलवाद व अलगावबाद के कारण शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि सतयुग का मतलब है संपूर्ण न्याय, संपूर्ण न्याय का मतलब है अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, शोषण मुक्त एवं शांति, खुशहाली सुख-समृद्धि से संपन्न राष्ट्र। लेकिन वर्तमान लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था, शासन-पुलिस व्यवस्था एवं न्याय व्यवस्था, भारत की गरीब, कमजोर, मजदूर जनता के लिए एक धोखा है। कहा आज आम आदमी परेशान है।

# रुद्रपुर में महापौर विकास शर्मा ने किया त्रिशूल चौक का भूमि पूजन

## बोले महापौर -जल्द अन्य प्रमुख चौराहों पर भी होगी धार्मिक प्रतीक चिह्नों की स्थापना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर को धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक स्वरूप देने के संकल्प के साथ रुद्रपुर के इंदिरा चौक पर त्रिशूल की स्थापना की कवायद शुरू हो गयी है। इसको लेकर महापौर विकास शर्मा ने श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों के साथ मिलकर त्रिशूल चौक का भूमि पूजन किया।

रविवार देर शाम भूमिपूजन के दौरान महापौर ने कहा कि इस ऐतिहासिक चौक का नाम त्रिशूल चौक रखा जाएगा, जिसकी औपचारिक घोषणा जल्द ही एक भव्य कार्यक्रम में की जाएगी। महापौर ने बताया कि उनके द्वारा नगर निगम चुनाव के दौरान वादा किया गया था कि शहर के प्रमुख चौराहों को धार्मिक प्रतीकों के माध्यम से नई पहचान दी जाएगी। त्रिशूल, डमरू, धर्मचक्र जैसे प्रतीकों को स्थापित कर न केवल धार्मिकता को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि चौराहों को एक भव्य और सांस्कृतिक स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस दिशा में कार्य योजना तैयार कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। मुख्यमंत्री धामी ने गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में रुद्रपुर के चौराहों पर धार्मिक प्रतीकों की स्थापना की सार्वजनिक घोषणा की थी, जिसे अब धरातल पर उतारने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि यह केवल एक शुरुआत है, आगे अन्य प्रमुख चौराहों पर भी इसी तरह के धार्मिक प्रतीकों की स्थापना की जाएगी। जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रुद्रपुर आगमन पर इस त्रिशूल चौक का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद महापौर श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों के साथ अमरनाथ के लिए रवाना हो गये। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रुद्रपुर में रविवार को त्रिशूल चौक का भूमि पूजन करते महापौर विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

सुनील ढुकराल, अजय चड्ढा मनीष चुग, सचिन गुंबर, विवेक दीप सिंह, पारस चुग, कालू नारंग, रजनीश बत्ता, सुशील नारंग, राजन राठौर, संदीप मिश्रा, प्रमोद शर्मा, बिट्टू शर्मा गोपी सागर, स्वाति तिवारी, रश्मि रस्तोगी, मोहन तिवारी, राजेश कमरा, प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, गुलशन छाबड़ा, कालू नारंग, गोविंद शर्मा, करुण गुप्ता, विश्वनाथ शर्मा, वरुण मुंजाल, अंकित नरूला, गौरव जुयाल, शेखर जुयाल व अमित अरोरा बॉबी मौजूद रहे।

# चुघ परिवार ने वृंदावन से शुरू किया पौधरोपण अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

● महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने किया शुभारंभ

**अमृत विचार:** चुघ परिवार ने मां उर्मिला रानी के निधन के बाद उनकी स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लिया था। जिसका शुभारंभ उन्होंने वृंदावन स्थित परमहंस आश्रम से शुरू कर दिया है। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए बेलपत्र, रुद्राक्ष, कदंब व नीम आदि के पौधे रोपे।

वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, तरुण चुघ और मनीष चुघ की माता पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ का 22 जून को आकस्मिक निधन हो गया था। जिस पर चुघ परिवार ने अपनी माता की याद में प्रतिवर्ष 101 पेड़ लगाने का भी संकल्प लिया था। उसी के तहत आज वृंदावन में परमहंस आश्रम में पौधरोपण कर शुभारंभ कराया। साथ ही सुरक्षा और देखभाल की शपथ भी ली। स्वामी धर्मदेव ने कहा कि संसार में प्रत्येक मनुष्य अपनी देह को त्याग देता है, लेकिन उनकी स्मृतियां को सदैव जीवित रखने के लिए ऐसे संकल्प समाज को नई प्रेरणा देते हैं। भारत भूषण चुघ ने कहा कि माता की स्मृति में आज पहले संकल्प पौधारोपण अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके बाद गरीब कन्याओं का विवाह और निर्धन बच्चों की निशुल्क शिक्षा का भी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। महंत संजीव कपिल, महंत राधा नंद गिरी जूना अखाड़ा वृंदावन, चुन्नीलाल चुघ, किशन लाल रामड़े, अंजू रामडे, रिषभ रामड़े, तान्या रामड़े, अवधेश शर्मा, देवानंद रहे।



वृंदावन में पौधारोपण करते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ। ● अमृत विचार

# श्री अमरनाथ की यात्रा के श्रद्धालुओं का जत्था पांच मंदिर से हुआ रवाना

● सांसद अजय भट्ट ने जत्थे को किया रवाना, मंगलमय यात्रा के लिए दीं शुभकामनाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्री अमरनाथ सेवा मंडल के की ओर से रविवार को रुद्रपुर पांच मंदिर से 98 लोगों का जत्था अमरनाथ की यात्रा के लिए रवाना हुआ। इसे नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने रवाना किया। यह जत्था अपनी यात्रा पूर्ण कर 14 जुलाई को रुद्रपुर वापस लौटेगा।

वहीं अमरनाथ को जाने वाले श्रद्धालुओं का जगह जगह पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया। इससे पहले पांच मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने सभी की मंगलमय सुखमय यात्रा की महादेव से कामना की एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, यात्रा के संयोजक सुनील ठुकराल, बाबू चड्डा, महेश बब्बर,विजय अरोरा, विजय विरमानी, बॉबी अरोरा, मानिक अरोरा, राजन राठौर, पंकज बांगा, संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, मयंक कक्कड़, मनीष चुघ, वरुण मुंजाल, मोहित कक्कड़ व अन्य लोग रहे।



श्रद्धालुओं के साथ सांसद अजय भट्ट, विद्यायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

# श्रमिकों की राष्ट्रव्यापी ट्रेड यूनियन हड़ताल 9 को

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी ट्रेड यूनियन (मजदूर) हड़ताल को सफल बनाने के लिए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें सिडकुल की तमाम ट्रेड यूनियन, मजदूर संगठन समेत कई श्रमिक प्रतिभाग करेंगे।

रविवार को रविंद्र नगर स्थित श्रमिक संयुक्त मोर्चा कार्यालय आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्रमिक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी मजदूर हड़ताल के तहत गल्ला मंडी में प्रदर्शन और सभा आयोजित की जाएगी। जिसमें सिडकुल की तमाम ट्रेड यूनियन, मजदूर संगठन हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने श्रमिक पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 नए श्रम कोड लाए हैं। जिनके लागू होने के बाद मजदूरों के अधिकार प्रभावित होंगे। मोर्चा के महामंत्री चंद्रमोहन लखेड़ा, दलजीत सिंह, साहब सिंह, दिनेश चंद्र, अनिता अन्ना, हरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, ललित मटियाली थे।



कृषि उत्पादन मंडी सितारगंज में बैठक करते जाइडस कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स। ● अमृत विचार

### सितारगंज मंडी में जाइडस ठेका मजदूरों ने भरी हुंकार

**सितारगंज :** जाइडस कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सितारगंज मंडी में एकजुट हुए ठेका मजदूरों ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और पूंजीपतिपरस्त रवैए के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में पूरी ताकत से शामिल होने का संकल्प लिया। बैठक में यूनियन नेता नरेंद्र सिंह, ज्योति चंद, सूरज भंडारी, आशिक अंसारी, अनीता देवी, रेशमा अहमद, नीलम, भारत सिंह, मीरा देवी, मोहम्मद साहिल, राजकिशोर, प्रदीप कुमार, मनजीत सिंह, काशीराम, संजीव कुमार, प्रद्युम्न, अशोक सिंह, सुरेन्द्र कुमार, हरिओम भारती, पारस, जफर, लाल मनोहर आदि मौजूद रहे।

# बद्रीपुर में आबादी क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से हड़कंप

**बाजपुर:** ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए आबादी की ओर बढ़ने लगे हैं। शनिवार की देर रात्रि एक तेंदुआ ग्राम बद्रीपुर में आबादी के नजदीक देखा गया है, जोकि एक पोल्ट्री फार्म के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। आबादी के नजदीक तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने की घटनाएं आम होने लगी हैं। पूर्व में यह जंगली जानवर आबादी के पास लोगों को देखकर खेतों में चला जाया करते थे, लेकिन वर्तमान में तेंदुआ लोगों को देखकर डरने के बजाया गुर्राने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक तेंदुआ है, जो पिछले कई दिन से क्षेत्र में ही विचरण कर रहा है। ग्रामीण वैसे भी इसे लंबे समय से यदाकदा देखते रहते हैं। लोगों को डर है कि कहीं तेंदुआ देर-सबेर जंगल जाने वाले लोगों पर हमला न कर दे। ग्रामीणों ने वन विभाग से ट्रैकिंग कैमरे व पिंजड़ा लगाने की मांग की है जिससे तेंदुए को पकड़ा जा सके।

### सालबोझी से हटाए गए अतिक्रमण स्थल पर पौधारोपण शुरू

**खटीमा :** सालबोझी-एक क्षेत्र में करीब पिछले 60 वर्ष पुराने अतिक्रमण को गत वर्ष मुक्त कराया गया था। इस वन भूमि लगाए जाने वाले पौधों का रविवार को वन दरोगा धन सिंह अधिकारी ने पौधरोपण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर समस्त वन स्टाफ उपस्थित रहे। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सहभागिता से क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन क्षेत्र की जैव विविधता को पुनर्स्थापित करना एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।

6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।


7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।

3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।

5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।




### वर्ग पहेली -23 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | | 2 नि | | |
| धि | | | 3 पै | शा | चि | 4 क |
| मा | | | | च | | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | | पें |
| | | | | | | दि |
| | | | | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | | | |

### सुडोकू-31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | | 7 | | 1 | | 9 |
| | 2 | | | | | 7 | | 4 |
| | | 9 | | 8 | 3 | 6 | | |
| | 8 | | 9 | | | 5 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | 3 | | | 4 | | 7 | |
| | | 7 | 5 | 6 | | 9 | | |
| 9 | | 8 | | | | | 2 | |
| 3 | | 1 | | 4 | | 8 | | 7 |

### सुडोकू - 30 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष,द्वादशी-11.10 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा, 8 जुलाई 01.11 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज परिजनों और स्वयं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अपने महत्वपूर्ण सामानों को संभालकर रखें। रुके हुए कार्यों को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। व्यर्थ के झगड़ों के कारण आपका व्यवहार खराब हो सकता है। तांत्रिक और गुप्त साधनाओं के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है।

**वृष:** आज महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की बॉस प्रशंसा कर सकते हैं। लोग आपकी बातों को अत्यधिक महत्व देंगे। कारोबार में आपको थोड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बैंकिंग और मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। सोशल मीडिया में आपके नए मित्र बन सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी।

**सिंह:** आज आप अत्यंत प्रसन्नता महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठायेंगे। संपत्ति विवादों का निपटारा होगा। ऑनलाइन कारोबार से लाभ होगा। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**कन्या:** आज आप एक साथ कई सारे काम करने से बचें। महिलाओं को पीठ दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके ऊपर घर वालों का दबाव रहेगा। प्रिय जनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं।

**तुला:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति अत्यंत गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ आप महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठायेंगे। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मत भिन्नता दूर होगी। कार्यक्षेत्र की समस्या आज दूर होगी। उच्चाधिकारियों से अधिक बहस न करें। शेयर मार्केट आदि से आपको लाभ मिलेगा।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में अधिक ध्यान देना चाहिए। वाहन के रखरखाव पर धन खर्च होगा।

**मकर:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अपेक्षित कार्य समय से पूर्ण न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। किसी काम में मन नहीं लगेगा। किसी नए काम की योजना बना सकते हैं। आपके साथियों के बीच आपसी तनाव हो सकता है।

**कुंभ:** आज कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। संतान के भविष्य की चिन्ता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिए। ससुराल पक्ष से आपको सम्मान प्राप्त होगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज माता-पिता से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। दाम्पत्य समस्याओं का समाधान होने की संभावना बन रही है। कानूनी मामलों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

### पांच दिनों तक चलेगा महोत्सव, 10 जुलाई को रायनगर चौड़ी, डैंसली और कलीगांव से निकलेंगे देवीरथ

# भव्य झांकी के साथ देवीधार महोत्सव का आगाज

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** देवीधार मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ मां भगवती की भव्य झांकी के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक झोड़ों और मांगलिक गीतों का गायन किया।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह मेहता की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिर, महाकाली मंदिर, और बिलवा मंदिर से होते हुए मुख्य भगवती मंदिर तक भव्य झांकी निकाली। झांकी के आगे छलिया नृतकों ने उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक करतब प्रस्तुत किए।


देवीधार मंदिर में कलश यात्रा के साथ विभिन्न वेशभूषा में बच्चे व लोग। ● अमृत विचार

झांकी के मंदिर पहुंचने पर पुरोहित जगदीश पुनेठा ने पूजा-अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत की। महोत्सव में डैंसली, रायनगर चौड़ी, कलीगांव, गोरखानगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अध्यक्ष मेहता ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। मुख्य मेला 10 जुलाई को होगा, जिसमें रायनगर चौड़ी, डैंसली, और कलीगांव से देवीरथ मां भगवती मंदिर पहुंचकर परिक्रमा करेंगे। महोत्सव के आयोजन में शेर सिंह, प्रकाश राय, भैरव राय, कैलाश सिंह मेहता, नरेश राय, शिवराज बिष्ट, मदन राम, भूपेश राय, प्रकाश सिंह मेहता, जगदीश, नीरज सिंह, रमेश बिष्ट, महेश राय, और विमल मेहता सहित कई लोग सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं।

## बिना सत्यापन चार लोगों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** जिलेभर में पुलिस का सत्यापन अभियान जारी है। देघाट पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान बिना सत्यापन फेरी लगा रहे चार बाहरी व्यक्तियों पर पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही 40 से अधिक लोगों के सत्यापन किए गए।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर इन दिनों जिले भर के थाना और चौकी पुलिस अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत सत्यापन अभियान चला रही है। इसी क्रम में देघाट थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान के तहत लोगों को बिना पुलिस सत्यापन किरायेदार व मजूदर न रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि अपने मकान पर रखे गये किराएदार व मजदूरों का सत्यापन अतिशीघ्र करा लें अन्यथा विधिक कार्रवाई की जाएगी।


अमोड़ी में लगे शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## अमोड़ी व नायकगोठ में लगाया चिकित्सा शिविर

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुद्देशीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। रविवार को जिले के अमोड़ी एवं टनकपुर के नायकगोठ में शिविर आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविरों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अमोड़ी शिविर में कुल 54 मरीजों की ओपीडी जांच, 46 एक्स-रे, तथा 12 बलगम सैंपल एकत्र किए गए। जबकि नायकगोठ में 129 ओपीडी जांच, 36 एक्स-रे, तथा 17 बलगम सैंपल जांच के लिए लिए गए। स्वास्थ्य परामर्श एवं मरीजों को नि :शुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। सीएमओ डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट, तकनीकी टीम एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# नैनी जिफल्टा गांव पंचायत जहां हर बार चुना जाता है निर्विरोध ग्राम प्रधान

### ग्राम सभा गठन से अब तक निर्विरोध चुने हैं प्रधान, इस चुनाव में भी परंपरा कायम

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जिले का विकासखंड लमगड़ा का एक ऐसा गांव नैनी जिफल्टा जहां ग्राम सभाओं के गठन के बाद अब तक प्रधान पद पर चुनाव नहीं हुआ है। हर साल यहां सर्वसम्मति से ही ग्रामीण ग्राम प्रधान चुनते आ रहे हैं। वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी यह परंपरा जारी है।

देश में ग्राम सभाओं की प्रक्रिया शुरू हुए साढ़े छह दशक से अधिक समय बीत गया है। 1992 में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला है। गठन से अब तक लमगड़ा ब्लॉक की नैनी जिफल्टा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव नहीं हुआ है। यहां ग्राम पंचायत की चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही ग्रामीणों की बैठक होती है। बैठक में सर्वसम्मति से एक ग्रामीण का प्रधान पद के लिए चयन किया जाता है। इसके बाद कोई भी अन्य व्यक्ति प्रधान पद पर चुनाव के लिए नामांकन नहीं करता है। चुनावी प्रक्रिया के तहत प्रधान पद के लिए एकमात्र नामांकन मदन सिंह की ओर से भरा गया है। जांच में नामांकन सही पाए जाने पर उनका निर्विरोध प्रधान चुना जाना तय है। गांव में पंचायत गठन से अब तक करीब साढ़े छह दशक बाद भी प्रधान पद पर निर्विरोध निर्वाचन वर्तमान दौर में बड़ी बात है।


विकासखंड लमगड़ा का नैनी जिफल्टा गांव। ● अमृत विचार

### सबसे पहले शेर सिंह बने थे निर्विरोध प्रधान

नैनी जिफल्टा में सबसे पहले शेर सिंह को इस गांव का निर्विरोध प्रधान चुना गया। उसके बाद मदन सिंह प्रधान बने और लगातार चार कार्यकाल में उन्होंने ग्राम प्रधान का दायित्व निर्वहन किया। इसके बाद लक्ष्मण सिंह, दीवान सिंह, खड़क सिंह, राम सिंह, दीपा देवी निर्विरोध प्रधान चुनीं गई। 2019 में मदन सिंह को प्रधान चुना गया था। इस बार भी ग्रामीणों ने बैठक कर मदन सिंह के नाम पर मुहर लगाई है।

### सड़क तक पहुंचने को छह किलोमीटर पैदल दूरी नापते हैं ग्रामीण

नैनी जिफल्टा गांव उत्पादन की दृष्टि से काफी उपजाऊ है। सिंचाई के लिए भी यहां पानी की कमी नहीं है। धान, गेहूं के अलावा दाल और सब्जी उत्पादन के लिए भी गांव की पहचान है। पशुपालन भी ग्रामीणों की आजीविका का साधन है। निर्विरोध प्रधान चुनकर आदर्श स्थापित करने वाले इस गांव में अब तक सड़क नहीं पहुंची है। सड़क पर पहुंचने के लिए जलना तक ग्रामीणों को 6 किमी पैदल चलना पड़ता है। इस ग्राम पंचायत में नैनी और जिफल्टा राजस्व गांव हैं। पूर्व में कुछ समय पहले नैनी में 62 मवासे और जिफल्टा गांव में 20 परिवार आवाद थे। सड़क नहीं होने से स्कूल, स्वास्थ्य सेवा और बेहतर भविष्य की चाह में 50 परिवार यहां से पलायन कर चुके हैं, हालांकि दोनों गांवों के 30 परिवारों से अधिक ग्रामीण गांव में ही रह रहे हैं।

## मणुली की मोहनी बनीं निर्विरोध प्रधान

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** जिले के विकास खंड सल्ट के मणुली में ग्रामीणों ने एक बार फिर एकता दिखाई है। ग्रामीणों ने महिला मंगल दल की अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मोहनी देवी को निर्विरोध ग्राम प्रधान चुना है। इस गांव से ग्रामीणों ने पूरे समर्थन के साथ मोहनी का नामांकन कराया है।



मोहिनी ने कहा है कि वह ग्राम प्रधान के पद पर रहकर ग्रामीणों को उनके अधिकारों के बारे में पूरी जानकारी देगी और अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएंगी। इस ग्राम सभा में पहली बार ग्राम प्रधान का चुनाव निर्विरोध हुआ है। मोहिनी के निर्विरोध निर्वाचन होने पर उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्षद पीसी नैलवाल ने कहा है ग्रामीणों के इस निर्णय से जहां ग्रामीणों का आत्मविश्वास बढ़ेगा वहीं गांव का विकास भी होगा। रविवार को ग्रामीणों ने मोहिनी का सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें दर्जा मंत्री पीसी नैलवाल, दीप नैलवाल, लक्ष्मी दत्त, शंभु दत्त, बची राम, सुरेश नैलवाल, रॉबिन, कैलाश, महेश, माधवी, महेशी, बसंती, शांति चंपा गीता, पार्वती आदि मौजूद रहे।

# थाने का घेराव, जमकर हंगामा


कपकोट में थाने का घेराव करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कपकोट पुलिस पर नाबालिग के साथ अभद्रता करने के आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए नागरिकों ने रविवार को भी कपकोट थाने का घेराव किया तथा एक जनप्रतिनिधि पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इस दौरान कई जगह सांकेतिक जाम भी लगाया।

कपकोट में गत दिनों एक व्यक्ति ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही एक व्यक्ति और उसके साथी ने दुष्कर्म का प्रयास किया तथा छेड़छाड़ की व अपहरण का प्रयास किया। इसके बाद भी आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं रही है। शनिवार को ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया था परंतु देर सायं उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे रविवार को पुनः आंदोलन करेंगे। रविवार को सुबह होते ही दर्जनों ग्रामीण व नागरिक वहां पहुंच गए तथा उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी प्रारंभ कर दी। उनका आरोप था कि पुलिस द्वारा उन्हें आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना झूठी दी है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश नहीं कर रही है तथा दूसरे को गिरफ्तार नहीं कर पाई है आरोप लगाया कि जन प्रतिनिधि द्वारा आरोपी कार्यकर्ता को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने नागरिकों को समझाने का प्रयास किया परंतु वे नहीं माने।

> कोई भी नेता किसी आरोपी को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। कुछ लोग इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस कानून की रक्षा के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है।
> -**सुरेश गड़िया**, विधायक कपकोट

बाद में विधायक सुरेश गड़िया भी थाने पहुंचे व उन्होंने कहा कि किसी को बचाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने तथा कहा कि जब तक हिरासत में लिए आरोपी को जेल नहीं भेजा जाएगा व दूसरे की गिरफ्तारी नहीं की जाएगी वे आंदोलन में डटे रहेंगे।

# भगरतोला-कपकोली सड़क की बदहाली पर ग्रामीणों में आक्रोश

- **शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी**
- **जल्द सड़क का सुधारीकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** धौलादेवी विकासखंड के भगरतोला-कपकोली सड़क की बदहाली को लेकर को ग्रामीण मुखर हो गए है। रविवार को नाराज ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। जल्द बदहाल सड़क को सुधारने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय भगरतोला-कपकोली सड़क बदहाल बनी हुई है। कई बार शासन-प्रशासन को सड़क के सुधारीकरण को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के बाद पूरी सड़क कीचड़ से सन गई है। कीचड़ से लबालब सड़क पर दोपहिया वाहन धंस रहे हैं। वहीं, चौपहिया वाहनों को धक्का लगाकर आगे बढ़ाया जा रहा है। हालात यह है कि यहां से पैदल आवाजाही तक मुश्किल है। कहा कि लंबे समय से सड़क की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क के सुधारीकरण की मांग उठाई। यहां प्रदर्शन करने वालों में दयाल पांडे, हिमांशु भट्ट, गोकुल पांडे, हरिमोहन भट्ट, पूरण पांडे, गौरव भट्ट, गणेश आदि रहे।


भगरतोला-कपकोली सड़क की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# या हुसैन के नारों के साथ निकले ताजिये

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में मुहर्रम पर रविवार की देर शाम नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह तलवारबाजी का भी प्रदर्शन हुआ। देर रात करबला पहुंचने के बाद ताजियों को दफनाया दिया गया।

नगर के भ्यारखोला, लाला बाजार, कचहरी बाजार, थाना बाजार, नियाजगंज में कलात्मक ताजिये बनाए गये थे। यहां से देर शाम नियाजगंज से ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। जुलूस लाला बाजार, कचहरी बाजार से मालरोड होते हुए थाना बाजार पहुंचा। जुलूस के दौरान लाठी और तलवारबाजी का प्रदर्शन कर करतब भी दिखाए गए। थाना बाजार में अखाड़े को अंतिम सलामी की रस्म अदा कर जुलूस का समापन हुआ। देर रात ताजियों को करबला में दफनाया गया। यहां शहर इमाम शेर बहादुर अली कादरी, नसीम अहमद, हाजी नूर अकरम खान, आमिर खान, फाखीर खान, यासर खान, सद्दाम, समरोज मेराजुल इस्लाम, हाजी सफीक, इरफान खान, इस्लाम हुसैन, आतिफ खान आदि रहे।


टनकपुर में ताजिए के साथ जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग।

### पांच इमामबाड़ों में तैयार किए गए आकर्षक ताजिये

हर साल मुस्लिम समाज के लोग मुहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन को याद करते हैं। इसे लेकर अल्मोड़ा की ताजियादारी कुमाऊं भर में प्रसिद्ध है। मुहर्रम का चांद दिखते ही, ताजिएदारी की तैयारी शुरू हो गई थी। नगर के लाला बाजार, नियाजगंज, कचहरी बाजार, थाना बाजार और ओढखोला में ताजियों को अंतिम रूप देकर जुलूस निकाला गया।

## टनकपुर में निकाला मोहर्रम का जुलूस

**टनकपुर, अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर ताजियों और इलम के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। पहला ताजिया वार्ड संख्या चार से अब्दुल नवी के घर से मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष ज़मीर अहमद और रेलवे क्रॉसिंग वार्ड नंबर 3 बिस्मिल्लाह बेगम के नेतृत्व में जुलूस निकाले। ताजिया टनकपुर नगर के मुख्य चौराहा से नगर की मस्जिद होते हुए वर्मा लाइन में विकार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद देर शाम इमामबाड़े पर एकत्रित होकर मनिहारगोठ जामा मस्जिद से हसनैन रजा के नेतृत्व में निकाले गए ताजिया जुलूस मनिहारगोठ में भ्रमण के बाद पीली कोठी होते हुए कब्रिस्तान में कार्यक्रम का समापन हुआ। मोहर्रम कमेटीके अध्यक्ष जमीर अहमद ने बताया कि सोमवार को खटीमा ले जाकर दफनाया जाएगा।

## गोमती किनारे मार्ग में रेलिंग लगाने की मांग

**बागेश्वर, अमृत विचार:** नगर के सैम मंदिर वार्ड में गोमती नदी किनारे मार्ग में रेलिंग न होने के कारण राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। लोगों ने रेलिंग लगाए जाने की मांग की है।

नगर के सैम मंदिर वार्ड में नगर पालिका के अधूरे रैन बसेरा मार्ग में रेलिंग गुणवत्ता न होने के कारण कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई है तथा कई स्थान पर रेलिंग लगी ही नहीं है जिससे मार्ग में खतरे की आशंका बनी हुई है। एडवोकेट नरेंद्र कोरंगा, बीना कोरंगा, वंशीधर कांडपाल, अनीता पाठक, नैना लोहुमी ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन राहगीरों के साथ ही स्कूली बच्चे गुजरते हैं। मार्ग के संकरे होने और दूसरी ओर से खाई होने के कारण यहां पर खतरा बना हुआ है। इधर, सभासद बबलू मटियानी ने कहा कि रेलिंग लगाने के लिए नगर पालिका से धन की मांग की जा रही है।

**आस्था** | धारचूला में हुआ पारंपरिक स्वागत, यात्रियों के दल ने रं संग्रहालय को 10 हजार रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला दल गुंजी पहुंचा

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला दल रविवार को धारचूला से गुंजी पहुंचा, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। तवाघाट में सड़क बाधित होने के कारण रविवार दोपहर 12.45 बजे यात्रा दल धारचूला से रवाना हुआ, जो शाम को करीब 5:45 बजे गुंजी पहुंचा। उससे पहले, पहले दल ने रं संस्कृति को सम्मान देते हुए रं संग्रहालय को 10,000 रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

इससे पहले धारचूला स्थित संग्रहालय पहुंचने पर रं समुदाय की महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में तिलक व पुष्प अर्पित कर यात्रियों का भव्य स्वागत किया। रं कल्याण संस्था के पूर्व अध्यक्ष दीपक सिंह रोकली ने आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व प्रबंधक कृष्णा गर्ब्याल ने रं संस्कृति संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी। यात्रियों ने संग्रहालय का भ्रमण कर रं समाज की विरासत को नजदीक से देखा और उनके द्वारा सांस्कृतिक व भाषाई संरक्षण की सराहना की। पूर्व आईजी विमला गुंज्याल, प्रबंधक दिनेश चलाल, जस्मा गुंज्याल, बिंदु रोकली सहित कई स्थानीय लोग व ग्रामीण इस आत्मीय मिलन में मौजूद रहे। यात्रियों ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।


गूंजी में कैलाश मानसरोवर यात्रियों का स्वागत करते आईटीबीपी के अधिकारी।


रं संग्रहालय में यात्रियों को जानकारी देते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डॉ. मुखर्जी को किया गया याद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई। मुख्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

नगर के मालरोड स्थित एक होटल सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान मेयर अजय वर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश हित के लिए कार्य किए। इसी का नतीजा है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला ने कहा की देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए श्याम प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने एक देश, एक विधान के सिद्धांत को आगे बढ़ाया और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल, कैलाश गुरुरानी, मनोज जोशी, पार्षद अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, मीरा मिश्रा, राहुल जोशी, आनंद भोज, कमल वर्मा, मनोज सनवाल, दीपा अधिकारी, कविता वर्मा, प्रीति रस्तोगी, कमला तिवारी, ललित मेहता, संदीप श्रीवास्तव, मनीष जोशी, दीपक भंडारी, निशा बिष्ट, भारत भूषण, रमेश मेरी, पूरन रावत, नरेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

## एक नजर

### गोली चलाने में भाजपा विधायक के बेटे पर केस

**बेलगावी ।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में मंदिर में मेले के दौरान हवा में गोली चलाने के आरोप में भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री रमेश जारकीहोली के बेटे संतोष जारकीहोली के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना कथित तौर पर बेलगावी जिले के गोकक शहर में लक्ष्मी देवी मंदिर उत्सव के दौरान शनिवार को हुई। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो में संतोष भीड़ के बीच हवा में गोली चलाते हुए नजर आ रहे हैं। घटना के बाद गोकक टाउन पुलिस ने शनिवार को संतोष जारकीहोली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

### पंजाब: मजीठिया को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मोहाली की अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में रविवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मजीठिया को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदालत में पेश किया गया। सरकारी वकील फेरी सोफत और प्रीत इंद्रपाल सिंह ने अदालत की सुनवाई के बाद पत्रकारों से कहा कि मजीठिया को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और उन्हें नयी नाभा जेल में रखा जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।

### आप विधायक वसावा हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

**राजपीपला (गुजरात) ।** आप विधायक चैतर वसावा को नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा में तालुका पंचायत पदाधिकारी पर कथित हमले के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को वसावा के निर्वाचन क्षेत्र डेडियापाड़ा के अंतर्गत प्रांत कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि वसावा को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा नेता ने की हिंदी भाषियों पर हमले की निंदा

**मुंबई ।** हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा के बीच, महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने रविवार को पहलगाम हमले एवं मुंबई में हिंदुओं की पिटाई की तुलना करते हुए कहा कि कुछ नेताओं ने उसका समर्थन किया है। उद्धव और राज ठाकरे पर परोक्ष हमला करते हुए शेलार ने कहा कि राज्य देख रहा है कि कैसे कुछ नेता अन्य हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे हैं। वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी हिंदी भाषा को लेकर उपजे विवाद के आई है।

# जनहित को बनाएं कार्य संस्कृति का अंग

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सहकारी संगठनों के हितों को सर्वोच्च स्थान देने के लिए कहा

आणंद (गुजरात), एजेंसी



गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अमित शाह।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने को पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी "कार्य संस्कृति" में सर्वोच्च स्थान दें। सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर शाह ने यहां अमूल डेयरी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और सदस्यों (सहकारी क्षेत्र के किसानों और समितियों) को साथ रखना महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी के बिना सहकारी समितियां समृद्ध नहीं हो सकतीं। उन्होंने कहा, हमारे कार्यक्षेत्र में लोगों के हितों को केंद्र में रखना भी महत्वपूर्ण है। शाह ने सहकारी समितियों से इन तीन सिद्धांतों को अपनी कार्य संस्कृति में शामिल करते हुए जम्मू-कश्मीर से लेकर 'कामाख्या' (असम में एक मंदिर) और देश के हर गांव में इनका प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में नमक सहकारी समिति की शुरुआत सहित कार्यक्रम के दौरान शुरू की गई दस पहलों से अमूल की तरह एक मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, त्रिभुवन, पहले राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है और डेयरी क्षेत्र में तीन नयी राष्ट्रीय सहकारी समितियों का निर्माण किया गया है।

शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुखर्जी के बिना कश्मीर कभी भी भारत का अभिन्न अंग नहीं बन पाता। प. बंगाल के भारत का हिस्सा बनने का पूरा श्रेय मुखर्जी और स्वामी प्रणवानंद को जाता है। मुखर्जी (जो उद्योग मंत्री थे) ने तुष्टिकरण की नीति के विरोध में जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। जिस पार्टी जनसंघ की शुरुआत उन्होंने 10 सदस्यों के साथ की थी, वह आज 12 करोड़ सदस्यों वाली पार्टी बन गई है।

### शाह ने पांच पी पर ध्यान देने का किया आग्रह

शाह ने इस क्षेत्र से पांच 'पी' - 'पीपुल्स' (जनता), 'पीएसी', 'प्लेटफॉर्म' (मंच), 'पॉलिसी' (नीति) और 'प्रोस्पेरिटी' (समृद्धि) पर ध्यान देने का आग्रह किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चार साल पहले मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के मंत्र के साथ सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी थी, जिससे सहकारी व्यवस्था में नयी जान आई। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारी संस्था अमूल का वार्षिक कारोबार अगले साल 80,000 करोड़ रुपये से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

# सुना भेषा: 208 किलोग्राम के आभूषणों से सजाए जाएंगे भगवान जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी



भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को पहनाने के लिए सोने के आभूषण ले जाते सेवकजन।

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को रथों पर 'सुना भेषा' अनुष्ठान के दौरान 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजाया जाएगा। 'सुना भेषा', रथ यात्रा उत्सव का अभिन्न अंग है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने बताया कि देवताओं का 'सुना भेषा' अनुष्ठान भक्त शाम साढ़े 6 से रात 11 बजे तक देख सकते हैं।

मंदिर सूत्रों के अनुसार, देवताओं को 30 अलग-अलग डिजाइन के आभूषण पहनाए गए हैं, जिनमें सोना, हीरा, चांदी और अन्य कीमती धातु हैं। श्री जगन्नाथ संस्कृति के लेखक और शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया, शुरुआत में, 1460 में राजा कपिलेंद्र देब के काल में 138 डिजाइन के आभूषण पहनाये जाते थे। आज भी इस अनुष्ठान में 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों का प्रयोग जाता है। 'सुना भेषा' अनुष्ठान से जुड़े पुजारियों ने दावा किया कि राजा कपिलेंद्र देब के समय पहनाये जाने वाले आभूषणों का डिजाइन आज भी चलन में है। कुछ आभूषणों को फिर से बनाने की मांग की जा रही है क्योंकि भगवान के खजाने में पिछले कुछ वर्षों में भक्तों से लगभग 50 किलोग्राम सोना आया है।

### ड्रोन-एआई कैमरों से होगी निगरानी

ओडिशा पुलिस रविवार को सुना भेषा देखने के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पुरी आने के मद्देनजर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ड्रोन और एआई कैमरों का इस्तेमाल कर रही है। पुलिस ने लोगों से यातायात परामर्श का पालन करने को कहा है। एडीजी (यातायात) दयाल गंगवार ने कहा कि पुरी में बढ़ती वाहनों की संख्या पर ऐसे निर्णय लिए गए हैं।

# जब जनता का विरोध होता है तो भाजपा पीछे हट जाती है : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार के लोगों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश का लगाया आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भाजपा पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार के लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य के मतदाता लोकतंत्र और संविधान पर हमले के लिए भाजपा को सबक जरूर सिखाएंगे। खरगे ने निर्वाचन आयोग के नए विज्ञापन का हवाला दिया, जिसमें बिहार के मतदाताओं से एसआईआर के तहत केवल एक फॉर्म भरने का आग्रह किया गया है। खरगे ने आरोप लगाया कि जब जनता का विरोध सामने आता है, तो भाजपा बड़ी चालाकी से कदम पीछे खींच लेती है। खरगे ने एक्स पर कहा, निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में मताधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

# असाधारण मामलों में ही दें अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट ने कहा- कानून केवल उन लोगों की सहायता करता है जो कानून का पालन करते हैं

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का अधिकार एक असाधारण शक्ति है और इसका प्रयोग केवल असाधारण मामलों में ही किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी आशीष कुमार को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

कुमार पर संपत्ति विवाद मामले में चचेरे भाई पर हमला करने का आरोप है। न्यायमूर्ति ने कहा, कानून केवल उन लोगों की सहायता करता है जो कानून का पालन करते हैं। उन्होंने 1 जुलाई को आदेश में कहा, अग्रिम जमानत देने की शक्ति एक असाधारण शक्ति है और इसका प्रयोग केवल असाधारण मामलों में होना चाहिए, न कि सामान्य तौर पर। अर्जी में दावा था कि कुमार को उनके और शिकायतकर्ता के परिवार के बीच पुराने संपत्ति विवाद के कारण मामले में झूठे तरीके से फंसाया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि जांच में शामिल नहीं होने पर याचिकाकर्ता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा दायर की गई स्थिति रिपोर्ट से पता चला कि शिकायतकर्ता को चोटें आई थीं। न्यायाधीश ने कहा, कानून केवल उन लोगों की सहायता करता है जो कानून का पालन करते हैं। याचिका में दावा किया गया कि घटना शिकायतकर्ता द्वारा उकसाए जाने का परिणाम थी।

# पुराने वाहनों पर सुप्रीम कोर्ट से एक समान नियम की करेंगे मांग : रेखा

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करेगी कि वह मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए एक समान नियम लागू करने की अनुमति दे।

पिछले सप्ताह, दिल्ली सरकार ने केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग से मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध को स्थगित किये जाने का आग्रह किया था। सरकार ने कहा था कि सरकार तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर प्रतिबंध से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सभी संभव प्रयास करेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा को लिखे पत्र में कहा कि ईंधन पर प्रतिबंध व्यवहार्य नहीं है और तकनीकी चुनौतियों के कारण इसे लागू नहीं किया जा सकता।

# बिहार : मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण जारी

पटना, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसके आदेशानुसार किया जा रहा है और मसौदा सूची में उन मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिनके गणना फार्म प्राप्त हो गए हैं। निर्वाचन आयोग का यह बयान बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में 'बदलाव' के बारे में पोस्ट के बीच आया है, जिस पर विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध जताया है।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में स्पष्ट किया गया कि यह प्रक्रिया आयोग की अधिसूचना के अनुसार ही की जा रही है। सीईओ ने फेसबुक पर कहा, महत्वपूर्ण सूचना - विशेष गहन पुनरीक्षण बिहार में निर्वाचन आयोग के 24 जून 2025 के आदेश के अनुसार सुचारु रूप से हो रहा है। उस आदेश के अनुसार, एक अगस्त 2025 को जारी किए जाने वाले मसौदा मतदाता सूची में उन मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे, जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो गए हैं। सीईओ ने कहा, मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेजीकरण पूरा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं।

### आयोग के पुनरीक्षण के जरिए बिहार के बाद बंगाल निशाना : महुआ



**कोलकाता ।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण करने का आदेश आगामी विस चुनाव में वास्तविक मतदाताओं को मतदान से वंचित करने के लिए है और उसका अगला निशाना पश्चिम बंगाल होगा। मोइत्रा ने निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है। मोइत्रा ने कहा, निर्वाचन आयोग ने बिहार के युवा मतदाताओं को वंचित करने के लिए इसे पेश किया है।

## अमरनाथ यात्रा

### 7,200 श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना

**जम्मू ।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भारी बारिश के बीच रविवार तड़के 7,200 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। इस 38 दिवसीय तीर्थयात्रा में अब तक 50,000 से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भगवती नगर आधार शिविर से दो काफिलों में तड़के 3:35 से 4:15 बजे के बीच रवाना हुआ। इसमें 1,587 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र को लिखा पत्र चंद्रचूड़ से आवास खाली कराने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्धारित अवधि से अधिक समय से रह रहे हैं पूर्व सीजेआई

सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए कृष्ण मेनन मार्ग स्थित भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के आधिकारिक आवास को खाली कराने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है। उसने कहा है कि पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ निर्धारित अवधि से अधिक समय से रह रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को 1 जुलाई को भेजे गए पत्र में शीर्ष अदालत प्रशासन ने कहा कि भारत के वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के लिए निर्दिष्ट आवास - कृष्ण मेनन मार्ग पर बंगला नंबर 5 - को खाली कराया जाए और उसे अदालत के आवास पूल में वापस किया जाए। पत्र में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव से बिना देरी के पूर्व सीजेआई से बंगले का कब्जा लेने का अनुरोध है, क्योंकि उन्हें आवास आवंटन की दी अनुमति न केवल 31 मई को समाप्त हो गई बल्कि 2022 नियमों के तहत दी गई छह महीने की अवधि भी 10 मई को खत्म हो गई है। सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 3बी के तहत, सीजेआई सेवानिवृत्ति के बाद छह महीने तक टाइप 7 बंगला रख सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 50वें सीजेआई रहे, वह पद छोड़ने के आठ माह बाद भी सीजेआई के आवास में रह रहे हैं।

## कारोबार/कृषि

# भारत-रूस में विश्वास-समझ अनुकरणीय

## सीतारमण बोलीं- दोनों देशों में विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत व स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीतारमण ने रूस, चीन के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूसी और चीनी समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं और द्विपक्षीय सहयोग और हितों के मुद्दों पर चर्चा की। ये बैठकें रियो डी जेनेरियो में 'ब्रिक्स' देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान आयोजित की गईं।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ बैठक के दौरान सीतारमण ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार जताया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर अनुकरणीय है तथा हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और स्थिर बनी हुई है। दोनों पक्षों ने वित्तीय क्षेत्र में सहयोग के साथ-साथ नव विकास बैंक (एनडीबी) से संबंधित मामलों सहित द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर भी चर्चा की।

सीतारमण ने चीनी समकक्ष लैन फोआन के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने साझा समृद्ध मानव पूंजी, गहरे संबंधों और बढ़ते आर्थिक प्रभाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने सितंबर, 2024 में समरकंद में एआईआईबी की वार्षिक बैठकों के दौरान हुई अपनी पिछली बैठक को याद किया। सीतारमण ने रेखांकित किया कि भारत और चीन समावेशी वैश्विक विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए विशिष्ट स्थिति में हैं क्योंकि दोनों देश दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं।

### भारत इंडोनेशिया वार्ता की मेजबानी की करता है आशा

वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि दोनों देशों के बीच गहन सहयोग से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की आवाज को बढ़ाने में मदद मिलेगी, तथा वैश्विक आख्यानों को आकार देने में मदद मिलेगी, जो वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेंगे। इंडोनेशिया के उप वित्त मंत्री थॉमस दजिवांदोनो के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत शीघ्र ही इंडोनेशिया आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता की मेजबानी करने की आशा करता है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले के बाद इंडोनेशिया को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने ब्रिक्स, यूपीआई और रुपे, जी-20, एमडीबी सुधार, द्विपक्षीय व्यापार, पर्यटन, वित्तीय प्रौद्योगिकी और वित्तीय बाजारों पर भी चर्चा की। ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद के साथ द्विपक्षीय बैठक में उन्होंने द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

## बीआईटी को अंतिम रूप देने को कई देशों से बातचीत जारी

**नई दिल्ली ।** भारत एक दर्जन से अधिक देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। इन देशों में सऊदी अरब, कतर, इजरायल, ओमान, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, रूस और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा ताजिकिस्तान, कंबोडिया, उरुग्वे, मालदीव और कुवैत से भी बातचीत जारी है। बीआईटी से एक-दूसरे के देशों में निवेश की सुरक्षा और संवर्धन में मदद करती हैं। भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनने के करीब है। इसलिए सरकार निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठा रही है। अधिकारी ने कहा, उम्मीद है कि 3-6 महीनों में इनमें से कुछ देशों के साथ बीआईटी को अंतिम रूप दिया जाएगा और इसकी घोषणा की जाएगी।

# ईथेरियम: डिजिटल मुद्रा से कहीं आगे




ईथेरियम एक ओपन-सोर्स, ब्लॉकचेन-आधारित प्लेटफॉर्म है जिसे 2015 में विटालिक ब्यूटेरिन ने विकसित किया था। यह केवल क्रिप्टोकरेंसी नहीं है, बल्कि यह स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और विकेन्द्रीकृत ऐप्स को होस्ट करने वाला नेटवर्क भी है। बिटकॉइन के बाद ईथेरियम दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी डिजिटल करेंसी मानी जाती है। इसमें निवेशकों को उच्च रिटर्न की संभावना होती है, लेकिन अस्थिरता और नियामक जोखिम भी इसके साथ जुड़े हैं। इसके अनुप्रयोग वित्त, गेमिंग, रियल एस्टेट और एनएफटी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं।

### क्या है ईथेरियम

ईथेरियम एक विकेन्द्रीकृत ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म है जो यूजर्स को बिना किसी मध्यस्थ के स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और डिजिटल एप्लिकेशन बनाने और चलाने की सुविधा देता है। इसकी मूल करेंसी का नाम ईथर (ईटीएच) है। यह सिर्फ एक मुद्रा नहीं, बल्कि एक तकनीकी इकोसिस्टम है, जिसमें डेवेलपर्स अपनी इनोवेटिव एप्लिकेशन बना सकते हैं।

### कैसे करें निवेश

एक क्रिप्टो एक्सचेंज (जैसे वजीरएक्स, कॉइनडीसीएक्स, बाइनेंस) पर खाता बनाएं। केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें। अपने बैंक खाते से फंड जोड़ें। ईथर (ईटीएच) को एक्सचेंज पर खरीदें और डिजिटल वॉलेट में सुरक्षित रखें।

### निवेश के लाभ

- **उच्च संभावित रिटर्न :** 2015 के बाद से ईटीएच ने कई गुना रिटर्न दिए हैं।
- **स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स :** तकनीकी दृष्टिकोण से ईथेरियम की उपयोगिता अधिक है।
- **तकनीक :** वेब 3.0, एनएफटी और डीफाई सेक्टर में इसका वर्चस्व है।
- **लिक्विडिटी :** ईटीएच को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **अस्थिरता :** इसकी कीमतें बहुत तेजी से ऊपर-नीचे हो सकती हैं।
- **अनिश्चितता :** भारत सहित कई देशों में क्रिप्टो कानून अभी स्पष्ट नहीं हैं।
- **साइबर सुरक्षा :** निवेशक सुरक्षा नहीं करता, तो साइबर हमले हो सकते हैं।
- **जटिलता :** निवेशकों को इसकी तकनीकी समझ कठिन हो सकती है।

# चालू वित्त वर्ष में 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई भर्तियों में से 21,000 अधिकारी और बाकी लिपिक सहित अन्य कर्मचारी

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी बढ़ती कारोबारी जरूरतों और विस्तार के लिए चालू वित्त वर्ष में 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे। कई बैंकों से लिए आंकड़ों के अनुसार, कुल नई भर्तियों में से 21,000 अधिकारी होंगे और बाकी लिपिक (क्लर्क) सहित अन्य कर्मचारी होंगे।

सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से सबसे बड़ा ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस वित्त वर्ष में विशेषज्ञ अधिकारियों सहित 20,000 लोगों की नियुक्त करने जा रहा है। इस प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए, एसबीआई ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पहले ही 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती कर ली है। 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरने के इरादे से की गई है। पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारियों की संख्या में 5,500 से अधिक की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बैंक सेंट्रल, बैंक ऑफ इंडिया 4,000 कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। वित्त मंत्रालय ने बैंकों से कहा है कि वे परिचालन को और बढ़ाने के बाद अपनी अनुषंगी कंपनियों में निवेश का शेयर बाजारों में सूचीबद्धता के जरिये मौद्रीकरण करें।

## विकसित भारत के लिए सालाना 10% मूल्यानुसार जीडीपी वृद्धि की जरूरत

**नई दिल्ली ।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने कहा है कि सरकार के 2047 तक विकसित भारत के लिए सालाना 10 प्रतिशत की औसत मूल्यानुसार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर की जरूरत है। मूल्य आधार पर जीडीपी किसी देश में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है, जिसे वास्तविक जीडीपी के विपरीत, मुद्रास्फीति के समायोजन के बिना, वर्तमान बाजार मूल्यों का उपयोग करके मापा जाता है। मेमानी ने कहा कि भारत-अमेरिका में अंतरिम व्यापार समझौता, जिसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है तथा भारतीय कंपनियों को, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, बड़े बाजार तक पहुंच प्रदान करेगा। दोनों देशों में व्यापार समझौता प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अधिक संयुक्त उद्यमों और साझेदारी का रास्ता खोलेगा।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी



- अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के परिणाम भी करेंगे बाजार को प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से तय होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। ऐसे में यदि वार्ता के नतीजे सकारात्मक रहते हैं, तो बाजार की धारणा को बल मिल सकता है।

विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे और विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह 9 जुलाई को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि समाप्त हो रही है। घरेलू स्तर पर निवेशकों की निगाह आईटी कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की दिग्गज एवेन्यू सुपरमार्ट्स के तिमाही नतीजों पर रहेगी। वहीं, कई अन्य कंपनियों के भी नतीजे आएंगे। साथ ही ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी महत्वपूर्ण रहेगी। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली दो चीजों पर निर्भर करेंगी। एक भारत-अमेरिका में व्यापार समझौता व दूसरा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 70,325 करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली ।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह मूल्यवान कंपनियों की पूंजी में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन बढ़ा। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत घट गई।

## एक नजर



इंग्लैंड के बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन खेल के दौरान भारतीय प्रशंसक अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए। ● एजेंसी

### दीक्षा आयरिश ओपन में संयुक्त 53वें स्थान पर

**किल्डारे (आयरलैंड) :** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं। इंग्लैंड की एमेच्योर खिलाड़ी लोटी वोड ने तीसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से कुल सात शॉट की बढ़त बना ली है।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर पहुंचे

**रबात (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए। प्रतियोगिता कट में प्रवेश करने वाले एक अन्य भारतीय अजीतेश संधू 75 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 65वें स्थान पर है। इससे पहले खलिन जोशी (74–74), राशिद खान (77–72), एस चिक्कारंगप्पा (75–75), एसएसपी चौरसिया (74–76), युवराज संधू (76–74), राहिल गंगजी (75–75), विराज मडप्पा (78–76), करणदीप कोचर (78–80) और अमन राज (79–79) दूसरे दौर के बाद कट से बाहर हो गये थे।

### जायसवाल ने अपने प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे को बल्ला दिया

**बर्मिंघम :** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था। क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।

### कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो से हारे श्रीकांत

**ओंटारियो :** पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत को कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के विश्व नंबर 12 और तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो के खिलाफ 21–19, 14–21, 18–21 से हार गये। इसी के साथ ही भारत का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने निशिमोतो के खिलाफ भी शानदार शुरुआत की। एक समय 18–16 से पीछे होने के बावजूद श्रीकांत ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता। श्रीकांत ने दूसरे गेम की शुरुआत में ही 9–4 की बढ़त बना ली, लेकिन निशिमोतो ने 14–14 पर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार सात अंक जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिला।

## बर्मिंघम में भारत ने इंग्लैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 336 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

# शुभमन का शुभारंभ

**बर्मिंघम, एजेंसी**

आकाश दीप (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन रविवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में 271 रनों पर समेट कर मुकाबला 336 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स (सात) को आउटकर भारत सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद आकाश दीप ने जेमी स्मिथ को आउटकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। जेमी स्मथ ने 99 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए (88) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड का नौवां विकेट जॉश टंग (दो) के रूप में गिरा। रवींद्र जडेजा की गेंद पर सिराज ने मिडविकेट की ओर छलांग लगाकर टंग का कैच पकड़ा। 69वें ओवर की पहली गेंद पर आकाश दीप ने ब्राइडन कार्स (38) को आउटकर इंग्लैंड की दूसरी पारी को 271 के स्कोर पर अंत कर मुकाबला 336 रनों से जीत लिया। भारत को लंच से ठीक पहले वाशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स का विकेट दिलाया, जो भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।

इस सेशन की शुरुआत में पहले आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले। लेकिन उसके बाद स्टोक्स और स्मिथ के बीच 70 रनों की अच्छी साझेदारी हुई लेकिन लंच से ठीक पहले स्टोक्स आउट हो गए। इंग्लैंड ने कल के तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेला शुरु किया। इंग्लैंड ने महज आठ रन जोड़कर अपना चौथा विकेट ऑली पोप (24) के रूप में गंवा दिया। ऑली पोप को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद आकाश दीप ने 22वें ओवर में हैरी ब्रूक (23) को पगबाधा कर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। भारत को छठी सफलता वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान बेन स्टोक्स (33) को पगबाधा आउट कर दिलाई। भारत की ओर से आकाश दीप ने 21.1 ओवर में 99 रन देकर छह विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। वहीं इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये थे। भारत ने दूसरी पारी छह विकेट पर 427 के स्कोर पर घोषित कर दी थी।

### गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी : जोनाथन ट्रॉट

**बर्मिंघम, एजेंसी :** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जबरदस्त बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है कि गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा, "मैं ईमानदारी से यहां आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मुझे याद नहीं आता कि उसने इंग्लिश गेंदबाजों को एक भी मौका दिया हो। जिस तरह से उसने गियर बदला – अपनी मर्जी से छक्के लगाए – बिना किसी स्लोगन के, सिर्फ शुद्ध क्रिकेट शॉट, वह कुछ खास था। उसने दिखाया कि वह कितना संपूर्ण बल्लेबाज है। इसने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी – लगभग उस प्रतिभा की कार्बन कॉपी। मुझे नहीं लगता कि वह इस दौरे पर अपने पहले दो टेस्ट मैचों में इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना कर सकता था। निश्चित रूप से, वह हेडिंग्ले में जीतना चाहता था, लेकिन अब उम्मीद है कि वह यहां एक शानदार जीत दर्ज करेगा। 'मैच सेंटर लाइव' पर बोलते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने भी शुभमन गिल की शानदार पारी की भी प्रशंसा की शुभमन कभी भी कोई गलती नहीं कर सकते हैं।


आकाशदीप।

**06** विकेट


इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| भारत पहली पारी : | 587/10 |
| इंग्लैंड पहली पारी : | 407/10 |
| भारत दूसरी पारी: | 427/6 (पारी घोषित) |

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**271/10** (68.1 ओवर)

- बेन डकेट बो आकाश दीप 25
- जाक क्राउली का सब बो सिराज 00
- ओली पोप बो आकाश दीप 24
- जो रूट बो आकाश दीप 06
- हैरी ब्रुक पगबाधा बो आकाश दीप 23
- बेन स्टोक्स पगबाधा बो वाशिंगटन 33
- जैमी स्मिथ का वाशिंगटन बो आकाश दीप 88
- क्रिस वोक्स का सिराज बो कृष्णा 07
- ब्रायडन कार्स का गिल बो आकाश दीप 38
- जोश टंग का सिराज बो जडेजा 02
- शोएब बशीर नाबाद 12

गेंदबाजी : आकाश दीप 21.1–2–99–6, मोहम्मद सिराज 12–3–57–1, प्रसिद्ध कृष्णा 14–2–39–1, रविंद्र जडेजा 15–4–40–1, वाशिंगटन सुंदर 6–2–28–1

### मुझे भारतीय कप्तान से काफी प्रेरणा मिली : सूर्यवंशी

**नई दिल्ली :** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर–19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे। गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर–19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा। सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था।

# दीपिका मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह तीन बजकर 29 मिनट है।

इस पुरस्कार के लिए कुल तीन गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।



हॉकी की फॉरवर्ड खिलाड़ी दीपिका। ● एजेंसी

● **एफआईएच हॉकी प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ किया था जादूई गोल**

### महिलाओं की 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नए विश्व रिकॉर्ड

**यूजीन (अमेरिका) :** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58 .06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14 :00 .21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48 .68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### विश्व मुक्केबाजी कप

## साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना :** दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप - अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं।



# क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में भिड़ेंगे रियल मैड्रिड व पीएसजी ईस्ट

**रदरफोर्ड (अमेरिका), एजेंसी**

यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया।

डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए।


रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे (नीचे) ने बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में गोल करते हुए।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2029 और 2031 के लिए बोली लगाएगा भारत

**बेंगलुरु :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने रविवार को कहा कि भारत इस साल के अंत में प्रक्रिया शुरू होने पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2029 और 2031 दोनों सत्र की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा जिससे उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के किसी एक सत्र की मेजबानी मिलने की उम्मीद है। खेल की वैश्विक संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स सितंबर 2026 में 2029 और 2031 दोनों सत्र के मेजबान की घोषणा करेगी।

सदस्य देशों द्वारा मेजबानी रुचि व्यक्त करने की समय सीमा एक अक्टूबर 2025 है। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला ने पीटीआई को बताया हम 2029 और 2031 (चैंपियनशिप) के लिए रणनीतिक बोली लगाने जा रहे हैं। दोनों सत्र की मेजबानी एक साथ सौंपी जाएगी और जिस भी सत्र की मेजबानी हमें मिले वह ठीक है। उन्होंने कहा अब भी कुछ समय है (प्रक्रिया शुरू होने में)। हम बोलियां सौंपेंगे। सुमारिवाला शनिवार को दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा द्वारा अपनी मेजबानी में जीते गए एनसी क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले सत्र के लिए यहां आए थे। विश्व चैंपियनशिप के लिए शुरुआती आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल 2026 है। इच्छुक देशों को पांच अगस्त 2026 तक अंतिम बोली आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# जोकोविक ने विंबलडन में 100वीं जीत दर्ज की

**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की।

उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं। अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविक का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।


जीत का जश्न मनाते हुए नोवाक जोकोविक। ● एजेंसी

### माजचरजाक को हराकर खाचानोव क्वार्टर फाइनल में

**लंदन :** रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विंबलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6–4, 6–2, 6–3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज की चुनौती होगी। यूएस ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज ने अपने प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्पसन के चोट के कारण मुकाबला बीच में छोड़ने से क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। थॉम्पसन ने जब मुकाबले से हटने का फैसला किया उस समय फ्रिट्ज 6–1, 3–0 से आगे थे। फ्रिट्ज चार वर्षों में तीसरी बार विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## एशियाई पैरा चैंपियनशिप में हरविंदर ने दो स्वर्ण पदक जीते

**बीजिंग :** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर ने दो स्वर्ण पदक के साथ पदक की हैट्रिक पूरी की जिससे भारत रविवार को यहां बीजिंग 2025 एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप की पदक तालिका में मेजबान चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

चीन 10 स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुष रिकर्व क्वालीफाइंग दौर में 663 अंक के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहे हरविंदर ने इससे पहले भावना के साथ मिलकर रिकर्व ओपन मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरविंदर ने रिकर्व पुरुष ओपन खिताब भी जीता जिससे प्रतियोगिता में उनके नाम तीन पदक रहे। हरविंदर और भावना ने चीन के झिहान गाओ और जुन गेन को फाइनल में 5-4 (14-8) से हराकर खिताब जीता। गाओ शूट ऑफ में चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

# अपराध को नियंत्रित करने के लिए हमारे डेटाबेस का उपयोग करें राज्य: नैटग्रिड

- आतंकवादी गतिविधियों, गिरोहों, वित्तीय लेनदेन, आव्रजन, जाली मुद्रा आदि पर साझा करती है डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी



कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ खुफिया सेवाओं और जांच के लिए वास्तविक समय की जानकारी साझा करने वाले नैटग्रिड ने सभी राज्य पुलिस बलों से उसके साथ संपर्क बढ़ाने, अपराध नियंत्रण तथा आपराधिक गतिविधियों की जांच के लिए उसके डेटाबेस का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करने को कहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीधे अधीन कार्यरत नैटग्रिड अन्य जानकारी के अलावा, आतंकवादी गतिविधियों, संगठित आपराधिक गिरोहों, वित्तीय लेनदेन, आव्रजन, जाली मुद्रा और मादक पदार्थों के प्रचलन पर अपने डेटाबेस से वास्तविक समय की जानकारी 11 केंद्रीय एजेंसियों और सभी राज्य पुलिस बलों के साथ साझा करता है। नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष गोयल ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने बलों में नैटग्रिड के उपयोग को बढ़ाएं, ताकि सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हो सके तथा उन्हें समाधान का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पत्र में विशेष रूप से जिला एसपी को अपराध नियंत्रण और कानून प्रवर्तन पहलों में नैटग्रिड डेटाबेस के व्यापक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। गोयल ने पत्र में कहा, कृपया समय-समय पर अपनी बैठकों में इसकी समीक्षा करें।

नैटग्रिड समाधान में और अधिक सुविधाएं/कार्यक्षमताएं जोड़ने का काम जारी रखे हुए है तथा नियमित प्रशिक्षण/प्रतिक्रिया सत्र आयोजित कर रहा है। नैटग्रिड, जहां आवश्यक हो, पुलिस के लिए समर्पित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित कर सकता है। सहयोगात्मक प्रयासों से कई नए उपयोगकर्ताओं ने सक्रिय रूप से इस प्रणाली का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

# एआई के युग में हर हफ्ते तकनीक हो रही अपडेट : मोदी

## ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री बोले- 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते

रियो डी जिनेरियो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं, जहां वह 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा एआई के युग में, जहां हर हफ्ते तकनीक अपडेट होती है, यह स्वीकार्य नहीं है कि कोई वैश्विक संस्थान 80 साल में एक बार भी अपडेट न हो। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते।



ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ● एजेंसी

सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्रिक्स का विस्तार और नए मित्रों का जुड़ना इस बात का सबूत है कि ब्रिक्स एक ऐसा संगठन है जो समय के हिसाब से खुद को बदल सकता है। अब हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन और बहुपक्षीय विकास बैंकों जैसी संस्थाओं में सुधार के लिए भी यही इच्छाशक्ति दिखानी होगी। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी के शनिवार शाम गैलेओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर औपचारिक स्वागत किया गया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। रियो डी जिनेरियो में होटल पहुंचने पर मोदी का भारतीय समुदाय ने स्वागत कर भारत माता की जय के नारों से किया।

### वैश्विक कल्याण के लिए बड़ी ताकत बना हुआ है ब्रिक्स

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग और वैश्विक कल्याण के लिए एक बड़ी ताकत बना हुआ है। ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के कई शीर्ष नेता शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील के इस समुद्र तटीय शहर रियो डी जेनेरियो में एकत्र हुए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। सम्मेलन का आयोजन समूह के वर्तमान अध्यक्ष ब्राजील ने किया है।

## एक नजर

### यमन तट के निकट लाल सागर में जहाज पर हमला

**दुबई।** यमन तट के निकट लाल सागर में हथियारबंद व्यक्तियों ने रविवार को एक जहाज पर हमला किया। ब्रिटेन की समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हमले की जिम्मेदारी किसी समूह ने अभी नहीं ली है। यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने कहा कि जहाज पर तैनात एक सशस्त्र सुरक्षा टीम ने जवाबी हमला किया। इसने कहा, अधिकारी जांच कर रहे हैं।

### गाजा में हवाई हमलों में 38 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बला।** गाजा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 38 फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### प्रत्यर्पण संबंधी टिप्पणी को लेकर बिलावल की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को राजनीति में अपरिपक्व बताते हुए उनकी उस बयान के लिए आलोचना की है, जिसमें पीपीपी नेता (बिलावल) ने कहा था कि जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में पाकिस्तान को कोई आपत्ति नहीं है। पीटीआई के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पीपीपी नेता बिलावल राजनीति में अपरिपक्व हैं।

### रूस और यूक्रेन के बीच ड्रोन हमले, हवाई यात्रा बाधित

**कीव।** रूस और यूक्रेन ने रविवार को एक-दूसरे पर सैकड़ों ड्रोन से हमला किया, जिससे रूसी हवाई यातायात में व्यवधान उत्पन्न हो गया। यह हमला तीन साल से अधिक पुराने युद्ध में मॉस्को द्वारा सबसे बड़ा हवाई हमला करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। रूस के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग सहित अन्य रूसी हवाई अड्डों पर भीड़ देखी जा सकती है, क्योंकि शनिवार और रात को यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण सैकड़ों उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गईं।

# बड़े बदलाव से गुजर रहा परिवहन क्षेत्र

## गडकरी बोले- अगली पीढ़ी की योजना में हाइपरलूप, इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांसपोर्ट, केबल बस शामिल

रांची, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने देश में अगली पीढ़ी के परिवहन के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा तैयार की है। इसमें शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांसपोर्ट, हाइपरलूप और दुर्गम इलाकों में रोपवे, केबल बसें और फनिक्युलर रेलवे शामिल है। गडकरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत का परिवहन क्षेत्र एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है। इसमें ट्री बैंक, मोबाइल-आधारित ड्राइविंग परीक्षण और 11 प्रमुख वाहन विनिर्माताओं द्वारा फ्लेक्स-फ्यूल इंजन जैसी पहल पाइपलाइन में हैं।

इसके अलावा एजेंडा में 25,000 किलोमीटर के दो-लेन के राजमार्गों को चार लेन में बदलने, प्रमुख मार्गों पर एक इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क स्थापित करने और सड़क निर्माण को 100 किलोमीटर प्रति दिन तक बढ़ाना शामिल है। गडकरी ने कहा, हम नवोन्मेषण को बढ़ावा दे रहे हैं। जन परिवहन में में क्रांति चल रही है। भारत में यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इसके तहत न केवल महानगरों, बल्कि दूरदराज के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। हम केदारनाथ सहित 360 स्थानों पर रोपवे, केबल कार और फनिक्युलर रेलवे का निर्माण कर रहे हैं। इनमें से 60 परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। फनिक्युलर रेलवे एक ऐसी प्रणाली है जो लोगों और माल को कुशलतापूर्वक ऊपर और नीचे ले जाने के लिए लिफ्ट और रेलवे तकनीकों को जोड़ती है। ये विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में उपयोगी है। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं की लागत 200 करोड़ रुपये से लेकर 5,000 करोड़ रुपये तक है और एक बार पूरा हो जाने पर, ये भारत की सूरत बदल देंगी। सड़क परिवहन एवं मंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क बुनियादी ढांचा न केवल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा, बल्कि वृद्धि को गति देने और रोजगार सृजन में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि एक साल के भीतर हमारे राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के मानक और गुणवत्ता से मेल खाएंगे, जिसपर मैं लगातार जोर दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब महानगरों में केबल से चलने वाली बसें, इलेक्ट्रिक रैपिड मास ट्रांसपोर्ट बसें होंगी, जिनमें विमान जैसी सुविधाएं होंगी।



### विश्व युद्ध का खतरा जताया, महाशक्तियों की तानाशाही की आलोचना की

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्धों का हवाला देते हुए कहा कि महाशक्तियों की तानाशाही और निरंकुशता के कारण समन्वय, आपसी सद्भाव और प्रेम खत्म हो रहा है और दुनिया भर में संघर्ष का माहौल है। भारत को दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देने वाली बुद्ध की भूमि बताते हुए गडकरी ने अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं की समीक्षा और विचार-विमर्श के बाद भविष्य की नीति निर्धारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यहां बियॉन्ड बॉर्डर्स पुस्तक के विमोचन के अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि ये संघर्ष ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं जहां विश्व युद्ध कभी भी छिड़ सकता है। कहा कि युद्ध से संबंधित तकनीकी प्रगति भी मानवता की रक्षा करना कठिन बना रही है। युद्ध से संबंधित तकनीकी प्रगति मानवता की रक्षा करना भी कठिन बना रही है। इजराइल और ईरान के साथ-साथ रूस और यूक्रेन में युद्ध के बीच दुनिया भर में संघर्ष का माहौल है। स्थिति ऐसी है कि इन दो युद्धों की पृष्ठभूमि में कभी भी विश्व युद्ध होने की आशंका है। गडकरी ने कहा कि उन्नत तकनीक के कारण युद्ध के आयाम बदल गए हैं, मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग बढ़ रहा है, जिससे टैंक और अन्य प्रकार के विमानों की प्रासंगिकता कम हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, इन सबके बीच मानवता की रक्षा करना मुश्किल हो गया है।

### फ्लेक्स-ईंधन इंजन वाहन बनाने पर सहमत कंपनियां

गडकरी ने कहा कि दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए मेट्रिनो पॉड टैक्सी, हाइपरलूप प्रणाली और पिलर-आधारित मास रैपिड ट्रांसपोर्ट जैसी पायलट परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। प्रौद्योगिकी और निवेशक दोनों आ रहे हैं। यह एक क्रांति होगी। मंत्री ने कहा, टाटा, टोयोटा, हुंदै और महिंद्रा सहित 11 कंपनियों ने फ्लेक्स-ईंधन इंजन वाहन बनाने पर सहमति व्यक्त की है। इससे ईंधन आयात कम होगा और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता भी कम होगी। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन पारंपरिक इंजन से लैस होते हैं जो एक से अधिक ईंधन पर चल सकते हैं।

### पिछले 11 सालों में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 60% बढ़ी

उन्होंने कहा कि 2013-14 में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 91,287 किलोमीटर थी। आज यह 60 प्रतिशत बढ़कर 1,46,204 किलोमीटर हो गई है। राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर की लंबाई 2014 के 93 किलोमीटर से बढ़कर वर्तमान में 2,474 किमी हो गई है। कहा कि हम राजमार्गों के किनारे 20-25 करोड़ पेड़ लगाने की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य पुराने पेड़ों को प्रत्यारोपित करना और हर एक पेड़ काटने पर पांच नए पेड़ लगाना है। पर्यावरण मंत्रालय के साथ ट्री बैंक के लिए बातचीत अंतिम चरण में है और मंजूरी मिल जाने के बाद इसपर पूर्ण रूप से काम शुरू हो जाएगा।

# राफेल की बिक्री प्रभावित करने को चीन ने किया दूतावासों का इस्तेमाल : फ्रांस

- भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बाद विमान की प्रतिष्ठा व बिक्री को नुकसान पहुंचाने की मांशा

पेरिस, एजेंसी



चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि इस विमान की प्रतिष्ठा व बिक्री को नुकसान पहुंचाया जा सके। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला है।

फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए अभियान चलाया। फ्रांसीसी सेना के अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए रिपोर्ट एपी के साथ साझा की। सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता तब से इस बात का ब्योरा जुटा रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य उपकरण विशेष रूप से युद्धक विमान और मिसाइलें - भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों को भेदने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन कर रहे थे। फ्रांस राफेल के खिलाफ कथित दुष्प्रचार अभियान से लड़ रहा है।

### पाकिस्तान ने तीन विमान गिराने का किया था दावा

पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने सैन्य संघर्ष के दौरान पांच भारतीय विमानों को मार गिराया, जिनमें तीन राफेल भी शामिल थे। फ्रांसीसी अधिकारियों का कहना है कि इससे उन देशों की ओर से राफेल के प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे, जिन्होंने फ्रांसीसी निर्माता दसॉ एविएशन से लड़ाकू विमान खरीदे हैं। भारत ने विमान के नुकसान की बात स्वीकार की, लेकिन यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे हैं। फ्रांसीसी वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने कहा कि उन्होंने तीन भारतीय विमानों को क्षति होने की ओर इशारा करते हुए सबूत देखे हैं। इनमें एक राफेल, एक रूस निर्मित सुखोई और फ्रांस निर्मित एक मिराज 2000 विमान शामिल है।

# युद्ध के बाद खामेनेई पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए

- इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन चले युद्ध के बाद एक शोक समारोह में लिया भाग

तेहरान, एजेंसी



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन जारी रहे युद्ध के बाद शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए और उन्होंने आशुरा की पूर्व संध्या पर एक शोक समारोह में भाग लिया।

ईरान और इजराइल के बीच हुए युद्ध के दौरान खामेनेई के सामने नहीं आने से ऐसे संकेत मिले कि ईरान के सर्वोच्च नेता किसी बंकर में छिपे हैं। हालांकि, सरकारी मीडिया ने अपनी किसी भी खबर में यह पुष्टि नहीं की थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर उन्हें नारे लगाती भीड़ की ओर हाथ हिलाते और सिर हिलाते हुए दिखाया गया। भीड़ उस वक्त उत्साहित हो गई जब उसने खामेनेई को राजधानी तेहरान में अपने कार्यालय और आवास के पास स्थित एक मस्जिद में प्रवेश करते देखा। इस दौरान संसद के अध्यक्ष जैसे शीर्ष नेता मौजूद थे, आमतौर पर ऐसे आयोजन कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित किए जाते हैं। ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी करके अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 86 वर्षीय खामेनेई को चेतावनी दी थी और कहा था कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता कहां हैं लेकिन उसकी उन्हें मारने की कोई योजना नहीं है।

# अब अभिनय की दुनिया से जुड़ेंगे पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तमिल फिल्म के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। निर्माण कंपनी ड्रीम नाइट स्टोरीज भी इससे फिल्म निर्माण में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि सुरेश रैना उनके आगामी प्रोजेक्ट से जुड़ रहे हैं। रैना ने भी यह पोस्ट अपने आधिकारिक हैंडल पर साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, चिन्ना थाला सुरेश रैना का डीकेएसप्रोडक्शन में स्वागत है। तमिलनाडु में रैना को क्रिकेट प्रशंसक 'चिन्ना थाला' कहकर पुकारते हैं। वीडियो में रैना को एक स्टेडियम में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जहां प्रशंसक उनका स्वागत कर रहे हैं। डी. सरवण कुमार द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन लोगन करेंगे।

## मंडी में बदतर हालात



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मचने के कारण 14 लोगों की मौत हो गई है और 31 लापता लोगों की तलाश जारी है। मंडी जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में क्षतिग्रस्त घरों के पास मलबा और दरारें। एजेंसी

# बिना ट्रेड लाइसेंस या संपत्ति खरीद के मिलेगा यूएई का गोल्डन वीजा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार ने नामांकन पर आधारित एक नए प्रकार का गोल्डन वीजा शुरू किया है जिसमें कुछ शर्तें होंगी जो दुबई में संपत्ति या व्यवसाय में बड़ी मात्रा में निवेश करने की वर्तमान प्रक्रिया से अलग हैं। भारतीयों के लिए अबतक दुबई का गोल्डन वीजा पाने का एक तरीका यह था कि संपत्ति में निवेश किया जाए, जिसका मूल्य कम से कम 4.66 करोड़ रुपये हो या देश में व्यापार में बड़ी राशि का निवेश किया जाए। लाभार्थियों और प्रक्रिया में शामिल लोगों ने बताया कि नई नामांकन-आधारित वीजा नीति के तहत भारतीय अब लगभग 23.30 लाख रुपये का शुल्क देकर आजीवन यूएई के गोल्डन वीजा का लाभ उठा सकेंगे। तीन महीने में 5,000 से अधिक भारतीय इस नामांकन-आधारित वीजा के लिए आवेदन करेंगे।

# किसानों को क्लाइमेट चेंज से निपटने में सक्षम बनाने को 75 अरब डॉलर की जरूरत

- अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष के अध्यक्ष अल्वारो लारियो ने यह बात कही
- कहा- ग्रामीण क्षेत्रों में वित्त पहुंचाना दुनियाभर में और भारत में ग्रामीण समुदायों के लिए एक गंभीर चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में छोटे किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में सक्षम बनाने के लिए लगभग 75 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष अल्वारो लारियो ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्त पहुंचाना दुनियाभर में और भारत में ग्रामीण समुदायों के लिए एक गंभीर चुनौती है।

लारियो ने कहा कि भारत में आईएफएडी के लिए तीन बड़े सवाल हैं, हम किसानों के लिए कृषि को अधिक लाभदायक कैसे बना सकते हैं, हम उत्पादकता को कैसे बढ़ा सकते हैं जबकि हम जलवायु झटकों से निपट रहे हैं और हम खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर कैसे बढ़ सकते हैं। वैश्विक खाद्य संकट के जवाब में 1977 में स्थापित आईएफएडी एक विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है। यह ग्रामीण समुदायों में भुखमरी और गरीबी से निपटता है। ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर छोटे और सीमांत किसानों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में पूछने पर लारियो ने कहा कि यह एक प्रमुख चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, छोटे किसानों को कई तरह के जलवायु झटकों से निपटने के लिए कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है। वित्त वर्ष 2015-16 की 10वीं कृषि जनगणना के अनुसार, दो हेक्टेयर से कम भूमि वाले छोटे और सीमांत किसान भारत के सभी किसानों का 86.2 प्रतिशत हैं, लेकिन उनके पास खेती की केवल 47.3 प्रतिशत भूमि है। उन्होंने कहा, भारत के मामले में हम मौसमी जल की कमी, बढ़ते तापमान, अधिक बार सूखे को देख रहे हैं। इसलिए ऐसे कई निवेश हैं जो वास्तव में वैश्विक स्तर पर इन छोटे किसानों की मदद कर सकते हैं।

**समारोह** वैश्विक नेताओं ने दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर दी बधाई

# दलाई लामा ने जन्मदिन पर तिब्बतियों के प्रति समर्थन दोहराया

वाशिंगटन/धर्मशाला, एजेंसी

वैश्विक नेताओं ने रविवार को दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई दी और तिब्बती लोगों के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, अमेरिका परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देता है। रुबियो ने कहा, अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों व मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

चीन को झटका देते हुए, रुबियो ने तिब्बतियों के अपने धार्मिक नेता चुनने के अधिकार का भी समर्थन किया। चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। रुबियो ने 'एक्स' पर भी दलाई लामा को शुभकामनाएं दीं।

दलाई लामा मंदिर त्सुगलागखांग' के मुख्य प्रांगण में रविवार सुबह भारी बारिश के बावजूद 14वें दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाने के लिए हजारों लोग एकत्र हुए। उनके जन्मदिन पर विभिन्न तिब्बती बौद्ध संप्रदायों के प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, विभिन्न देशों के नर्तकों और गायकों तथा दुनिया भर से बौद्ध धर्मावलंबियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत और अन्य देशों के नेता और वैश्विक हस्तियां शामिल हुईं, तथा कई ने अपने संदेश भेजे। समारोह में अमेरिका के तीन पूर्व राष्ट्रपतियों बराक ओबामा, बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्ल्यू बुश के वीडियो संदेश भी प्रसारित किए गए। बिल क्लिंटन ने कहा, मैं बेहतर, दयालु व अधिक करुणामय दुनिया बनाने के आपके प्रयासों के लिए आभारी हूं।



मैक्लोडगंज स्थित मुख्य दलाई लामा मंदिर में उनके 90वें जन्मदिन के अवसर पर हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे ने बधाई दी। एजेंसी

### 1959 में नेहरू से हुई मुलाकात को याद किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के मौके पर रविवार को 1959 में मसूरी में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ उनकी चार घंटे तक हुई बातचीत को याद किया। रमेश ने कहा कि नेहरू से मुलाकात के बाद दलाई लामा पूरे देश के दौरे पर रवाना हुए थे। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दलाई लामा आज 90 वर्ष के हो गए। वह बुद्ध के 2500वें जयंती समारोह के लिए नवंबर 1956 से मार्च 1957 के बीच पहली बार भारत आए थे। उन्होंने 31 मार्च, 1959 को स्थायी रूप से भारत में रहना शुरू किया। रमेश ने कहा, 24 अप्रैल, 1959 को जवाहरलाल नेहरू और दलाई लामा के बीच मसूरी में चार घंटे तक बातचीत हुई थी।